RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 102
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 17 फरवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर



श्रेयस कोलकाता नाइट राइडर्स के नए कप्तान नियुक्त
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# यूक्रेन से अपने नागरिकों को वापस लाएगा भारत

● दोनों देशों के बीच उड़ानों की संख्या बढ़ाने के लिए विभिन्न एयरलाइंस के साथ चल रही बातचीत

● फंसे हैं बीस हजार छात्र, विदेश मंत्रालय ने कहा- घबराएं नहीं, दूतावास को दें अपनी सूचना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**रूस** के साथ तनावपूर्ण स्थिति के मद्देनजर पूर्वी यूरोपीय देश यूक्रेन में मौजूद 20,000 छात्रों समेत अपने तमाम नागरिकों को वहां से निकलने की सुविधा देने के लिए केंद्र सरकार भारत और यूक्रेन के बीच उड़ान सेवाएं बढ़ा सकती है। उड़ानों की संख्या कैसे बढ़ाई जाए, इसे लेकर नागर विमानन प्राधिकरण और विभिन्न एयरलाइंस के बीच बातचीत चल रही है।

यूक्रेन और रूस के बीच जारी तनाव और सैन्य टकराव की आशंका के कारण हवाई किराए में बेतहाशा वृद्धि हो गई है। इसके बावजूद सीटें भी उपलब्ध नहीं हैं। यूक्रेन में भारतीय दूतावास ने मंगलवार को अपने छात्रों को अनिश्चितताओं के कारण देश छोड़ने की सलाह दी है। साथ ही, भारतीय नागरिकों से आग्रह किया गया कि वे फिलहाल यूक्रेन की यात्रा करने से परहेज करें। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को दिल्ली में कहा कि माता-पिता की चिंताओं को देखते हुए भारत और यूक्रेन के बीच उड़ानों की संख्या बढ़ाने के तरीकों पर नागरिक उड्डयन अधिकारियों और विभिन्न एयरलाइनों के साथ चर्चा चल रही है। कीव में भारतीय दूतावास नियमित आधार पर घटनाक्रम की निगरानी कर रहा है। अभिभावकों की मांग है कि उनके बच्चों को एयरलिफ्ट कर जल्द से जल्द घर लाया जाए। सूत्रों ने कहा कि यूक्रेन में भारतीय नागरिकों और भारत में उनके परिवारों के सवालों का जवाब देने के लिए दूतावास के साथ-साथ विदेश मंत्रालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जा रहे हैं। भारत ही नहीं, कई अन्य देशों ने भी यूक्रेन में अपने नागरिकों को जल्द से जल्द लौटने के लिए कहा है।

कुछ देशों को डर है कि पूर्वी यूरोप में युद्ध के परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर शरणार्थी संकट खड़ा हो सकता है। शिवसेना की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने यूक्रेन से भारतीयों, विशेषकर छात्रों को निकालने में मदद करने के लिए सरकार से अपील की है। चतुर्वेदी ने ट्वीट कर कहा कि अस्थायी रूप से स्वदेश लौटने की केंद्र सरकार की सलाह के बाद छात्रों को यूक्रेन छोड़ने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बुक की गई उड़ानें रद्द की जा रही हैं, जबकि कई अन्य घर वापसी का टिकट लेने में असमर्थ हैं, क्योंकि हवाई टिकट की कीमतें बढ़ रही हैं। भारतीय दूतावास की ओर से मंगलवार को जारी एडवाइजरी में कहा गया कि यूक्रेन में मौजूदा स्थिति की अनिश्चितता को देखते हुए यूक्रेन में भारतीय नागरिक, खासकर ऐसे छात्र, जिनका रुकना जरूरी नहीं है, अस्थायी तौर पर वहां से जाने पर विचार कर सकते हैं।

इसमें भारतीयों से यूक्रेन में उनकी उपस्थिति की स्थिति के बारे में दूतावास को सूचित करने का भी आग्रह किया गया, ताकि जरूरत पड़ने पर दूतावास उनसे संपर्क कर सके। भारत ने अब तक मौजूदा संकट पर टिप्पणी करने से परहेज किया है और निरंतर राजनयिक प्रयासों के माध्यम से यूक्रेन में स्थिति के शांतिपूर्ण समाधान के लिए जोर दिया है। यूक्रेन में सहायता और जानकारी के लिए प्रभावित लोग विदेश मंत्रालय से संपर्क कर सकते हैं। मंत्रालय ने यूक्रेन स्थित भारतीय दूतावास में चौबीसों घंटे सक्रिय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया ( शेष पेज 9 )

### दिल्ली में नियंत्रण कक्ष के नंबर,ई-मेल

1800118797 ( टोल फ्री )
फ़ोन: +91 1123012113, +91 1123014104, +91 1123017905
फैक्स : +911123088124
ईमेल : situationroom@mea.gov.in
यूक्रेन में हेल्पलाइन नंबर: +380 997300428, +380 997300483
ईमेल : cons1.kyiv@mea.gov.in
वेबसाइट : eoiukraine.gov.in

# भाजपा सरकार होने का मतलब गुंडाराज पर नियंत्रण: मोदी



**पायनियर समाचार सेवा।** सीतापुर

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार होने का मतलब दंगा राज, माफिया राज और गुंडाराज पर नियंत्रण है। प्रधानमंत्री मोदी ने सीतापुर जिले की महोली, सीतापुर, हरगांव, लहरपुर, बिसवां, सेवता, महमूदाबाद, सिधौली और मिश्रिख विधानसभा क्षेत्रों के लिए भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन में यहां मिलिट्री ग्राउंड में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, आपका ए उत्साह बता रहा है कि यूपी में चुनाव के अगले पांच चरणों में भाजपा का ही परचम लहराएगा।

मोदी ने गरीबों से अपना रिश्ता जोड़ते हुए कहा, मैंने गरीबी के भाषण नहीं सुने, मैं गरीबी जीकर आया हूं। गरीब की जिंदगी क्या होती है, उससे गुजरकर आपके बीच पहुंचा हूं। मोदी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों की सराहना करते हुए कहा, अगर कोई त्यौहार बिना कर्फ्यू के निकल जाता था तो लोग राहत की सांस लेते थे, अब योगी जी की सरकार यूपी के लोगों को इन दंगाइयों, अपराधियों से मुक्ति दिलाने का काम कर रही है, इसलिए आज पूरा यूपी कह रहा है कि जो कानून का राज लाए हैं, हम उनको लाएंगे। मोदी ने दावा किया कि यूपी का विकास वे लोग नहीं कर सकते जो दंगाइयों, गुंडों और माफिया को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश के जागरूक लोग इस बात को भलीभांति जानते हैं इसलिए यूपी के लोग जी जान से कह रहे हैं कि आएगी तो भाजपा ही, आएंगे तो योगी ही लेकिन आपको एक बात का ध्यान रखना है कि ये दंगावादी आप लोगों को बांटने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं लेकिन आपको एकजुट रहना है, एकजुट होकर मतदान करना है, याद रखिए पहले मतदान, कमल निशान, फिर दूसरा कोई काम। मोदी ने कहा कि आपको चाहिए सुरक्षा, सुरक्षित जीवन होना चाहिए और जब कानून का राज नहीं होता तो सबसे ज्यादा पिसना गरीब ( शेष पेज 9 )

## तीसरे चरण का चुनावी रण यादव बहुल क्षेत्रों में होगा

● भाजपा पर पिछला प्रदर्शन दोहराने का दबाव, सपा पाना चाहेगी खोई जमीन

● अखिलेश के कारण करहल सीट पर होगी सबकी नजर

**वीरेंद्र नाथ भट्ट।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश का चुनाव तीसरे चरण में प्रवेश कर गया है, जहां वोटों के लिए घमासान यादव बहुल क्षेत्र में होगा। इस चरण में पश्चिमी यूपी, बुंदेलखंड और अवध के 16 जिलों की 59 विधानसभा सीटों पर 20 फरवरी को मतदान होगा। सबकी नजर करहल विधानसभा सीट पर रहेगी, जहां से पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव चुनाव मैदान में उतरे हैं। तीसरे चरण में पश्चिमी यूपी के पांच जिले फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, कासगंज, हाथरस व अवध क्षेत्र के छह जिले-कानपुर, कानपुर देहात, औरैया, कन्नौज, इटावा, फर्रुखाबाद और बुंदेलखंड क्षेत्र के पांच जिले-झांसी जालौन ललितपुर हमीरपुर महोबा शामिल हैं।

अखिलेश यादव के लिए तीसरे चरण का चुनाव अपनी ताकत दिखाना होगा। दिलचस्प बात यह है कि 2017 में, भाजपा ने न केवल बुंदेलखंड क्षेत्र की सभी 19 सीटों पर जीत हासिल की, बल्कि यादवों के गढ़ में भी बड़ी सेंध लगाने में कामयाबी हासिल की, जिसे समाजवादी पार्टी ने 2012 में जीता था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जैसे शीर्ष नेता यादव गढ़ में प्रचार कर रहे हैं, जहां से मुलायम सिंह और परिवार के दो अन्य सदस्य सांसद रहे हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव गुरुवार को इस क्षेत्र में प्रचार करेंगे और करहल विधानसभा क्षेत्र मैनपुरी, फिरोजाबाद, टूंडला, मैनपुरी और इटावा में कई जगहों पर चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। इस क्षेत्र से सपा ने 2012 के विधानसभा चुनाव में 59 में से 37 सीटों पर जीत हासिल की थी। हालांकि, 2017 के चुनावों में इस क्षेत्र की राजनीति ने एक नया मोड़ तब लिया जब यादव-प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में भाजपा को भारी वोट मिले। भाजपा ने 59 में से 49 सीटें जीतीं जबकि सपा को केवल 9 सीटों से संतोष करना पड़ा। कांग्रेस को एक मिली जबकि बसपा को यहां से एक भी सीट नहीं मिली।

यादव पट्टी में अखिलेश और भाजपा दोनों की असली परीक्षा होगी। जहां भाजपा 2017 में हासिल की गई अधिकांश सीटों पर कब्जा करना चाहेगी, वहीं समाजवादी पार्टी अपनी खोई ताकत फिर से पाने की कोशिश करेगी। इस क्षेत्र में अखिलेश यादव (करहल) और उनके चाचा शिवपाल यादव (जसवंतनगर) दोनों के निर्वाचन क्षेत्र हैं। यादवों का गढ़ कहा जाने वाला फिरोजाबाद, कासगंज, एटा, मैनपुरी, फर्रुखाबाद, कन्नौज और औरैया ने ( शेष पेज 9 )

# जेईई-नीट परीक्षा की कोचिंग निशुल्क कर सकेंगे सभी छात्र

● अभी तक आरक्षित वर्ग व गरीब छात्रों के लिए ही थी सुविधा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रीय** राजधानी के सरकारी स्कूलों से अब बड़ी संख्या में पैरामेडिकल, डॉक्टर, इंजीनियर बनेंगे। दिल्ली सरकार स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को विश्वस्तरीय शिक्षा मुहैया कराकर उनके सपनों को पंख लगाएगी। सरकार ने इंजीनियरिंग और मेडिकल क्षेत्र में सरकारी स्कूलों के बच्चों की पहुंच को बढ़ाने के लिए महत्वाकांक्षी परियोजनाओं की शुरुआत की है।

इसी दिशा में शिक्षा निदेशालय ने जेईई, नीट, पैरामेडिकल जैसे टेक्निकल एजुकेशन कोर्सेज के प्रवेश परीक्षा के लिए छात्रों को तैयारी करने के लिए इस क्षेत्र की विशेषज्ञ संस्था अवंती फेलोज के साथ समझौता किया है। इस परियोजना के तहत पहले साल में एक टेस्ट के माध्यम से कक्षा 11वीं-12वीं के 6 हजार बच्चों को चुना जाएगा। इसके बाद विभिन्न प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए कोचिंग, टेस्ट सीरीज, परीक्षाओं के लिए जरूरी मदद और तैयारी के दौरान नियमित रूप से मेंटरिंग और मार्ग दर्शन करेगी। उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने इस परियोजना की जानकारी देते हुए बुधवार को बताया कि बहुत से बच्चों का यह सपना होता है की वे बेहतरीन मेडिकल या इंजीनियरिंग संस्थाओं से उच्च शिक्षा प्राप्त करें और डॉक्टर-इंजिनियर बनें। लेकिन उनके माता-पिता कोचिंग संस्थानों की महंगी फीस नहीं दे पाते है।

कुछ परिवार तो इस सपने को पूरा करने के लिए अपना पेट काटकर भी बच्चों के प्रवेश परीक्षा की कोचिंग के लिए महंगी फीस भरते है। लेकिन अब एंट्रेंस एग्जाम की तैयारियों के लिए मुफ्त कोचिंग दी जाएगी। वर्तमान में स्कूलों में 11वीं-12वीं कक्षाओं में 30 हजार से अधिक बच्चे विज्ञान पंजीकृत हैं। फ्री टेस्ट प्रीप्रेशन कार्यक्रम इन स्टूडेंट्स को इंजीनियरिंग, एमबीबीएस, बीडीएस, फार्मेसी, नर्सिंग, पैरामेडिकल कोर्सेज, रिसर्च प्रोग्राम और टीचिंग डिग्री से लेकर स्टेम में टॉप ग्रेजुएट प्रोग्राम और डिप्लोमा कोर्सेज में एडमिशन लेने में मदद करेगा।

# केंद्र ने राज्यों से कोरोना की अतिरिक्त पाबंदियों की समीक्षा करने को कहा

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्र** ने राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से, अपने-अपने क्षेत्रों में कोरोना वायरस संक्रमण के नए मामलों और संक्रमण दर पर विचार करने के बाद कोविड-19 की अतिरिक्त पाबंदियों की समीक्षा करने, संशोधन करने या उन्हें हटाने को कहा है। सरकार ने मामलों में राष्ट्रव्यापी कमी की सतत प्रवृत्ति का जिक्र करते हुए यह कहा। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे एक पत्र में कहा कि भारत में कोविड-19 महामारी 21 जनवरी से सतत रूप से घटने की प्रवृत्ति प्रदर्शित कर रही है।

पिछले हफ्ते औसत दैनिक मामले 50,476 थे और पिछले 24 घंटे में 27,409 नए मामले सामने आए। दैनिक संक्रमण दर मंगलवार को घट कर 3.63 प्रतिशत रह गई। भूषण ने कहा कि शुरूआती महीनों में, अधिक मामले सामने आने के मद्देनजर कुछ राज्यों ने अपनी सीमाओं और हवाईअड्डों पर अतिरिक्त पाबंदियां लगाई थीं। उन्होंने पत्र में कहा कि कोविड-19 जन स्वास्थ्य चुनौती से प्रभावी रूप से निपटने के साथ-साथ यह भी समान रूप से महत्वपूर्ण है कि लोगों का आवागमन और आर्थिक गतिविधियां राज्य स्तर पर लगाई गई अतिरिक्त पाबंदियों के चलते प्रभावित नहीं हों।

भूषण ने कहा, वर्तमान में, चूंकि पूरे देश में संक्रमण के मामले घटने की प्रवृत्ति प्रदर्शित हो रही है, ऐसे में यदि राज्याकेंद्र शासित प्रदेश अतिरिक्त पाबंदियों की समीक्षा/संशोधन करते हैं या उन्हें हटाते हैं तो यह उपयोगी होगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने विदेशों से आने वाले यात्रियों के लिए 10 फरवरी को अपने दिशानिर्देश संशोधित किए थे। भूषण ने कहा कि राज्य और केंद्र शासित प्रदेश मामलों में कमी या वृद्धि तथा दैनिक आधार पर संक्रमण के प्रसार की प्रवृत्ति की निगरानी जारी रखें। उन्होंने पत्र में कहा, मैं आश्वस्त हूं कि आपके नेतृत्व में राज्य और केंद्र शासित प्रदेश कोविड-19 ( शेष पेज 9 )

# दंगों की जांच के लिए गृहमंत्री ने थपथपाई दिल्ली पुलिस की पीठ

● सर्वश्रेष्ठ थानों को किया पुरस्कृत, 62 पुलिसकर्मियों को गैलेंटरी, अतिविशिष्ट सेवा मेडल, विशिष्ट सेवा मेडल और जीवन रक्षक पदक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तर पूर्वी दिल्ली में दंगों की जांच के लिए दिल्ली पुलिस की पीठ थपथपाई है। साथ ही कहा कि दिल्ली पुलिस ने न सिर्फ कोविड-19 महामारी के दौरान असाधारण काम किया है बल्कि इस दौरान आतंकवादी हमलों के कई प्रयासों को भी विफल किया है।

दिल्ली पुलिस के 75वें स्थापना दिवस परेड को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि पुलिस बदलती चुनौतियों से निपटने के लिए रोडमैप तैयार करे। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने उत्तर पूर्वी दिल्ली में दंगों और कोरोना वायरस महामारी के दौरान कठिन परिश्रम किया। जिस प्रकार उसने दंगा मामले की सख्त और निष्पक्ष जांच की और दंगाइयों को अदालत में पेश किया, उसके लिए ( शेष पेज 9 )



दिल्ली पुलिस के 75वें स्थापना दिवस परेड समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,996 | ↓ 145 | |
| निफ्टी | 17,322 | ↓ 30 | |
| सोना | 49,254 | | /10g |
| चांदी | 63,157 | ↑ 332 | /kg |

### क्विक न्यूज

**एबीजी शिपयार्ड के विरुद्ध मनी लांड्रिंग मामला दर्ज**

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बैंकों के समूह के साथ 22,842 करोड़ रुपए से अधिक की कथित धोखाधड़ी मामले में एबीजी शिपयार्ड लि., उसके पूर्व प्रवर्तकों के साथ अन्य के खिलाफ मनी लांड्रिंग का आपराधिक मामला दर्ज किया है। सीबीआई के कथित तौर पर देश के सबसे बड़े बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद यह कदम उठाया गया है। सीबीआई की शिकायत और फॉरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट देखने के बाद ईडी ने धन शोधक निरोधक कानून की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) विशेष रूप से बैंक ऋण की कथित हेराफेरी, लोगों के पैसे को लूटने के लिए मुखौटा कंपनियों के गठन तथा कंपनी के अधिकारियों और अन्य की भूमिका पर गौर करेगा।

# बाइक पर बच्चों के लिए जरूरी होगा हेलमेट और सुरक्षा कवच

● सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने चार साल से कम उम्र के बच्चों के लिए जारी की अधिसूचना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुरक्षा** के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए मोटरसाइकिल पर चार साल से कम उम्र के बच्चों के लिए केंद्र ने क्रैश हेलमेट और सुरक्षा कवच (हार्नेस) अनिवार्य कर दिया है। इसके साथ ही ऐसे दोपहिया वाहनों की गति 40 किमी प्रति घंटे से अधिक नहीं होनी चाहिए। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने बुधवार को बच्चों के लिए सुरक्षा मानकों के उपयोग के लिए नए नियमों को अधिसूचित किया है। ये नियम केंद्रीय मोटर वाहन (द्वितीय संशोधन) नियम, 2022 के प्रकाशन की तारीख से एक वर्ष के बाद लागू होंगे।

मंत्रालय ने अपने एक बयान में कहा कि मोटरसाइकिल के चालक के साथ चार साल से कम उम्र के बच्चों को जोड़ने के लिए एक सुरक्षा कवच का इस्तेमाल करना पड़ता है। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षा हार्नेस (कवच) बच्चे को पहनाया जाता है, जिसे आवश्यकता के अनुसार छोटा बड़ा किया जा सकता है। इसमें दो पट्टे होते हैं, जो कमर और कंधे जुड़ा होता है जिसे चालक पहनता है। जिसको बच्चे के ऊपरी भाग को चालक से जोड़ा जाता है। इसको भविष्य में चालक और बच्चे के पैरों के नीचे से क्रांसिग लूप बनेगा जिसपर दोनो ( शेष पेज 9 )

### ट्रैकिंग सिस्टम डिवाइस अनिवार्य

**सड़क** परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने किसी भी खतरनाक सामान के परिवहन के लिए सभी मालवाहक वाहनों में ट्रैकिंग सिस्टम डिवाइस अनिवार्य करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। मंत्रालय ने एक अलग बयान में कहा कि यह उसके संज्ञान में लाया गया है कि राष्ट्रीय परमिट के दायरे में नहीं आने वाले वाहन विभिन्न गैसों, जैसे आर्गन, नाइट्रोजन, ऑक्सीजन आदि और खतरनाक या खतरनाक प्रकृति के सामान ले जाने वाले वाहन ट्रैकिंग सिस्टम उपकरणों से सुसज्जित नहीं हैं।

# नहीं रहे डिस्को किंग बप्पी लाहिड़ी

● प्रधानमंत्री सहित अनेक हस्तियों ने जताया शोक

**भाषा।** मुंबई

**भारत** में 80 और 90 के दशक में सिनेमा में डिस्को संगीत को लोकप्रिय बनाने वाले गायक-संगीतकार बप्पी लाहिड़ी का स्वास्थ्य संबंधी कई दिक्कतों के कारण निधन हो गया। उनका इलाज कर रहे एक डॉक्टर ने बुधवार को यह जानकारी दी। लाहिड़ी ने जुहू के क्रिटिकेयर हॉस्पिटल में मंगलवार की रात को अंतिम श्वांस ली। वह 69 वर्ष के थे।

अस्पताल के निदेशक डॉ. दीपक नमजोशी ने बताया, लाहिड़ी करीब एक महीने से अस्पताल में भर्ती थे और उन्हें सोमवार को अस्पताल से छुट्टी दी गई थी, लेकिन उनकी सेहत मंगलवार को बिगड़ गई और उनके परिवार ने एक डॉक्टर को घर बुलाया। उन्हें अस्पताल लाया गया। उन्हें स्वास्थ्य संबंधी कई दिक्कतें थी। उनकी देर रात ओएसए (ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एप्निया) के कारण मौत हो गई। गायक ने पिछले साल सितंबर में उन खबरों को खारिज कर दिया था कि उन्होंने अपनी आवाज खो दी है। उन्होंने ऐसी अफवाहों को दिल तोड़ने वाली बताया था। सोने की मोटी जंजीरें और चश्मा पहनने के लिए पहचाने जाने वाले गायक-संगीतकार ने 70-80 के दशक में कई फिल्मों के लिए संगीत रचना की जिन्हें खासी लोकप्रियता मिली। इन फिल्मों में चलते-चलते, डिस्को डांसर और शराबी शामिल हैं। लाहिड़ी के परिवार में उनकी पत्नी चित्राणी, पुत्री रीमा और पुत्र बप्पा लाहिड़ी हैं। उनका अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार को किया जाएगा क्योंकि परिवार उनके बेटे एवं संगीतकार बप्पा लाहिड़ी के अमेरिका के लॉस एंजिलिस से लौटने का इंतजार कर रहा है। लाहिड़ी के दामाद गोविंद बंसल ने कहा, अंतिम संस्कार जुहू के पवन हंस शवदाहगृह में किया जाएगा। लाहिड़ी के परिवार की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है यह हमारे लिए अत्यंत दुखद समय है। हमारे प्रिय बप्पी दा बीती रात हमें छोड़ गए। हम उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। उनका आशीर्वाद हमेशा हमारे साथ रहेगा। लाहिड़ी ने आखिरी बार सितंबर 2021 में गणपति बप्पा मोरिया में काम किया था। उन्होंने अमेरिका स्थित भारतीय गायक अनुराधा जुजु पलाकुर्ती की आवाज वाले भक्ति गीतों के लिए भी संगीत दिया। लाहिड़ी को 1970 से लेकर 1990 के दौरान भारतीय सिनेमा में आय एम ए डिस्को डांसर, जिम्मी जिम्मी, पग घुंघरू, इंतेहा हो गई, तम्मा तम्मा लोगे, यार बिना चैन कहां रे, आज रपट जाए तो तथा चलते चलते जैसे गीतों से डिस्को संगीत का दौर शुरू करने का श्रेय दिया जाता है।



उन्होंने 2000 के दशक में टैक्सी नंबर 9211 (2006) का बम्बई नगरिया और द डर्टी पिक्चर (2011) के उह ला ला जैसे हिट गीतों को भी अपनी आवाज दी। वह उन गायकों में से एक हैं जिन्होंने 2014 में आई फिल्म गुंडे का तूने मारी एंट्रियां गीत भी गाया था। उन्होंने बंगाली, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और गुजराती फिल्मों में भी संगीत दिया। लाहिड़ी 2014 में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। उन्होंने श्रीरामपुर ( शेष पेज 9 )

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 17 फरवरी 2022



# चार माह में तैयार हो जाएगा पर्थला फ्लाईओवर

## सुबह-शाम लगने वाले जाम से लाखों लोगों को मिलेगी बड़ी राहत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट के बीच सेक्टर-71 चौक से पर्थला गोल चक्कर और हिंडन पार करके गौर सिटी चौराहे तक हर महीने करीब 50 लाख वाहन आवागमन करते हैं। रोजाना पीक आवर्स में इस रास्ते पर 18,000 से ज्यादा वाहन होते हैं। सुबह-शाम व्यस्त घण्टों में इस रास्ते पर ट्रैफिक जाम के कारण महज 4 किलोमीटर सफर तय करने के लिए आधा घंटा लगता है। यह परेशानी जल्दी खत्म होने वाली है। आने वाली गर्मियों में इन लाखों लोगों को राहत मिलेगी।

पृथला गोल चक्कर पर बनाया जा रहा फ्लाईओवर अगले 4 महीनों में बनकर तैयार हो जाएगा। इसके बाद नोएडा में सेक्टर-37 से लेकर ग्रेटर नोएडा वेस्ट में गौर सिटी चौराहे तक निर्बाध यातायात मिलेगा। बुधवार को नोएडा अथॉरिटी के प्रधान महाप्रबंधक राजीव त्यागी ने पृथला चौराहे पर बन रहे सिग्नेचर ब्रिज और पूरे फ्लाईओवर का जायजा लिया। उन्होंने कहा, परियोजना पर समयबद्ध रूप से काम चल रहा है। निर्धारित समय जून महीने में यह प्रोजेक्ट पूरा हो जाएगा। त्यागी ने कहा, इस मार्ग की व्यवस्तता का अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि नोएडा में काम करने वाले लोग ग्रेटर नोएडा, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गाजियाबाद, हापुड़ और बुलंदशहर जाने के लिए यहां से होकर गुजरते हैं। सामान्य दिनों में सुबह 9:30 से 10:30 के बीच इस मार्ग पर वाहनों की संख्या 18,000 तक पहुंच जाती है। इस दौरान लोगों को करीब 30 मिनट का वक्त इस मार्ग पर लगता है।

उन्होंने बताया कि पृथला गोल चक्कर पर फ्लाईओवर बनाने से पहले इस मार्ग पर यातायात का अध्ययन किया गया था। जिससे पता चला कि आने वाले कुछ वर्षों में पीक आवर्स के दौरान आवागमन करने वाले वाहनों की संख्या 25,000 तक पहुंच जाएगी। जिससे हालात और ज्यादा बिगड़ जाते। लिहाजा, अथॉरिटी ने समय से पहले पृथला गोल चक्कर पर फ्लाईओवर बनाने का फैसला लिया।



पर्थला गोल चक्कर पर चल रहे निर्माण का निरीक्षण करते अधिकारी।

यह फ्लाईओवर अगले 4 महीने में बनकर तैयार हो जाएगा। राजीव त्यागी ने कहा मास्टर प्लान रोड नंबर-3 नोएडा शहर का मुख्य मार्ग है। यह शहर का अति व्यस्तम रास्ता है। इस सड़क पर यातायात का दबाव अत्यधिक है। जिसके कारण पृथला गोल चक्कर पर अधिकांश समय ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती थी। ट्रैफिक जाम को खत्म करने के लिए मास्टर प्लान रोड पर फ्लाईओवर का निर्माण किया जा रहा है। यह फ्लाईओवर बनने के बाद शहर के कई सेक्टर निवासियों को यातायात में काफी सुगमता होगी।

दिल्ली से गाजियाबाद, हापुड़, ग्रेटर नोएडा वेस्ट और ग्रेटर नोएडा जाने के लिए इस चौराहे से बिना लाल बत्ती के सीधे जा सकेंगे। यह फ्लाईओवर ग्रेटर नोएडा वेस्ट में रहने वाले लाखों लोगों को दैनिक आवागमन में सुविधा देगा।

# बारात लेकर नहीं पहुंचा दहेज का लालची दूल्हा, केस दर्ज

**गाजियाबाद।** दहेज में कार और 20 लाख रुपये की मांग पूरा न करने पर दूल्हा बारात लेकर नहीं पहुंचा। सिहानी गेट थाना क्षेत्र के वोल्गा पैलेस में सात फरवरी को होने वाली शादी में दुल्हन पक्ष बारात का इंतजार करता रहा। इस मामले में दुल्हन के पिता ने छह नामजद लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, धमकी व अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि सगाई में दुल्हन को वर पक्ष से मिले जेवर भी नकली निकले।

सुभाष विहार नार्थ घौंडा निवासी प्रवीण डागा ने अपनी बेटी की शादी दिसंबर में राजनगर निवासी दिशांक शर्मा के साथ तय की थी। पांच फरवरी को राजनगर एक्सटेंशन में सगाई का कार्यक्रम संपन्न हुआ और शादी के लिए सात फरवरी की तारीख तय हो गई। प्रवीन डागा का आरोप है कि दूल्हा पक्ष ने सगाई के लिए अपनी पसंद का सामान खरीदा जबकि दुल्हन को जो जेवर उन्होंने दिए वो जांच में नकली निकले।

# प्रदर्शनकारी महिलाओं पर शिकंजा कस रही पुलिस

## हिजाब के समर्थन में खोड़ा में हुआ था प्रदर्शन, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

खोड़ा में रविवार को हिजाब के समर्थन में मुस्लिम महिलाओं की ओर से किए गए प्रदर्शन का बुधवार को एक वीडियो वायरल हुआ। उसमें पुरुष व महिला पुलिसकर्मी लाठियां भांजते नजर आ रहे हैं। इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी इंदिरापुरम अभय कुमार मिश्र ने बताया कि बिना अनुमति के प्रदर्शन हो रहा था। मामले में एक नामजद व 15 से 20 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

साक्ष्यों के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। अब तक की जांच में आया है कि प्रदर्शन नियोजित तरीके से नहीं हुआ था। अब तक किसी संगठन का नाम भी सामने नहीं आया है। दरअसल, शनि बाजार रोड नवनीत विहार, खोड़ा में रविवार दोपहर करीब ढ़ाई बजे मुस्लिम महिलाओं व युवतियों ने हिजाब के समर्थन में प्रदर्शन किया था। बिना अनुमति के प्रदर्शन होने की सूचना पर पहुंची पुलिस से उनकी धक्का-मुक्की हुई। पुलिस ने उनके पोस्टर आदि छीनकर प्रदर्शन समाप्त कराया। प्रदर्शनकारियों के खिलाफ आचार संहिता और धारा-144 के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज होगा।



खोड़ा में हिजाब के समर्थन में प्रदर्शन करती महिलाएं।

पुलिस के मुताबिक, रविवार दोपहर करीब ढ़ाई बजे 15-20 मुस्लिम महिलाएं और युवतियां आई वांट हिजाब लिखे पोस्टर लेकर शनि बाजार रोड नवनीत विहार में प्रदर्शन शुरू कर दिया। वह सभी हिजाब के समर्थन में नारेबाजी करने लगीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उनसे प्रदर्शन की अनुमति के संबंध में पूछा। अनुमति नहीं होने पर उनसे प्रदर्शन समाप्त करने की अपील की। प्रदर्शनकारी महिलाएं नारेबाजी करती रहीं। पुलिस ने उनके पोस्टर अपने कब्जे में लेने शुरू किए। इस दौरान उनसे धक्का-मुक्की हुई। फिलहाल पुलिस ने उनके पोस्टर छीन लिए। उसके बाद प्रदर्शनकारी महिलाएं चली गईं।

मामले में पुलिस ने युवती समेत दो से पूछताछ की है। पुलिस फुटेज के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान कर रही है।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रामवीर पुत्र श्री राम सरन निवासी ग्राम सुल्तानपुर परगना एवं तहसील दादरी जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0 के वसीयतनामा के आधार पर आवासीय प्लाट नं0 S-59 सेक्टर-128, नोएडा जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0 जो उप निबन्धक कार्यालय तृतीय गौतमबुद्ध नगर, में बही नं0 3 जिल्द सं0 142 पृष्ठ नं0 359 से 370 पर दस्तावेज नं0 143 दिनांक 25.02.2009 में पंजीकृत है। अतः श्री रामवीर की मृत्यु उपरान्त उक्त प्लाट का नामान्तरण श्रीमती धर्मवती शर्मा पत्नी श्री योगेन्द्र प्रसाद शर्मा निवासी RC-835 वन्दना एन्कलेव, खोडा कॉलोनी, जिला गाजियाबाद उ0प्र0 के पक्ष में स्थानांतरित किया जा रहा है। अतः इस सूचना के द्वारा सभी सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह पूरे सबूतों के साथ अपनी आपत्ति नोएडा विकास प्राधिकरण की आवासीय विभाग में इस सूचना के जारी होने के 30 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति दाखिल करें। श्रीमती धर्मवती शर्मा

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री करण चावला पुत्र श्री भूपिंदर सिंह, ने गांव नंगली जलाब, कॉलोनी जिसे न्यू महाबीर नगर के नाम से जाना जाता है, गली नंबर 21, नई दिल्ली में स्थित आवासीय निर्मित तृतीय तल, मकान संख्या ओ-12ए पर निर्मित, एरिया परिमाप 50 वर्ग गज, खसरा नंबर 45 का हिस्सा, नोटरी जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी दिनांक 19.03.2004 के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता हैं कि श्री संदीप अरोड़ा और श्रीमती रीना अरोड़ा इस संपत्ति को श्री करण चावला पुत्र श्री भूपिंदर सिंह से एक पंजीकृत बिक्री विलेख के माध्यम से खरीद रहें हैं और उसी के लिए ऋण लेने के लिए फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से सम्पर्क किया है यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता,
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78, सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेलः sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

**सार्वजनिक सूचना**

यह आम जनता के ध्यान में लाना है कि आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा जारी सतीश ग्रोवर का एक आईडी कार्ड नंबर 2145043 दिनाक 01/02/2022 को गायब पाया गया और / या खो गया। किसी को भी, जो उक्त आईडी कार्ड पाता है, से अनुरोध किया जाता है कि वह उक्त आईडी कार्ड को मैनेजर डेबट सर्विसेज एंड मैनेजमेंट ग्रुप, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एस. डी. टावर, से - 08, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 में लौटा दे। इसलिए, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के सभी ग्राहकों को इस प्रकार अधिसूचित किया गया है कि उक्त आईडी कार्ड नंबर 2145043 रखने वाले किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को कोई भी भुगतान न करे। कृपया आगे ध्यान दें कि उक्त आईडी कार्ड रखने वाले किसी भी व्यक्ति को भुगतान करने वाला व्यक्ति अपनी लागत, जोखिम पर ऐसा करेगा और आईसीआईसीआई बैंक किसी भी भुगतान के लिए बाध्य और / या जिम्मेदार नहीं होगा।
तारीखः 17.02.2022 आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए
जगहः नई दिल्ली

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., 4/10, मैत्री टावर, बोम्मनहल्ली होसूर मेन रोड, बेंगलूरू-560 068

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को एक सूचना उनके द्वारा बैंक को उपलब्ध कराए गए, उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, तथापि यह बिना तामील वापस प्राप्त की जा चुकी है और अतएव उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुरेश बाबू एस/लता एन- थाचंकारा वीडु, मारूनुमकुझी कांजीराम पारा पो केरल त्रिवेन्द्रम एलबीटीवीएम00001008492 | जैसाकि ऋण दस्तावेज में वर्णित है/सम्पत्ति दस्तावेज सर्वे नंबर 1056/11-1-2 सस्थामंगलम ग्राम त्रिवेन्द्रम, त्रिवेन्द्रम 695030 | 15-11-2021 रू. 4,67,181/- | 07-07-2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जहां कहीं लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें विफल रहने की स्थिति में, आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 17-02-2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालयः आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मनीष गुलाटी/ अंजू गुलाटी/ LBDEL00002313808/ LBDEL00002995516 | सी-4एफ/35, पहली मंजिल, फ्लैट नंबर 35, ब्लॉक सी-4एफ, पंखा रोड पर स्थित, जनकपुरी दिल्ली/ 15 फरवरी, 2022 | जून 19, 2021/ ₹ 42,41,386/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | विशाल चावला/ पूजा चावला/ LBDEL00003943312 / LBDEL00005048478/ LBDEL00005307528 | फ्लैट नंबर-149, पहली मंजिल, ब्लॉक सी, विकास पुरी, दिल्ली 110058/ 15 फरवरी, 2022 | अगस्त 17, 2021/ ₹ 2,62,40,093/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांकः फरवरी 17, 2022
स्थानः दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

ICICI Bank | शाखा कार्यालयः आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी**

नियम 8 (6) का परंतुक देखें,
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा अचल आस्तियों की बिक्री हेतु यह ई-नीलामी बिक्री सूचना (दीवान हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित अधोवर्णित समूह के संबंध में) डीएचएफएल तथा निम्नलिखित कर्जदार(रों) के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत जारी की जा रही है। एतद्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, जैसी है जहां है', जैसी है जो भी है तथा जो भी है वहां है आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्रीमती अनुराधा शर्मा (कर्जदार) श्री रवि कुमार शर्मा (सह-कर्जदार) लोन खाता नंबर QZGRN00005012081 | प्रॉपर्टी नंबर-जे-11/ए फर्स्ट फ्लोर गली नंबर-36 किला नंबर-24 न्यू गोविंदपुरा एक्सटेंशन ग्राम खुरेजी खास शाहदरा दिल्ली, प्लॉट एरिया 648 वर्ग फीट | रू. 29,95,334/- (फरवरी 07, 2022 तक) | रू. 28,50,000/- / रू. 2,85,000/- | मार्च 11, 2022 को दो. 01:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | मार्च 28, 2022 को दो. 12:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेन्सी मैसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट **(यूआरएल लिंक- www.disposalhub.com)** पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को **मार्च 25, 2022** को **अप. 5.00** बजे से पूर्व कल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को धरोहर राशि जमा (कालम ई देखें) सहित अपनी ऑफर एक सीलबंद लिफाफे में, जिसके ऊपर सेवा में **आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005** "सम्पत्ति के क्रय हेतु ऑफर" शीर्षांकित किया गया हो अथवा हमारे मार्केटिंग एजेन्ट **मैसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड, 203, द्वितीय तल, श्री श्याम पैलेस, रेलवे रोड, सेक्टर: 4 एवं 5 क्रॉसिंग, गुरूग्राम, हरियाणा-122006** के पास **मार्च 25, 2022** को अथवा पूर्व **अप. 05.00** बजे से पहले जमा करनी चाहिए। मार्केटिंग एजेन्सी को नीलामी के समुचित संचालन हेतु नीलामकर्ता के भी रूप में अनुबंधित किया गया है। धरोहर राशि जमा डीडी/पीओ किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के मोबाइल नम्बर **8126013708** पर अथवा मैसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड के **9710029933/ 9810029926/01244233933** पर सम्पर्क करें।

निविदाएं जो बैंक/ई-नीलामी विक्रेता पदाधिकारी द्वारा सम्यक् प्राप्त की गई हैं तथा पूर्ण विवरण के साथ कट-ऑफ समय से पूर्व पंजीकृत हैं, नीलामी हेतु विचारित की जाएंगी। प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की वेबसाइट देखें : **www.icicibank.com/n4p4**

तिथि : फरवरी 17, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


# प्रॉपर्टी डीलर के ठिकानों पर आयकर विभाग ने मारा छापा

- 49 लाख की नगदी और 10 करोड़ रुपए के दस्तावेज मिले

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

आयकर विभाग ने एक प्रॉपर्टी डीलर के 2 ठिकानों पर छापा मारकर 49 रुपए नगद और करीब प्रॉपर्टी के करीब 10 करोड़ रुपए के कच्चे दस्तेवाज बरामद किए हैं। यह प्रॉपर्टी डीलर नोएडा के सेक्टर-19 में रहता है और सेक्टर-10 में इसका दफ्तर है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने दोनों स्थानों पर छापा मारकर करोड़ों रुपए के फर्जी दस्तेवाज बरामद किए हैं।

मंगलवार देर रात आयकर विभाग ने एक सूचना के आधार पर एक प्रॉपर्टी डीलर के 2 ठिकानों पर छापेमारी की। बताया जा रहा है कि पहले इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की टीम सर्वे करने आई थी, लेकिन बाद में छापेमारी में बदल गई। आयकर विभाग की टीम ने प्रॉपर्टी डीलर के दफ्तर से 17 लाख रुपए और घर से 32 लाख रुपए बरामद किए हैं।

# महिला सफाईकर्मी से मारपीट में दो गिरफ्तार

**नोएडा।** सदरपुर गांव में कुछ लोगों ने बुधवार सुबह एक महिला सफाईकर्मी के साथ मारपीट की। इससे आक्रोशित सफाईकर्मियों ने थाने पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। मामला बढ़ता देख पुलिस ने केस दर्ज कर सॉफ्टवेयर इंजीनियर सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

नोएडा प्राधिकरण की तरफ से ठेके पर सफाई करने वाली दलित महिला गीता ने पुलिस को शिकायत में बताया कि वह सदरपुर कॉलोनी में सफाई कर रही थी। इस दौरान बंटी शर्मा और शिवम शर्मा सहित कई लोग आए। आरोप है कि इन लोगों ने उनके साथ मारपीट की।

# संक्षिप्त समाचार



नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन देता नोएडा सिटीजन फोरम का प्रतिनिधिमंडल।

### एसीईओ से मिले नोएडा सिटीजन फोरम के सदस्य

**नोएडा।** नोएडा सिटीजन फोरम के प्रतिनिधिमण्डल ने नोएडा की बिल्डिंगों के स्ट्रक्चरल ऑडिट, सिटीजन चार्टर व नौएडा में सरकारी मेडिकल कॉलेज खोले जाने की मांग को लेकर नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रवीण मिश्रा से मुलाकात की। एनसीएफ ने मांग की है कि नोएडा प्राधिकरण स्ट्रक्चरल ऑडिट हर पांच वर्ष में स्वयं करवाए तथा इसका खर्चा आरडब्ल्यूए या एओए से ना लेकर बिल्डरों से लिया जाए। प्राधिकरण बिल्डरों को ओसी जारी करते समय यह नियम लागू करे कि बिल्डर हर 5 साल में प्राधिकरण द्वारा कराए जाने वाले स्ट्रक्चरल ऑडिट का खर्चा वहन करेगा। पड़ोसी राज्य हरियाणा में यह व्यवस्था लागू की गई है तथा वहां सरकार ने खुद इस प्रकार के निरीक्षण कराए जाने की बात कही है। नोएडा में अनेकों ऐसी बिल्डिंग हैं जहां आये दिन प्लास्टर या बड़ा हिस्सा टूट कर गिर रहा है।

### नशे में धुत कार सवार युवकों ने मारी टक्कर

**नोएडा।** सेक्टर-32 के पास नशे में धुत कार सवार दो युवकों ने एक कार में टक्कर मार दी। जब कार चालक ने विरोध किया तो उन्होंने उनके साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी है। सेक्टर-110 निवासी पुष्कर मंगलवार रात को सेक्टर.24 से अपनी कार से घर जा रहे थे। इसी बीच उनके मोबाइल पर किसी परिचित की कॉल आ गई। इस पर पुष्कर सड़क किनारे कार खड़ी करके मोबाइल पर बात करने लगे तभी वैगनआर कार में सवार होकर आए कर्मवीर और बिपिन नाम के दो युवकों ने उनकी कार में टक्कर मार दी। जब पीड़ित ने विरोध किया तो दोनों ने उनके साथ गाली-गलौच की और जान से मारने की धमकी दी।

# स्ट्रांग रूम पर 24 घंटे कैमरों की नजर

- ईवीएम को लेकर सतर्कता बरत रही है पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

फेस-2 फूलमंडी में स्थित मतगणना केंद्र पर रखी गई ईवीएम की सुरक्षा को लेकर पुलिस लगातार सतर्कता बरत रही है। मध्य जोन के पुलिस उपायुक्त ने ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया।

पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि मंगलवार देर रात को पुलिस उपायुक्त हरीश चंदर ने फेस-2 थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नवीन फूल मंडी में बने स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया।



फूलमंडी में ईवीएम मशीनों के रखने के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम।

उन्होंने नवीन फूल मंडी के सभी प्रवेश द्वारों पर जाकर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा वहां ड्यूटी पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों को किसी भी संदिग्ध वाहन, व्यक्ति को अंदर प्रवेश ना करने का निर्देश दिया।

उन्होंने सीआरपीएफ के जवानों से भी बातचीत की और सीसीटीवी कैमरों का भी निरीक्षण किया। स्ट्रॉन्ग रूम परिसर की 24 घंटे लाइव रिकॉर्डिंग हो रही है।

# यूपी रेरा ने बिल्डरों पर ठोका जुर्माना

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी ने प्रदेश के 9 प्रमोटरों पर कुल 1 करोड़ 40 लाख रुपये से अधिक अर्थ दंड लगाया है। यह सारे बिल्डर लखनऊ, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद के हैं। बुधवार को यूपी रेरा के सचिव राजेश त्यागी ने यह जानकारी दी है। उत्तर प्रदेश रेरा की 84वीं बैठक बीते 11 फरवरी को राजीव कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सचिव ने बताया, इस बैठक में प्राधिकरण के सदस्य बलविंदर कुमार, कल्पना मिश्रा और भानु प्रताप सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

# प्रेमिका को खुदकुशी के लिए मजबूर करने का आरोप, केस

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सेक्टर-39 पुलिस ने युवती को खुदकुशी के लिए मजबूर करने के आरोप में युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। मृतका के भाई का आरोप है कि आरोपी ने उनकी बहन को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जब वह गर्भवती हो गई तो उसका गर्भपात करा दिया। इससे परेशान होकर उसकी बहन ने आत्महत्या की। सेक्टर-99 स्थित सोसाइटी में रहने वाली 31 वर्षीय युवती ने 20 जनवरी को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली थी। इस मामले में मृतका के भाई ने एक युवक पर केस दर्ज कराया। उनका आरोप है कि उन्हें पता चला है कि उनकी बहन के साथ तरंग सरकार नाम का युवक रहता था। उसने उनकी बहन को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस बीच वह गर्भवती हो गई। आरोप है कि तीन जनवरी को तरंग सरकार ने पीड़िता का गर्भपात करा दिया। उससे शादी करने से भी इनकार कर दिया।



नोएडा पुलिस द्वारा गिरफ्तार लुटेरे।

# मां-बाप के तलाक ने दो सगे भाइयों को अपराध में धकेला

## नकली पिस्टल और बाइक से करते थे लूट

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नकली गन पॉइंट पर लोगों के साथ लूटपाट करने वाले दो सगे भाइयों को नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन दोनों सगे भाइयों ने कुछ दिनों पहले नोएडा में एक प्रोडक्शन इंचार्ज के साथ लूटपाट की थी। पीड़ित ने इस घटना की जानकारी पुलिस को दी थी और पुलिस ने इसमें जांच पड़ताल करके मंगलवार को लूट करने वाले 2 सगे भाइयों को गिरफ्तार किया।

नोएडा के एडिशनल डीसीपी रणविजय सिंह ने बताया कि बीते 10 फरवरी को सेक्टर-11 में एक प्रोडक्शन इंचार्ज के साथ लूटपाट हुई थी। प्रोडक्शन इंचार्ज महेश कुमार ने घटना की जानकारी पुलिस को दी थी। उन्होंने बताया कि एक बाइक पर सवार 2 लोगों ने 10 फरवरी की सुबह उनपर बंदूक की नोक पर लूटपाट की है। दोनों बदमाश उनकी बाइक लूटकर ले गए। इस मामले में सेक्टर-24 थाने में मुकदमा दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई।

रणविजय सिंह ने बताया कि पुलिस ने घटना के बाद से ही आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच पड़ताल शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को अहम जानकारी हाथ लगी और मंगलवार को प्रोटेक्शन इंचार्ज से लूटपाट करने वाले दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को पता चला है कि इन दोनों सगे भाइयों के माता-पिता का वर्ष 2014 में तलाक हो गया था। जिसके बाद इनके माता-पिता ने उनको छोड़ दिया था।

# ग्रेनो में कुत्तों की नसबंदी करवाएगा आरडब्ल्यूए

## गांव और सेक्टरों में बढ़ते कुत्तों के आतंक के कारण लिया निर्णय

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

शहर में आए दिन गांवों और सेक्टरों में पालतू और आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। ऐसे में ग्रेटर नोएडा में स्थित सेक्टर डेल्टा-2 आरडब्लूए ने खास मुहिम छेड़ी है, जिसमें आरडब्लूए के निवासी आवारा कुत्तों से बचाव के लिए नसबंदी और वैक्सीनेशन करवाने का काम करेंगे।

डेल्टा-2 आरडब्ल्यूए सदस्यों ने बताया ने कि सेक्टर में लगातार खूंखार कुत्तों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। आए दिन कुत्ते लोगों पर हमला करके घायल कर देते हैं। इसलिए आरडब्ल्यूए ने कुत्तों की नसबंदी करवाने का फैसला लिया है।



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और सेक्टर के सहयोग से जल्द इस मुहिम पर कार्य किया जाएगा। कुत्तों की नसबंदी करवाने में एक हजार रुपए का खर्च आता है। इस एक हजार में 250 रुपए आरडब्लूए और 750 रुपए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण देगा।

नसबंदी के साथ सेक्टर में कुत्तों का वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिन कुत्तों का नसबंदी और वैक्सीनेशन हो जाएगा, उन कुत्तों के गले में पट्टा डालकर चिन्हित होने की निशानी दी जाएगी। जिले में कुत्तों का झुंड आए दिन लोगों पर हमला कर देता हैं।

इसके अलावा शहर के कई हिस्सों में कुत्ते दो पहिया वाहन चालकों के पीछे दौड़ने लग जाते हैं। कई बार वाहन चालक या बाइक के पीछे बैठे व्यक्ति पर हमला कर देते हैं, बाइक के पीछे भागने पर चालाक हड़बड़ी में दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है। लोग सोशल मीडिया के जरिए अपनी शिकायत दर्ज करवा रहे हैं। प्रशासन के तरफ से अभी तक कोई ठोस कदम आवारा कुत्तों को लेकर उठाया नहीं गया है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# दिल्ली विश्वविद्यालय में आज से शुरू होंगी कक्षाएं

## छात्रों ने ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों तरह पढ़ाई जारी रखने की मांग उठाई



### दूसरे और तीसरे वर्ष के छात्रों के लिए कॉलेज आना अनिवार्य

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार से कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। सभी कोर्सों के दूसरे और तीसरे वर्ष के छात्र-छात्राओं को कॉलेज आना अनिवार्य है जबकि प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए ऑफलाइन कक्षाएं करना जरूरी नहीं है। उनके लिए हाइब्रिड माध्यम से कक्षाएं पहले सेमेस्टर के लिए मार्च तक जारी रहेंगी। इस दौरान किसी कारण से दिल्ली नहीं पहुंचे छात्रों ने विशेषकर अंतिम वर्ष के छात्रों ने मांग की है कि कक्षाएं हाइब्रिड (ऑफलाइन व ऑनलाइन) माध्यम से चलाई जाएं।

दिल्ली विश्वविद्यालय के सभी कॉलेज बृहस्पतिवार यानी 17 फरवरी से फिर से खुल रहे हैं और ऑफलाइन कक्षाएं बहाल की जाएंगी। कुछ कॉलेज में प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए हाइब्रिड माध्यम से कक्षाएं संचालित की जाएंगी, जबकि दूसरे और तृतीय वर्ष के छात्रों के लिए कॉलेज आकर पढ़ना अनिवार्य होगा। डीयू प्रशासन के इस फैसले से शहर के बाहर के छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जिन्हें रहने और यात्रा का इंतजाम करना है। कुछ छात्रों ने कहा कि परीक्षा नजदीक है और कुछ महीने के लिए रहने का इंतजाम करने का कोई औचित्य नहीं है।

दिल्ली विश्वविद्यालय में स्नातक के अंतिम वर्ष और परास्नातक के छात्रों ने एक वेबसाइट पर एक याचिका अपलोड की है, जिसमें कहा गया है कि उन्हें केवल दो महीने के लिए वापस न बुलाया जाए। कुलपति, रजिस्ट्रार, प्रॉक्टर और छात्र कल्याण के डीन को संबोधित एक अनुरोध पत्र पर अब तक 40 हजार लोग हस्ताक्षर कर चुके हैं। कल्याणी ए.पी. द्वारा अपलोड की गई ऑनलाइन पत्र में अनुरोध किया गया कि बाहर रहने वाले कई छात्र दिल्ली आने के लिए परेशान हैं, लेकिन उनकी आवाज कोई नहीं सुन रहा।

उनके जैसे स्नातक और परास्नातक के कई छात्र हैं जो डीयू में अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रहे हैं। कल्याणी एपी ने कहा कि बाहर रहने वाले जो छात्र अंतिम वर्ष में हैं, उन्हें ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाई जारी रखने का विकल्प दिया जाना चाहिए। ज्ञात हो कोरोना काल में अधिकतर समय डीयू में पढ़ाई लगातार प्रभावित रही है। विवि खुलने के बाद छात्रों में आने की उम्मीद है।

### विज्ञापन निकले पर फिर भी डीयू में 859 पद खाली

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि में करीब 859 खाली पड़े है। यह जानकारी केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. सुभाष सरकार ने राज्यसभा में दी है। इस बयान का हवाला देते हुए ऑल इंडिया यूनिवर्सिटीज एंड कॉलेजिज एससी /एसटी, ओबीसी टीचर्स एसोसिएशन के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन ने बताया 46 केंद्रीय विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के 6481 पद खाली पड़े हुए है। इन पदों को भरने के लिए कई बार विज्ञापन भी जारी हो चुके है , विश्वविद्यालयों द्वारा स्क्रीनिंग होने के बावजूद इन्हें भरा नहीं गया।

## छात्रों के स्वागत के लिए तैयार हो रहे पीजी हास्टल

संजय राय। नई दिल्ली

डीयू खुलने के आदेश के बाद छात्र अपने गृह राज्यों से लौटने लगे हैं। करीब दो सालों से घर पर रहकर पढ़ाई कर रहे इन छात्रों के सामने सबसे बड़ी समस्या है कालेज के आसपास के क्षेत्र में पीजी, हास्टल और मेस ढूंढ़ना।

राजधानी के बाहर से आने वाले छात्रों की वजह से दिल्ली विश्वविद्यालय के आसपास के जीटीबी नगर, हड़सेन लेन विजय नगर, मल्कागंज, कमला नगर, कल्याण विहार, गुप्ता कालोनी में चहल-पहल बढ़ गई है। जो पीजी गत वर्षों से बंद थे उनके संचालकों ने छात्रों की बढ़ती चहल-कदमी देखकर तैयारियां तेज कर दी है। कहीं, पर कमरों की रंगाई-पुताई कराकर कमरों को चमका दिया है। तो कहीं पर सैनिटाइजेशन का कार्य हो रहा है। सभी ने साफ-सफाई और खाना पकाने के लिए रसोईयों को भी वापस काम पर बुला लिया है। मल्का गंज निकट लड़कों के पीजी के संचालक होशियार सिंह आनंद ने बताया कि कालेज खुलने की खबर सुनकर उन्होंने फेसबुक, यूट्यूब, जस्ट डायल और विभिन्न वेबसाइटों पर विज्ञापन देना शुरू कर दिया है। जिसे पढ़कर रोजाना उन्हें 40 से 50 काल आती है। जिसमें छात्र या उनके अभिभावक पीजी में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी लेते हैं।

जीटीबी नगर व मुखर्जी नगर के निकट छात्राओं के लिए पांच कमरों का पीजी चला रहे डीएस अग्रवाल ने बताया कि रोजाना कई छात्राएं पीजी देखने आ रही हैं। छात्राओं के लिए चार से पांच हजार के कमरे हैं। इसमें खाने की व्यवस्था छोड़कर अन्य सभी सुविधाएं मिलेंगी। पीजी के संचालक अमनदीप ने बताया कि उनके पीजी में कुल 16 कमरे हैं। जिनकी कीमत आठ से दस हजार रुपये है। पीजी में छात्राओं के लिए मेस की सुविधा भी है। इसमें तीन बार भोजन और दो बार चाय की सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि छात्राओं को रहने के लिए कई तरह के दस्तावेजों भी देने होंगे। इसमें टीकाकरण की दोनों डोज की रिपोर्ट, आधार कार्ड, कालेज आइडी कार्ड और फोटो शामिल है।



### पीजी का किराया

सिंगल बेड पांच से छह हजार, डबल बेड 11 से 12 हजार, तीन बेड 10 से 11 हजार रुपये। एसी कमरे वाई -फाई और खाने की सुविधा के साथ सिंगल बेड करीब 16 हजार रुपये।

### छात्रों की समस्याएं

विजय विहार, जीटीबी नगर में पीजी ढूंढने की सबसे बड़ी समस्या यह है कि यहां पर पीजी संचालकों ने घर के बाहर बोर्ड नहीं लगा रखा है। ऐसे में किस घर में पीजी है किसमें नहीं ये पता करना थोड़ा मुश्किल है। हां, लेकिन आसपास की दुकान वालों से संपर्क करने या आनलाइन ढूंढने पर कुछ पीजी संचालकों के बारे में थोड़ी बहुत जानकारी मिल जाती है।

## दिल्ली पुलिस में एक चौथाई बढ़ेगी महिलाओं की संख्या



दिल्ली पुलिस के स्थापना दिवस गृहमंत्री को सलामी देती महिला कमांडो। फोटो: रंजन डिमरी

स्थापना दिवस

### महिलाओं एवं कमजोर तबकों की रक्षा करना दिल्ली पुलिस की शीर्ष प्राथमिकता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना ने बुधवार को कहा कि उनके विभाग का लक्ष्य बल में महिलाओं की संख्या बढ़ाकर 2025 तक कुल कर्मियों का एक चौथाई करने का है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस ने खासकर युवकों के लिए कौशल विकास समेत कई सामुदायिक संपर्क पहल की हैं।

दिल्ली पुलिस के स्थापना दिवस पर एक कार्यक्रम को संबाधित करते हुए अस्थाना ने कहा कि महिलाओं एवं कमजोर तबकों की रक्षा करना दिल्ली पुलिस की शीर्ष प्राथमिकता है। गृह मंत्रालय के सहयोग से लक्ष्य बल में महिलाओं की संख्या बढ़ाकर 2025 तक कुल कर्मियों का एक चौथाई करने का है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस ने सदैव आगे बढ़कर हर क्षेत्र में अपने आपको साबित किया है तथा कोविड-19 के दौरान कुल 79 कर्मियों ने अपनी जान गंवाई। दिल्ली पुलिस डॉक्टरों स्वास्थ्यकर्मियों के साथ अग्रिम मोर्चे पर डटी रही तथा उसने ड्यूटी से हटकर भी नागरिकों को संभव सहायता पहुंचाई। अस्थाना ने कहा कि दिल्ली पुलिस राष्ट्रीय राजधानी के बाशिंदों को ई-बीट बुक, शिकायत निगरानी प्रणाली समेत 30 डिजिटल सेवाएं प्रदान कर रही है। विभाग अपने कर्मियों के कल्याण के लिए कटिबद्ध है और उसने वर्तमान वर्ष में 5000 से अधिक पदोन्नतियां दी हैं जिनमें 48 को नियत समय से पहले ही पदोन्नत किया गया। इसके अलावा, 45 पुलिस कर्मियों को असाधारण कार्य पुरस्कार दिए गए तथा अपनी जान गंवाने वाले पुलिसकर्मियों के 164 रिश्तेदारों को अनुकंपा के आधार पर नौकरी दी गई। पूर्वोत्तर में दंगे के दौरान शहीद हो गए एच सी रतन लाल की याद में विशेष पदक शुरू किया गया।

### स्मार्ट कार्ड शस्त्र लाइसेंस की घोषणा

**नई दिल्ली।** लोगों को डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराने के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने स्मार्ट कार्ड शस्त्र लाइसेंस की शुरुआत की है। इसके साथ ही दिल्ली पुलिस इस तरह की शुरुआत करने वाला देश का पहला पुलिस बल बन गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस की लाइसेंस इकाई ने भारी-भरकम शस्त्र लाइसेंस बुकलेट के स्थान पर स्मार्ट कार्ड शस्त्र लाइसेंस जारी करने का निर्णय लिया है। सुरक्षा विशेषताओं से लैस यह स्मार्ट कार्ड अपने पास रखने में सुविधाजनक रहेगा। स्मार्ट कार्ड शस्त्र लाइसेंस को बेहतर पुलिस सेवा में सहायता को ध्यान में रखते हुए शस्त्र ऐप से भी जोड़ा जा रहा है।

## अजित डोभाल के आवास में घुसने का प्रयास करने वाला गिरफ्तार



अजित डोभाल

### बेंगलुरु का रहने वाला आरोपी दिमागी रूप से है कमजोर : दिल्ली पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल के आवास में घुसने की कोशिश करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

आरोपी व्यक्ति सुरक्षा बैंगलुरू का रहने वाला है।घटना बुधवार सुबह करीब साढ़े सात बजे की है जब लाल रंग की एक एसयूवी चला रहे शख्स व्यक्ति ने मध्य दिल्ली स्थित डोभाल के कड़ी सुरक्षा वाले आवास के द्वार में जबरन घुसने का प्रयास किया। कार को प्रवेश द्वार के बाहर रोक दिया गया और व्यक्ति को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने पकड़ लिया। एनएसए को सीआईएसएफ कमांडो की उच्च श्रेणी की जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त है।

घटना के समय डोभाल अपने घर में मौजूद थे। व्यक्ति को बाद में पुलिस को सौंप दिया गया।

सूत्रों ने बताया कि कि आरोपी की पहचान बेंगलुरु निवासी शांतनु रेड्डी के रूप में की गई है और उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं लग रहा। अधिकारियों ने कहा कि कार नोएडा से किराए पर ली गई थी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने बुधवार को एनएसए के घर में घुसने की कोशिश की। सुरक्षा कर्मियों ने उसे रोका। जब उससे सवाल पूछे गए तो वह जवाब देने की स्थिति में नहीं था। वह दिमागी रूप से कमजोर है।

### महिला ने नाले में कूदकर की आत्महत्या

**नई दिल्ली।** ख्याला इलाके में एक महिला ने नाले में कूछकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान रघुबीर नगर निवासी निर्मला के रूप में हुई है। वह महिला दर्जी का काम करती थी। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है। इस बात का संदेह जताया जा रहा है कि निर्मला काफी परेशान थी क्योंकि उसके दो बेटे बेरोजगार हैं और शराब पीने के आदी हैं। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम के अनुसार, उन्होंने महिला का शव एक नाले से बरामद किया, जो पंजाबी बाग पुलिस थाना पुलिस के इलाके में आता है।

### दयानंद अस्पताल में सीटी स्कैन जल्द

**नई दिल्ली।** स्वामी दयानंद अस्पताल में सीटी स्कैन की सुविधा शुरू होने जा रही है।

पूर्वी निगम द्वारा सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से सब्सिडी दरों पर स्वामी दयानंद अस्पताल में सीटी स्कैन सेवाएं प्रदान शुरू करने का कार्य प्रक्रिया में है। इसके बारे में स्थायी समिति अध्यक्ष, श्री बीर सिंह पंवार ने बताया कि इस संबंध में इच्छुक निजी एजेंसियों से बोलियां आमंत्रित की जा रही हैं और अधिकतम छूट देने वाली फर्म को ठेका दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसमे लिए पूर्वी निगम द्वारा स्वामी दयानंद अस्पताल के परिसर में जगह मुहैया कराई जाएगी। कुल मामलों के 10 प्रतिशत तक बीपीएल कार्ड धारकों/ईडब्ल्यूएस रोगियों को मुफ्त सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

स्थायी समिति अध्यक्ष बीर सिंह पंवार ने कहा कि स्वामी दयानंद अस्पताल पूर्वी दिल्ली और आस-पास के क्षेत्र के निम्न आय वर्ग और गरीब तबके के लोगों को चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराता है। आने वाले लोग प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराने की आर्थिक क्षमता नहीं रखते हैं इसलिए दयानंद अस्पताल में ढांचागत सुविधाओं के साथ अन्य सुविधाओं को भी सुदृढ़ करने का प्रयास किया जा रहा है।

## पंजाब में भी व्यापारियों को अच्छा माहौल देंगे : केजरीवाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/मोहाली

पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर इंस्पेक्टर राज खत्म कर सभी व्यापारियों को दिल्ली की तरह सुरक्षित माहौल दिया जाएगा। यह दावा 'आप' संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को मोहाली में एक प्रेसवार्ता में किया।

केजरीवाल ने कहा कि पंजाब का व्यापारी बहुत डरा हुआ है और पंजाब को छोड़कर जा रहा है। व्यापारियों से गुंडा टैक्स समेत कई नाम से फिरौती ली जाती है। हम इसे बंद कर उनके मन से डर निकालेंगे। अभी तक व्यापारियों से हिस्सा मांगा जाता था, लेकिन हमारी सरकार में व्यापारियों को हिस्सेदारी दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि पंजाब में केवल आम आदमी पार्टी की सरकार ही शांति व भाई-चारा कायम करने वाली सरकार दे सकती है। केजरीवाल ने कहा कि पंजाब का व्यापारी पूरी तरह से डरा हुआ है, वह अपना व्यापार नहीं कर पा रहा है और पंजाब से बाहर जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अमृतसर को वर्ल्ड आइकॉन सिटी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता के मन से डर निकाला जाएगा और पर्चा राज पूरी तरह से खत्म किया जाएगा।

## अदालत ने अंसल बंधुओं की सजा निलंबित करने से किया इनकार

उपहार अग्निकांड

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने उपहार सिनेमा साक्ष्य छेड़छाड़ मामले में रियल एस्टेट कारोबारियों सुशील और गोपाल अंसल को दी गई सात साल कारावास की सजा निलंबित करने से बुधवार को इनकार कर दिया।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा, जहां तक अंसल बंधुओं की बात है, तो मैं इस याचिका को खारिज कर रहा हूं। अंसल बंधुओं और अदालत के पूर्व कर्मचारी दिनेश चंद शर्मा तथा दो अन्य -पी. पी. बत्रा तथा अनूप सिंह करायत को निचली अदालत ने सात वर्ष कैद की सजा सुनाई थी और सत्र अदालत ने सजा स्थगित करने एवं उन्हें जमानत पर रिहा करने से इंकार कर दिया था। सजा स्थगित करने की अंसल बंधुओं की याचिका को खारिज करते हुए सत्र अदालत ने कहा था कि यह मामला काफी गंभीर है और न्याय की राह में हस्तक्षेप का परिणाम प्रतीत होता है।

### दिनभर खिली धूप , वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में

**नई दिल्ली।** बुधवार की दिनभर धूप खिली और अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

आईएमडी के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम के सामान्य तापमान से दो डिग्री कम है। सफर इंडिया एयर क्वालिटी सर्विस के आंकड़ों के अनुसार, बुधवार को पूर्वाह्न आठ बजकर 43 मिनट पर दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक 235 पर दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में आता है।

## रविदास जयंती पर आदेश गुप्ता ने की पूजा अर्चना

### भाजपा अध्यक्ष ने करोल बाग स्थित गुरु रविदास विश्राम धाम मंदिर में की जनकल्याण के लिए प्रार्थना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

रविदास जयंती के पावन अवसर पर करोल बाग स्थित श्री गुरु रविदास विश्राम धाम मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने पूजा अर्चना कर जन-जन के कल्याण के लिए प्रार्थना की।

रविदास मंदिर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ प्रदेश अध्यक्ष ने दर्शन के बाद वहां मौजूद महिलाओं संग कीर्तन में हिस्सा लिय मंजीरा भी बजाया। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी, पार्टी के वरिष्ठ नेता मनजिंदर सिंह सिरसा एवं भाजपा के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं नेता मौजूद थे। आदेश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संत रविदास जयंती पर एक खास संदेश देशवासियों को दिया है। अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने लिखा है कि महान संत गुरु रविदास जी की जयंती के अवसर पर उनकी इस पावन स्थली पर शीश झुकाने का अवसर प्राप्त हुआ। आज के इस विशेष दिन उनका आशिर्वाद प्राप्त कर कृतार्थ हुआ। जात-पात, छुआ-छूत जैसी कुप्रथाओं को समाज से दूर करने के लिए समर्पित उनका जीवन हम सब के लिए प्रेरणादायी है। देश की उन्नती एवं देशवासियों के कल्याण के लिए उनसे प्रार्थना करता हूं।

## एनडीएमसी के सभी कियोस्क होंगे पुनर्विकसित

### भविष्य में विज्ञापन लगाये जाने के लिए डिस्प्ले पैनल लगाये जाने का प्रावधान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

एनडीएमसी क्षेत्र में मौजूदा कियोस्क 50 वर्ष पुराने हो गए है। अब नगर पालिका परिषद सभी कियोस्क को पुनर्विकसित करने जा रही है।

वहीं राजस्व बढ़ाने के लिए कियोस्क के बाहर डिस्प्ले पैनल लगाये जाने की योजना है। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने बताया कि भारत की आजादी के 75 साल को आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाते हुए और प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन के दृष्टिकोण के तहत एनडीएमसी क्षेत्र में स्थित सभी कियोस्क को परिषद् ने सौंदर्यकारी रूप देने का फैसला किया है। उपाध्याय ने बताया है कि एनडीएमसी क्षेत्र में मौजूदा कियोस्क 50 वर्ष पुराने हो गए हैं और नई दिल्ली क्षेत्र की समरूपता और सौंदर्यकारी रूप को बनाए रखने के लिए सभी कियोस्क का पुनर्विकास करना आवश्यक है। पहले चरण में 6×6 फीट के आकार में पुनर्विकसित 30 कियोस्क को एक नया सौंदर्य रूप मिलेगा और उसके बाद 200-250 कियोस्क का पुनर्विकास किया जाएगा ।



कियोस्क को टेराज़ो फर्श और टेराज़ो दीवार के साथ ग्रेनाइट और टाइलों के उपयोग के साथ आरसीसी संरचना द्वारा विकसित किया जाएगा। ये कियोस्क पूरी तरह से विद्युत फिटिंग के साथ उपलब्ध होंगे। इन कियोस्क की खासियत यह है कि ये पूरी तरह से मेंटेनेंस फ्री होंगें। केवल एक सामान्य धुलाई के माध्यम से ही इसे आसानी से साफ किया जा सकता है और इसके लिए किसी अन्य विशेष रखरखाव की आवश्यकता नहीं होगी।

उन्होंने आगे बताया कि इस अनूठी संरचना में न केवल अच्छी गुणवत्ता वाला आरसीसी स्टोन होगा बल्कि तीन तरफ से साइड ओपन कियोस्क का भी प्रावधान होगा। एनडीएमसी ने रफी मार्ग पर कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में पहला ऐसा आदर्श कियोस्क बनाया और अब इस वित्तीय वर्ष में सभी कियोस्क का पुनर्विकास किया जाएगा। कियोस्क के बाहर डिस्प्ले पैनल का भी प्रावधान किया गया है, ताकि भविष्य में जरूरत पड़ने पर इस पर विज्ञापन लगाया जा सके। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत प्रत्येक कियोस्क के पुनर्विकास की अनुमानित लागत करीब 11 लाख रुपए होगी।

### स्वच्छता सर्वेक्षण में 7 स्टार रैंकिंग पाने की मुहिम

उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री 2015-16 के दौरान पहले से ही स्वच्छ भारत मिशन की घोषणा की है। हमारा उद्देश्य नई दिल्ली के क्षेत्र के हर कोने-कोने को सुशोभित करना है चाहे वह खोखे, फुटपाथ, सड़कें या पार्कों और उद्यानों का सौंदर्यीकरण हो। उन्होंने कहा कि इसके पीछे एनडीएमसी का उद्देश्य आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में 5 स्टार से 7 स्टार रैंकिंग हासिल करना भी है और इसलिए यह पहल न केवल नई दिल्ली क्षेत्र के सौंदर्यीकरण को बढ़ाती है बल्कि सभी कियोस्को को एक अद्वितीय, समान-मानक और आधुनिक रूप प्रदान भी करती है।

### दक्षिणी निगम में स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियां तेज

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में अपनी रैंकिंग सुधारने के लिए तैयारियों के प्रयास को तेज कर दिया है। इसी क्रम में निगम ने सभी चारों क्षेत्रों में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

मध्य क्षेत्र स्थित अन्ना नगर जेजे कैंप में कूड़े के निस्तारण, सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने एवं कॉलोनी में स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक आयोजित किए गए एवं नागरिकों को कपड़े के थैले एवं कूड़ेदान वितरित किए गए। न्यू रोशनपुरा एवं वैशाली कॉलोनी में स्त्रोत पर कूड़े के निस्तारण, सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## संक्षिप्त समाचार



प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा नेता

### केजरीवाल वादे नहीं किए पूरे, दे इस्तीफा भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री हर्ष मल्होत्रा ने केजरीवाल सरकार के कार्यकाल सात साल पूरे होने के दिन को काला दिवस बताते हुए कहा कि देश में झूठ बोलने और घोटाले करने के मामले में केजरीवाल नंबर एक पर हैं। पिछले सात सालों में हर साल यमुना सफाई की बात करने वाले केजरीवाल को 2419 करो? रुपये केंद्र सरकार से मिलने के बावजूद आज यमुना और बदतर स्थिति में हैं। 18 एसटीपी प्लांट लगाने का वायदा भी पूरा नहीं हुआ। दूसरे राज्यों में भी जाकर झूठे वायदें करते हैं क्योंकि उन्हें दिल्ली को छोड़कर बाकी सभी राज्यों की चिंता हैं। पिछले सात सालों में एक भी वायदा पूरा नहीं करने वाले केजरीवाल को तुरंत प्रभाव से इस्तीफा देना चाहिए। प्रेसवार्ता में प्रदेश उपाध्यक्ष राजन तिवारी, प्रदेश प्रवक्ता सारिका जैन एवं शुभेन्द्रू शेखर अवस्थी और प्रदेश मीडिया रिलेशन विभाग के सह-प्रमुख विक्रम मित्तल उपस्थित थे।

### सीएम ने बप्पी लाहिड़ी के निधन पर किया शोक व्यक्त

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गायक-संगीतकार बप्पी लाहिड़ी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह संगीत जगत के लिए एक बड़ी क्षति है। केजरीवाल ने बुधवार को ट्वीट कर कहा किया, मशहूर गायक एवं संगीतकार बप्पी लाहिड़ी की आत्मा को भगवान अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा उनके परिजनों एवं उनके चाहने वालों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। देश में 80 और 90 के दशक में डिस्को संगीत को लोकप्रिय बनाने वाले बप्पी दा का स्वास्थ्य संबंधी कई दिक्कतों के बाद मंगलवार रात निधन हो गया। वह 69 वर्ष के थे। मुख्यमंत्री ने पंजाबी फिल्मों के अभिनेता दीप सिद्धू की एक सड़क हादसे में मौत होने पर भी शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दीप सिद्धू के असामयिक निधन के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ। वह उनके परिवार एवं मित्रों के प्रति संवेदना व्यक्त करते है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 17 फरवरी, 2022



आईआईटी दिल्ली की टीम ने दिया है यह निष्कर्ष

# सेक्टर-37डी में ग्रीन व्यू सोसायटी अनसेफ, दो महीने में कराएं खाली...

### इच्छुक रेजिडेंट्स को दिलवाया जाएगा ब्याज के साथ रिफंड

### जांच में एनबीसीसी और ठेकेदार की गलती आई सामने

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-37डी स्थित ग्रीन व्यू सोसायटी, इसे रहने के लिए असुरक्षित घोषित किया गया है।

**सेक्टर-37डी** स्थित ग्रीन व्यू सोसायटी का सामने आया है। आईआईटी दिल्ली की टीम ने इस सोसायटी का अध्ययन किया। टेस्टिंग की गई, जिसमें पता चला कि वहां के पानी में क्लोराइड ज्यादा है। जिससे कोरोजन हो रहा है। टीम ने इसकी जांच के बाद सोसायटी के फ्लैट्स को पूरी तरह से अनसेफ (असुरक्षित) घोषित किया है। साथ ही दो महीने के भीतर यहां निवासियों से फ्लैट खाली कराने की सिफारिश की है। अब जांच आईआईटी रुड़की से भी कराई गई है, जिसकी रिपोर्ट आनी बाकी है।

बुधवार को यहां सेक्टर-37डी स्थित ग्रीन व्यू सोसायटी रेजीडेंट्स व एनबीसीसी के उच्च अधिकारियों की जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बैठक बुलाई। बैठक में सोसायटी में रहने वाले लोगों की सुरक्षा को देखते हुए यह निर्णय लिया गया कि रेजिडेंट्स एक मार्च तक सोसाइटी में अपने घरों को खाली कर देंगे। बताया गया कि सोसाइटी में 140 परिवार रह रहे हैं। एनबीसीसी द्वारा इन परिवारों को वैकल्पिक आवासीय सुविधा में शिफ्ट करने की ऑप्शन दी गई है। शिफ्टिंग का खर्च एनबीसीसी वहन करेगा। यदि परिवार एनबीसीसी द्वारा सुझाए गए वैकल्पिक आवास में नहीं रहना चाहता तो वह जिस आकार के फ्लैट में अभी रह रहा है, उसी अनुरूप अपनी सुविधा अनुसार फ्लैट किराए पर लेकर रह सकता है। जिसका किराया भी एनबीसीसी वहन करेगा।

बैठक में उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि जो रेजिडेंट्स रिफंड लेना चाहते हैं, उनके मामले में जिला प्रशासन एनबीसीसी को एक महीने में ब्याज के साथ रिफंड करने का आदेश देगा। साधारण दरों पर कानून व विधिक प्रावधानों के हिसाब से जो ब्याज बनता है, वो दिया जाएगा। उन्होंने बैठक में उपस्थित रेजिडेंट्स को समझाया कि उनके फ्लैट्स की ऑनरशिप अर्थात मालिकाना हक उनका ही रहेगा और मालिक को वाजिब मुआवजा दिए बगैर तोड़फोड़ नहीं की जाएगी।

### रेजिडेंट्स के साथ भी साझा होगी रिपोर्ट

**बिल्डिंग** के स्ट्रक्चर के बारे में आईआईटी दिल्ली द्वारा दी गई रिपोर्ट रेजिडेंट्स के साथ साझी की जाएगी। आईआईटी दिल्ली ने अपना निष्कर्ष दिया कि सोसाइटी की बिल्डिंग अनसेफ अर्थात असुरक्षित है। इसलिए इसे दो महीने में खाली कराएं। सीपीआरआई और आईआईटी रुड़की के चार सदस्यों की जो दूसरी नई एक्सपर्ट कमेटी बनी है, वह बिल्डिंग का सेफ्टी ऑडिट करने के दौरान रेजिडेंट्स के प्रतिनिधियों से भी बात करेगी और सभी पहलुओं के बारे में बताएगी।

### 700-800 फ्लैट की 4-5 साल में हालत खराब

**बैठक** में एनबीसीसी के सीएमडी पीके गुप्ता और सीजीएम नॉमन अहमद उपस्थित थे। रेजिडेंट्स का पक्ष सुनने के बाद श्री गुप्ता ने कहा कि वे इस बात से इनकार नहीं करते कि रेजिडेंट्स पीड़ित हैं। ये फ्लैट्स एनबीसीसी ने बनवाए हैं तो वह दोषी है। साथ ही उन्होंने कहा कि 700 से 800 फ्लैट के कांप्लेक्स की 4 से 5 साल में यह हालत हो गई, ऐसा कम होता है। उन्होंने कहा कि शुरू में हम भी हैरान थे कि ऐसा क्यों हुआ, हम समझ नहीं पाए की बिल्डिंग के बाहरी हिस्से में क्रेक या दरारें कैसे आ रही हैं। इसीलिए आईआईटी दिल्ली के विशेषज्ञ को सेफ्टी ऑडिट पर लगाया।

### दूसरी एक्सपर्ट कमेटी की रिपोर्ट पर होगा निर्णय

**उपायुक्त** ने कहा कि दूसरी एक्सपर्ट कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद रिफंड के बारे में निर्णय लिया जाएगा। उस रिपोर्ट में यदि यह आ जाता है कि बिल्डिंग रहने के लिए सुरक्षित है या कुछ मरम्मत आदि के बाद ठीक हो सकती है, ऐसी स्थिति में भी जो रेजिडेंट्स वहां रहने के इच्छुक नहीं हैं और रिफंड चाहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार ब्याज के साथ रिफंड दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक्सपर्ट कमेटी की रिपोर्ट आने पर अगर बिल्डिंग की रिपेयर करने के बाद एनबीसीसी रेजिडेंट्स को सेफ्टी सर्टिफिकेट देता है तो वहां पर जो रहना चाहते हैं वे रह सकते हैं। अभी वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए सभी को एक बार सोसाइटी को खाली ही करना होगा। अन्यथा बाद में कोई अनहोनी हो गई तो हम में से कोई भी अपने आप को माफ नहीं कर पाएगा। इस मामले में यही सामने आया है कि गलती एनबीसीसी और ठेकेदार की है, रेजिडेंट्स तो पीड़ित है।

## संक्षिप्त-समाचार

### छात्राएं अनुपयोगी वस्तु को उपयोगी बनाने की कला में माहिर



**सोहना।** एनएसएस शिविर में छात्राएं घर के अंदर अनुपयोगी पड़ी वस्तु को उपयोगी बनाने की कला सीख रही हैं। ताकि इस कला को जीवन में रोजगार चलाकर आर्थिक कमाई की जा सके। शहर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में छात्राओं के चल रहे एनएसएस शिविर में छात्राएं कला के माध्यम से रोजगार का हुनर सीख रही हैं। घर के अंदर उपयोग न आने के बाद गोदाम या किसी कोने में फेंकी जाने वाली वस्तु को कैसे उपयोग में लाया जा सके। छात्रा नेहा का कहना है कि मटके के ऊपर सुन्दर पेंटिंग बनाकर उसे बाजार में बेचाकर पैसा कमाया जा सकता है। पेंटिंग करने की कला ने कबाड़ में फेंकी वस्तु को उपयोगी बना दिया। इसी कला से प्रशिक्षण केन्द्र चलाकर हर माह हजारों रुपये की आर्थिक आय हो सकती है। मुस्कान का कहना है कि हुनर के सामने कोई भी वस्तु अनउपयोगी नहीं होती है। जिससे रोजगार कमाई के साथ-साथ प्रशिक्षण देकर दूसरों को भी कमाई करने का ज्ञान दिया जा सकता है। शिविर संचालक प्राध्यापक उषा रानी ने बताया कि हुनर सीखने की कोई उम्र नहीं होती है। स्कूल समय में बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ कला का हुनर सीख लेते हैं। स्कूल प्रधानाचार्य सुनील कुमारी ने बताया कि विद्यार्थी जीवनकाल में बच्चों के अंदर कला सीखने की जिज्ञासा होती है। इस उम्र में बच्चों का मानसिक विकास होता है। जिससे बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है। यही आत्मविश्वास बच्चे को आत्मनिर्भर बना देता है।

### सांचौली में रविदास जयंती पर चलाया सफाई अभियान



**सोहना।** संत गुरु रविदास जयंती पर महा सफाई अभियान के आखिरी दिन ग्राम पंचायत सांचौली में सफाई अभियान चलाया गया। गांव के युवाओं ने श्रमदान कर गांव की गलियों और सार्वजनिक स्थानों की सफाई की। 13 फरवरी से खंड की 35 ग्राम पंचायतों में संत रविदास जयंती के उपलक्ष्य में शुरू किया महा सफाई अभियान का बुधवार को ग्राम पंचायत सांचौली में समापन्न हो गया। ग्राम पंचायत सांचौली में सरपंच ज्योति सहित पंच, नंबरदार और युवा संगठन से जुड़े युवकों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। गांव के युवाओं ने श्रमदान करते हुए गांव के प्रत्येक रास्त, गली, चौक और सार्वजनिक स्थानों पर सफाई की गई। युवाओं ने इस अवसर पर गांव को स्वच्छ रखने की शपथ भी ली। अभियान में श्रमदान करने वालों में खंड कोऑर्डिनेटर गौरव राघव व ग्राम पंचायत सांचौली की सरपंच ज्योति और स्वच्छताग्रही सनी कुमार व सक्षम युवाओं और ग्रामीणों में अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### ट्रॉला चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**सोहना।** सोहना सिटी थाना पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर ट्रॉला चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सोमवार रात्रि दो बजे बेकाबू ट्रॉला घाटी से उतरते समय सड़क किनारे बनी दो दुकानों में घुस गया था। मालूम रहे कि सोमवार रात्रि करीब दो बजे तावडू की ओर से कोयला से भरा आ रहा ट्रॉला दो दुकानों में घुस गया था। जिससे दोनों ही दुकानें धराशाही हो गई थीं। दुकान मालिक रविकांत माथुर ने पुलिस को ट्रॉला चालक राजकुमार जिला अलवर राजस्थान निवासी पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

## बस स्टैंड पर रोडवेज कार्यालय यात्रियों की सेवा में 24 घंटे खुलेगा



**सोहना।** शहर के सामान्य बस स्टैंड पर हरियाणा रोडवेज का खंड कार्यालय यात्रियों की सेवा के लिए 24 घंटे खुला रहेगा। अब यात्री रात्रि के समय में भी बस स्टैंड पर बसों के आवागमन की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। जल्द ही विभाग द्वारा बस स्टैंड पर टोल फ्री नंबर भी चालू किया जाएगा।

सोहना से दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, बल्लभगढ़, पलवल, मथुरा, आगरा, अलीगढ़, चंडीगढ़, रेवाड़ी, नारनौल, नूंह, अलवर, मेरठ, शिमला आदि शहरों को चलने वाली बसों की जानकारी सामान्य बस स्टैंड पर यात्रियों को 24 घंटे मिलेगी। हरियाणा रोडवेज का खंड कार्यालय यात्रियों की सेवा में 24 घंटे खुला रहेगा। बस स्टैंड प्रभारी समेत गोविन्द सिंह सहित चार अन्य कर्मचारी तैनात हैं। सभी कर्मचारी तीन चरणों में अपनी ड्यूटी देते हैं। रात्रि सेवा रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक रहती है। इसके अलावा दिन के समय में दो चरण में कर्मचारी ड्यूटी पर तैनात रहते हैं। बस स्टैंड प्रभारी गोविंद सिंह ने बताया कि यात्री अपने घर बैठकर भी सामान्य बस स्टैंड से चलने वाली बसों की जानकारी ले सकेंगे। जिसके लिए लैंड लाइन नंबर चालू किया जा रहा है। सामान्य बस स्टैंड पर आने वाले यात्रियों को दिन के साथ-साथ रात्रि सेवा भी शुरू की गई है। कार्यालय पर 24 घंटे कर्मचारी ड्यूटी देगा।

## संत गुरु रविदास की विचारधारा आज भी प्रासंगिक

### संत गुरु रविदास की 645वीं जयंती पर हुआ कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


गुरुग्राम के जैकबपुरा स्थित गुरु रविदास मंदिर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधायक सत्यप्रकाश जरावता और अन्य।

**संत** गुरु रविदास की 645वीं जयंती पूरे प्रदेश में बुधवार को धूमधाम से मनाई गई। गुरुग्राम जिला मुख्यालय स्तर पर संत गुरु रविदास जयंती का कार्यक्रम जैकबपुरा स्थित रविदास मंदिर में आयोजित किया। पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने संत गुरु रविदास के फोटो पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में संत रविदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत रविदास की शिक्षा, संस्कार और विचार हमें जीवन में उतारने चाहिए। उनकी शिक्षा आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने समाज में एकता और शांति का संदेश देते हुए देश को आगे बढ़ाया। संत रविदास सामाजिक समरसता के प्रतीक थे, उन्होंने अपने पूरे जीवनकाल में सम्पूर्ण विश्व में सामाजिक समरसता का संदेश प्रसारित करने का कार्य किया। विधायक ने कहा कि भारत वर्ष के सभी महापुरुषों के जीवन से हमें भाईचारा कायम रखने की सीख मिलती है।

श्री जरावता ने कहा कि संत रविदास ने जीवन भर समाज में फैली कुरीति जैसे जात पात के अंत के लिए काम किया। उन्होंने सदैव काम को महत्व दिया और गंगा स्नान के लिए कहा कि मन चंगा तो कठौती में गंगा। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास ने जो समाज हित के कार्य किए थे, उनको हमेशा याद रखा जाएगा।

श्री जरावता ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में संत श्री रविदास जी की शिक्षा व उनके विचारों को आदर्श मानते हुए दलित समाज के उत्थान के लिए पूर्ण रूप से प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदशन में आज पूरे प्रदेश में गुरु रविदास, संत कबीरदास, श्री वाल्मीकि जयंती व बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई जाती है। गुरुग्राम में जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम गुरुग्राम की महापौर मधु आजाद, गुरुग्राम के नगराधीश दर्शन यादव, जिला कल्याण अधिकारी राकेश कुमार, निगम पार्षद रजनी शाहनी, भाजपा नेता नवीन गोयल व श्री गुरु रवि दास सभा गुरुग्राम के सदस्य भी उपस्थित रहे।

## वेतन न मिलने पर ठेकेदार के खिलाफ प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना


बुधवार को वेतन न मिलने पर डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाले कर्मचारियों ने ठेकेदार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए।

**नगर** परिषद में डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाले कर्मचारियों ने तीन माह से वेतन न मिलने पर ठेकेदार के खिलाफ धरना दिया। कर्मचारियों ने ठेकेदार पर छह माह से पीएफ जमा न कराने और कम वेतन देने का आरोप भी लगाया है। नगर परिषद सफाई कर्मचारी यूनियन प्रधान के आश्वासन के बाद धरनारत कर्मचारियों ने प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

नगर परिषद के सभी 21 वार्डों में डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाले 35 कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर शैलटर हाउस के गेट पर ताला लगाकर धरने पर बैठ गए। कर्मचारियों में महबूब खान ने बताया कि उन्हें ठेकेदार हिमांशु पिछले तीन माह से वेतन नहीं दे रहा है। जब भी कर्मचारी वेतन की मांग करते हैं तो एक-दो दिन का आश्वासन देकर टाल रहा है। राजू का कहना है कि ठेकेदार ने उनका छह माह से पीएफ भी जमा नहीं किया है। जबकि उनके वेतन में से पीएफ की राशि काटी जा रही है। रोहित का कहना है कि उन्हें 12 हजार रुपये प्रति माह के वेतन पर रखा हुआ है। जबकि ठेकेदार 10 हजार रुपये हर माह वेतन देता है। कर्मचारियों के समर्थन में आए नगर परिषद सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान विक्रम सिंह के आश्वासन के बाद सभी अपने कामकाज पर चले गए।

### यूनियन प्रधान ने दी चेतावनी

**नगर** परिषद सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान विक्रम सिंह ने कर्मचारियों को सोमवार तक रुका हुआ वेतन दिलाए जाने का आश्वासन दिया है। विक्रम ने कर्मचारियों को बताया कि यदि सोमवार तक ठेकेदार वेतन नहीं देगा तो मंगलवार से यूनियन कर्मचारी उनके साथ धरने पर बैठ जाएंगे। इस बारे में ठेकेदार हिमांशु का कहना है कि शनिवार तक सभी कर्मचारियों को रुका हुआ वेतन दे दिया जाएगा। सभी कर्मचारियों का पीएफ समय पर जमा कराया जाएगा। कर्मचारियों द्वारा कम वेतन देने का आरोप गलत लगाया जा रहा है।

## फिनमैप ने लांच किया मोबाइल ऐप

**गुरुग्राम।** नेक्स्ट जनरेशन वित्तीय सलाहकार और सभी वित्तीय उत्पादों के लिए वन-स्टॉप मार्केट प्लेस उपलब्ध कराने वाले फिनमैप ने बुधवार को सेक्टर-27 स्थित अपने कार्यालय में यह ऐप लांच किया।

कंपनी ने ऐप के विकास के लिए वित्त वर्ष 21-22 में 0.5 मिलियन अमरीकी डालर का निवेश कर वित्त वर्ष 22-23 में 2.0 मिलियन डालर का निवेश करेगा। फिनमैप आगे चलकर इस ऐप को 4 अलग-अलग भाषाओं हिंदी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ में पेश करेगा। कंपनी के अधिकारी कुमार बिनीत ने कहा कि हम ऋण, निवेश विकल्पों के लिए और अधिक उत्पादों को शामिल करेंगे। एसएमई ऋण, एसएमई के लिए कार्यशील पूंजी ऋण, शिक्षा ऋण, स्वर्ण ऋण, क्रेडिट कार्ड कुछ ऐसे उत्पाद हैं, जिन्हें हम इस वर्ष ऋण के लिए लॉन्च करने की योजना बना रहे हैं। निवेश के लिए एनपीएस, सावधि जमा, बांड, कमोडिटी ट्रेडिंग, मुद्रा व्यापार पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवा जैसे उत्पाद जोड़ने और भुगतान सेवा के लिए खुद का यूपीआई बनाने पर विचार कर रहे हैं।

## पंजाब चुनावों में भी भाजपा गठबंधन की बनेगी सरकार

### पंजाब के अमलोह विधानसभा में प्रचार को पहुंचे विधायक

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


पंजाब में चुनाव प्रचार करते विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने पंजाब विधानसभा चुनावों के लिए अमलोह विधानसभा से प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार किया। मतदाताओं से अपील की कि भाजपा गठबंधन की सरकार बनाकर पंजाब का समुचित विकास का मार्ग बनाएं।

विधायक सुधीर सिंगला के साथ चुनाव प्रचार में सरस्वती मंडल अध्यक्ष अभिषेक गुलाटी, पार्षद नीरज यादव, मनीष वजीराबाद, अश्विनी शर्मा, दलीप साहनी, पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया, मंगतराम बागड़ी, सुनील मेंबर, मदन गोपाल सिंगला, कुलदीप साहू व गुरुग्राम से अन्य पार्टी कार्यकर्ता शामिल रहे। विधायक सुधीर सिंगला ने जनसंपर्क अभियान के दौरान पंजाब के लोगों से आह्वान किया कि पंजाब देश की शान है। इस शान को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा की सरकार बनाएं। इसके बाद डबल इंजन की सरकार जब काम करेगी तो विकास और तेज गति से होगा। विधायक ने कहा कि पंजाब की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से काफी प्रभावित है। पंजाब के विकास को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदैव सकारात्मक काम किया है। इस समय यहां कांग्रेस की सरकार है। मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के छोटे से कार्यकाल में पंजाब ने जो दर्द झेला है, वह सबके सामने है। चन्नी के कार्यकाल में माफिया पनप चुका है। ऐसे लोगों के हाथ में प्रदेश बर्बाद ही हो सकता है। उन्होंने कहा कि पंजाब की इस सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने पर जो अनुशासनहीनता की, वह किसी से छिपी नहीं है। पंजाब की जनता को चाहिए कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाकर भय, भ्रष्टाचार मुक्त शासन लाए। यह समय परिवर्तन का है। उन्होंने यूपी के अब तक हो चुके चुनावों का भी यहां जिक्र करते हुए कहा कि अब तक प्रदेश की जनता से भाजपा सरकार लाने के लिए ही वोट किया है। रुझानों में यह साफ झलक रहा है। जिस तरह यूपी भ्रष्टाचार, भय मुक्त हुआ है, ऐसी ही तस्वीर हमें पंजाब की भी बनानी है। पंजाब को रंगला पंजाब बनाकर भाजपा प्रदेश को ऊंचाइयों पर लेकर जाएगी।

## भगवान वाल्मीकि का जीवन हम सबके लिए प्रेरणा

### भगवान वाल्मीकि की मूर्ति स्थापना पर नवीन गोयल ने कही यह बात

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा कि भगवान वाल्मीकि की जीवन हम सबके लिए प्रेरणा दायक है। प्राचीन वैदिक काल के ऋषियों की श्रेणी में उनका नाम पहले स्थान पर आता है। ऐसे महान ऋषि की मूर्ति स्थापना के कार्यक्रम में आकर वे धन्य हुए हैं। यह बात उन्होंने बुधवार को यहां दयानंद कॉलोनी शिव मंदिर में भगवान वाल्मीकि की मूर्ति स्थापना समारोह में बोलते हुए कही।

श्री गोयल ने कहा कि भगवान वाल्मीकि ने महाकाव्य रामायण की रचना करके हमें जीवन के सही अर्थों का संदेश दिया। जीवन के हर पड़ाव पर हमें किस तरह से चलना है, यह उन्होंने अपने इस महाकाव्य में सिखाया। पिता की आज्ञा का पालन और पुत्र के रूप में श्रीराम द्वारा निभाए गए अपने कर्तव्य से आज की पीढ़ी को शिक्षा लेनी चाहिए। रामायण महाकाव्य में उन्होंने 24 हजार श्लोकों का निर्माण किया। हर एक श्लोक हमें जीवन के हर कदम पर नई सीख देता है।

नवीन गोयल ने वाल्मीकि समाज की नई बस्ती में पुरानी हो चुकी चौपाल को लेकर उनके नवनिर्माण की बात कही। उन्होंने कहा कि इसके लिए भरसक प्रयास किए जाएंगे। नई बस्ती क्षेत्र में करीब एक हजार घर हैं। एक हजार घरों में प्रति घर चार सदस्य भी जोड़कर देखें तो आबादी चार हजार हो जाती हैं। क्षेत्र के घरेलू कार्यक्रमों के लिए पुरानी हो चुकी इस चौपाल को अब नया बनाया जाना जरूरी भी है। इस चौपाल के बनने के बाद क्षेत्र के लोगों को काफी सहूलियत हो जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर के हर क्षेत्र में पुरानी चौपालों को नए बनाया जा रहा है। सर्व समाज की चौपालों को भव्य बनाया जा चुका है। शहर में काफी चौपालें ऐसी हैं, जो कि बहुत पुरानी हो चुकी हैं। वहां पर आयोजन करने में लोगों को दिक्कतें आती हैं। कई जगह तो चौपालें खंडहर हो चुकी हैं। इसलिए इन चौपालों को भव्य बनाया जा रहा है। वर्तमान की जरूरतों के हिसाब से उनका निर्माण किया जा रहा है।

इस अवसर पर बाबा अलखनाथ, दिल्ली कालकाजी मंदिर से सुरेंद्र नाथ जी, सुल्तान वाल्मीकि, रमेश कुमार, जुगेश कुमार, राजकुमार, कुलदीप, वीरभान, महेंद्र, सुरेंद्र भंडारी, बिरम लाल, महेंद्र पंडित, ईशु वाल्मीकि, कमलकांत गोयल, कैप्टन विक्रम भार्गव एडवोकेट, रविदास सभा के प्रधान योगेंद्र, प्रताप नगर से किरपा राम, कन्हैया और महेंद्र आदि लोग उपस्थित रहे।

## अदालत हत्यारोपी पति को भेजा जेल

**सोहना।** अदालत ने 25 वर्षीय विवाहिता नाजिया के हत्या आरोपी पति को न्यायिक हिरासत में भोंडसी जेल भेजा। पुलिस ने हत्यारोपी पति साकिर को मंगलवार की देर रात उसके घर फरीदाबाद से गिरफ्तार किया था।

सोहना सिटी थाना पुलिस ने पीर कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय विवाहिता नाजिया के हत्यारोपी साकिर को मंगलवार की देर रात उसके घर जमाई कॉलोनी फरीदाबाद से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने बुधवार की सुबह साकिर को अदालत में पेश किया। अदालत पत्नी नाजिया की हत्या के आरोपी में जेल भेज दिया है। हत्यारोपी दामाद पर उसकी सास समीम ने जान से मारने के इरादे से पिटाई करने का आरोप लगाया था। इसके अलावा समीम ने अपने दामाद पर बेटी नाजिया पर पिता के घर से 50 हजार रुपये न लाने पर प्रताड़ित करने का भी आरोप लगाया था। समीम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि साकिर की मांग बहन और भाइयों ने मिलकर एक साथ पीटा था।

## भारत में निशुल्क क्लाउड कंप्यूटिंग प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए टेक महिंद्रा फाउंडेशन ने एडब्लूएस रि/स्टार्ट प्रोग्राम के साथ सहयोग किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**टेक** महिंद्रा लिमिटेड के कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) अंग, टेक महिंद्रा फाउंडेशन ने बेरोजगारी या अल्परोजगार के शिकार लोगों को क्लाउड कंप्यूटिंग टेक्नॉलॉजी में करियर शुरू करने में समर्थ बनाने के लिए एमेजॉन इंटरनेट सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड (एआईएसपीएल) के साथ गठबंधन किया। एडब्लूएस रि/स्टार्ट प्रोग्राम 12 हफ्तों का व्यक्तिगत कौशल आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसमें मूलभूत एडब्लूएस क्लाउड कौशल एवं व्यवहारिक करियर के कौशल, जैसे इंटरव्यू एवं रेज्यूम बनाने, लोगों को क्लाउड में एंट्री-लेवल के पदों की तैयारी कराना शामिल है। यह कार्यक्रम हैदराबाद, मोहाली, विशाखापट्नम, बैंगलोर, दिल्ली, मुंबई, और पुणे में टेक महिंद्रा स्मार्ट एकेडेमीज ऑफ डिजिटल टेक्नॉलॉजीज द्वारा ऑनलाइन लर्निंग के माध्यम से प्रदान किया जाएगा।

यह कार्यक्रम लर्नर्स को बिना लागत के प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें आवेदन के लिए टेक्नॉलॉजी का कोई पूर्व अनुभव आवश्यक नहीं। परिदृश्य आधारित अभ्यास, प्रायोगिक प्रयोगशालाओं, एवं कोर्सवेयर के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रोग्रामिंग लैंग्वेज (लीनक्स एवं पायथन) बनाना, नेटवर्किंग, सिक्योरिटी एवं रैशोनल डेटाबेस स्किल्स आदि सिखाए जाएंगे। अंत में प्रतिभागियों को ऑपरेशंस, साईट की विश्वसनीयता एवं इंफ्रास्ट्रक्चर सपोर्ट आदि क्षेत्रों में क्लाउड में एंट्री-लेवल के कार्यों के लिए तैयार किया जाएगा।

एडब्लूएस रि/स्टार्ट प्रोग्राम द्वारा यह फाउंडेशन लोगों को इन-डिमांड क्लाउड कौशल का विकास करने और उन्हें नौकरियों के लिए तैयार करने में मदद देने के लिए उत्साहित है। अभियान के बारे में, राकेश सोनी, सीईओ, टेक महिंद्रा फाउंडेशन ने कहा, क्लाउड कंप्यूटिंग 21 वीं सदी का टेक्नॉलॉजिकल इनोवेशन है, जो डिजिटल परिवर्तन संभव बना रहा है। महामारी ने कई व्यवसायों द्वारा क्लाउड अपनाए जाने को गति दी, और उन्हें अनिश्चितता के दौर से बाहर निकलने में मदद की। यह प्रोग्राम लोगों को बहुमूल्य और इन-डिमांड क्लाउड कौशल का विकास करने में मदद करेगा और उन्हें उद्योग में मान्यता-प्राप्त एडब्लूएस सर्टिफिकेशन प्रदान करेगा, ताकि वो शुरुआत से ही सफलता की ओर बढ़ सकें।

अमित मेहता, हेड, एडब्लूएस ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन, एआईएसपीएल ने कहा, एडब्लूएस रि/स्टार्ट जरूरतमंद लोगों, उनके आसपास के समुदायों वं एडब्लूएस पर स्थापित होने वाले संगठनों, सभी के लिए फायदेमंद प्रस्ताव स्थापित करता है। यह प्रोग्राम बेरोजगारी और अल्परोजगार से पीड़ित लोगों को इन-डिमांड क्लाउड के अवसर प्राप्त करने और रोजगारदाताओं को निष्ठावान और विविध कार्यबल स्थापित करने में मदद करता है। हमें टेकमहिंद्रा फाउंडेशन के साथ काम करने पर गर्व है, ताकि हम इन लोगों को इन-डिमांड क्लाउड कौशल प्रदान करके संगठनों को एडब्लूएस क्लाउड के साथ अपने इनोवेशन को गति देने में मदद कर सकें।

एडब्लूएस सर्टिफाईड क्लाउड प्रैक्टिशनर सर्टिफिकेशन परीक्षा में बैठने का खर्च व उसकी तैयारी की लागत इस प्रोग्राम में शामिल है। इसके द्वारा लोगों को उद्योग में मान्यताप्राप्त क्रेडेंशियल के साथ अपने क्लाउड कौशल की पुष्टि करने का अवसर मिलता है।

# बीके चौक जाम मुक्त बनाने को पुलिस ने कसी कमर

## एंबुलेंस सहित अन्य वाहनों को जाम के झाम से मिलेगी निजात

**पायनियर समाचार सेवा**। फरीदाबाद



बीके चौक पर आटो वालो को आटो स्टैड पर लगवाते पुलिस कर्मी। पायनियर में प्रकाशित खबर।




**शहर** के बादशाह खान सिविल अस्पताल परिसर और बीके चौक पर लगने वाले जाम के कारण एम्बुलेंस आए दिन फंस जाती है। तीन एम्बुलेंस एक साथ फंसने के कारण मरीजों को काफी परेशानियां झेलनी पड़ी थी। इस मुद्दे को पायनियर संवाददाता कविता ने बुधवार 16 फरवरी के अंक में प्रमुखता से उठाया था। जिस पर संज्ञान लेते हुए औद्योगिक नगरी की बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था को दुरूस्त करने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने दिशा-निर्देश जारी कर दिए। जिस पर कार्यवाही करते हुए थाना ट्रैफिक प्रभारी दर्पण कुमार की टीम ने हर क्षेत्र में ऑटो स्टैंड बनाने शुरू कर दिए हैं। इसी कड़ी में ट्रैफिक पुलिस के एसआई जयभगवान ने अपने अन्य ट्रैफिक कर्मियों के साथ सुबह से ही बीके चौक पर ऑटो स्टैंड स्थापित कर जाम की समस्या से निजात दिलाने का प्रयास शुरू कर दिया।

इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पायनियर में छपी खबर के बाद देखा गया कि एम्बुलेंस किस कारण से जाम में फंस रही है। इसमें पता चला कि बीके चौक पर मुख्य चौराहा होने के साथ-साथ नगर निगम व सिविल अस्पताल में आने-जाने वाले लोगों व एम्बुलैंसों को ट्रैफिक जाम के चलते परेशानियों का अधिक सामना करना पड़ता है। जिसको देखते हुए बीके चौक पर चारों तरफ ऑटो स्टैंड स्थापित कर दिए गए है तथा सवारियों को मुख्य चौक से हटाकर आगे भेजने के लिए चारों कोनों पर होमगार्डस की तैनात भी कर दिये गए हैं। बीच सड़क पर ऑटो खड़ा करने की वजह से बीके अस्पताल रोड पर ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा जाती है। अस्पताल में आने वाले एंबुलेंस सहित अन्य वाहनों को इसकी वजह से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे ऑटो स्टैंड की यह व्यवस्था पूरे फरीदाबाद में लागू की जा रही है। जिसकी फरीदाबाद शहर में यातायात व्यवस्था को जाम मुक्त बनाने में अहम भूमिका रहेगी। इसके साथ ही ऑटो चालकों को समझाया जा रहा है कि वह मुख्य चौक के बजाय निर्धारित स्थानों पर ऑटो खड़ा करें और वहीं से सवारियों को भरे। अगर बावजूद इसके कोई ऑटो चालक इस नियम का उल्लंघन कर रहा है तो उसे पहली बार तो समझाया जा रहा है, लेकिन बाद में उसका चालान भी किया जाएगा।

## शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**फरीदाबाद**। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच 85 की टीम ने चोरी के 3 मुकदमों में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम दीपक है जो बल्लभगढ़ की फ्रेंड्स कॉलोनी का निवासी है। आरोपी के खिलाफ चोरी की धाराओं के तहत तीन मुकदमे दर्ज है जिसमें से एक मुकदमा आदर्श नगर, एक खेड़ी पुल तथा एक मुकदमा एसजीएम नगर का शामिल है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपी को दिनांक 14 फरवरी को गिरफ्तार कर लिया। चोरी के इन 3 मुकदमों में आरोपी के कब्जे से दो मोटरसाइकिल तथा एक पानी की मोटर बरामद की गई है।

# विभाग कैंप लगाने को तैयार, स्कूल बच्चों को भेज रहे टीकाकरण केंद्र

## स्कूलों में बच्चों को किया जा रहा टीका लगवाने के लिए परेशान

## बुधवार को अंतिम दिन होने की बात कहकर टीका लगवा कर आने के जारी किए निर्देश

**कविता**। फरीदाबाद





वैक्सीनेशन केन्द्र के बाहर लाइन में लगे बच्चे। प्रयोगशाला में टीके से पहले कोरोना जांच के लिए पहुंची स्कूली छात्राएं।

**शहर** में सरकारी हो या निजी स्कूल में जारी किए जा रहे निर्देशों के कारण विद्यार्थी परेशान हो रहे हैं। ऐसा ही बीके अस्पताल में मौजूद टीकाकरण और कोरोना जांच प्रयोगशाला में देखने को पिछले दो दिनों से मिल रहा है। जब विद्यार्थियों से इस विषय में पूछा गया तो उन्होंने एक चौकाने वाला खुलासा किया। उनका कहना था कि बुधवार तक उन्हें वैक्सीन लगवा कर आने की अंतिम तिथि दी गई है। इसके बाद उन्हें स्कूल में एंट्री नहीं दी जाएगी। ऐसे आदेशों के कारण विद्यार्थी परेशान होकर टीकाकरण केन्द्रों पर पहुंच रहे हैं।

दस फरवरी से स्कूल खुल गए हैं। जिसके तहत नियम जारी किए गए थे कि 15 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के विद्यार्थियों को वैक्सीन की डोज लगवा कर आनी है। लेकिन कुछ बच्चों ने अभी तक वैक्सीन नहीं लगवाई है। जिसे देखते हुए स्कूलों से जिला शिक्षा विभाग द्वारा डाटा एकत्रित करके देने को कहा जा रहा है। ताकि स्कूलों में ही वैक्सीनेशन के कैम्प लगाए जा सके। लेकिन जिले में मौजूद कुछ स्कूल संचालक इसके विपरित कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बुधवार तक हर हालत में सभी विद्यार्थियों को अपनी वैक्सीन की डोज लगवाने का आदेश जारी कर दिए। जिस कारण मंगलवार को स्कूल की छुट्टी के बाद से ही वैक्सीनेशन केन्द्रों पर विद्यार्थियों की भीड़ लगनी शुरू हो गई है। बुधवार को हालांकि संत रविदास की जयंती के मौके पर अवकाश था, लेकिन इसके बावजूद भी भारी संख्या में विद्यार्थी टीकाकरण केन्द्रों के बाहर नजर आए।

### लग रहे हैं कैम्प



डॉ. मान सिंह।

**इस** विषय में जब टीकाकरण अधिकारी डॉ. मान सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि स्कूलों में कैम्प के लिए हमने जिला शिक्षा विभाग को पहले ही कह दिया है कि कितने ही बच्चे हो, हम उससे अधिक वैक्सीन देकर वहां कैम्प लगा देंगे। ताकि विद्यार्थियों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि जिले में बुधवार को 6003 नागरिकों को डोज लगाई गई। जिसमें 15 से 17 वर्ष तक की आयुवर्ग के 3152 बच्चों ने कोरोना से बचाव का टीका लगवाया।

# महिला पर अमानवीय अत्यचार करने वाला पति गिरफ्तार



पत्नी के साथ मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार मोहम्मद सोहेल।

## हैवान की तरह पत्नी को प्रताड़ित करने वाला आरोपी दो साल से फरार चल रहा था

**फरीदाबाद**। महिला पुलिस थाना प्रभारी इंस्पेक्टर माया ने समाज में महिला विरुद्ध अपराध के मुकदमे में 2 साल से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर समाज में महिलाओं के उत्थान तथा महिला सशक्तिकरण के दिशा में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी मोहम्मद सोहैल शिव दुर्गा विहार कॉलोनी का रहने वाला है। वर्ष 2020 में आरोपी की 40 वर्षीय पत्नी ने उसके खिलाफ दी अपनी शिकायत में बताया कि 14 वर्ष पहले उनकी शादी हुई थी। उनके तीन बच्चे हैं। शादी के बाद से ही आरोपी लगातार उसे प्रताड़ित कर रहा है। उसने बताया कि उसका पति एक कंपनी में मैनेजर है और उसकी अच्छी खासी तनखा है, गाड़ी है, परंतु उसके पास अपनी पत्नी और बच्चों की देखभाल के लिए कभी भी पैसे नहीं होते। वह दिन रात शराब पीता है परंतु कई कई दिन तक घर में खाने के लिए खाना नहीं होता। जिसकी वजह से वह और उसके बच्चे भूख से तड़पते रहते हैं। महिला ने बताया कि वह अपने पति से कहीं ज्यादा पढ़ी लिखी है, पोस्ट ग्रेजुएट है परंतु उसके पति ने कभी भी उसकी कदर नहीं की। आरोपी की हैवानियत इतनी अधिक थी कि एक बार महिला ने अपने पति के दोस्त की पत्नी को कहा कि वह अपने पति से कहे की वह उसके पति को शराब पीने से रोके तो इस बात को लेकर आरोपी ने अपने जूते पर थूककर उसे अपनी पत्नी से चटवा दिया। जब महिला की सारी उम्मीदें टूट गई तो आखिरकार उन्होंने पुलिस की शरण में जाने की सोची और अपने पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा दिया।

# पुलिस ने दो बच्चियों को परिजनों तक पहुंचाया

**फरीदाबाद**। पुलिस चौकी सेक्टर 8 की टीम को सीही पुल के पास दो छोटी बच्चियां घूमती हुई दिखाई दी। लड़कियां रो रही थी। लड़कियों को अकेला पाकर पुलिस टीम ने उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लड़कियों को पानी पिलाकर पहले उन्हें चुप करवाया तथा फिर उनसे उनका नाम व उनके माता-पिता के बारे में पूछा। लड़कियों ने अपना नाम बताया परंतु वह अपने घर का पता बताने में असमर्थ थी।



बच्चों को परिजनों को सौंपते पुलिसकर्मी।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम ने लड़कियों को उनके घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से आसपास के लोगों से उनके परिजनों के बारे में पूछताछ की परंतु उन्हें लड़कियों के परिजनों के बारे में कोई भी जानकारी प्राप्त नहीं हुई। इसके पश्चात पुलिस चौकी प्रभारी भी मौके पर पहुंचे जो उन्हें लेकर पूरे एरिया में घूमने लगे तथा लड़की के माता-पिता के बारे में पूछताछ करने लगे। इसके साथ ही उन्होंने कंट्रोल रूम के माध्यम से पूरी फरीदाबाद पुलिस को लड़कियों के माता-पिता की जानकारी एकत्रित करने का संदेश पहुंचाया। चौकी एरिया में काफी खोजबीन करने के बाद पता चला कि दोनों लड़कियां सीही गांव के चौधरी मोहल्ले की रहने वाली है जिसके पश्चात पुलिस टीम लड़कियों को लेकर चौधरी मोहल्ले पहुंची जहां पर उनके परिजन लड़कियों की तलाश में घूम रहे थे। लड़कियों के परिजन अपनी बेटियों को वापस पाकर बहुत खुश हुए और उन्होंने तहे दिल से पुलिस टीम का धन्यवाद किया।

# कानूनी ज्ञान युवा अधिवक्ताओं तक पहुंचाने का प्रयास

## भारतीय विधि संस्थान नई दिल्ली के डायरेक्टर डॉक्टर मनोज कुमार सिन्हा से पूर्व सहायक एडवोकेट जनरल विकास वर्मा ने मुलाकात की

**पायनियर समाचार सेवा**। फरीदाबाद



भारतीय विधि संस्थान के डायरेक्टर डॉ. मनोज कुमार सिन्हा से मुलाकात करते पूर्व सहायक एडवोकेट जनरल विकास वर्मा।

**हरियाणा** के पूर्व सहायक एडवोकेट जनरल विकास वर्मा ने भारतीय विधि संस्थान नई दिल्ली के डायरेक्टर डॉक्टर मनोज कुमार सिन्हा से एक शिष्टाचार मुलाकात की।

श्री वर्मा ने डायरेक्टर डा. सिन्हा से निवेदन किया कि कानून की उच्च शिक्षा का ज्ञान देश के युवा अधिवक्ताओं तक पहुंचाने का भरपूर प्रयास किया जाए ताकि कानून की बारिकियां समझी जा सके। भारतीय विधि संस्थान हमेशा उच्च शिक्षा के प्रसार में अग्रणी रहता है। एडवोकेट श्री वर्मा पिछले कुछ समय पहले भारतीय विधि संस्थान के सदस्य नियुक्त किए गए थे, भारतीय विधि संस्थान देश का प्रतिष्ठित एक संस्थान है जहां पर कानून की शिक्षाओं पर रिसर्च होता है। यह संस्थान सुप्रीम कोर्ट के अंतर्गत आता है जिसके अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश होते हैं।

एडवोकेट विकास वर्मा ने लॉक डाउन के दौरान में काफी ऑनलाइन बेविनार विभिन्न कानून के मुद्दों पर आयोजित किये थे। जिनमें सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एवं सीनियर वकीलों ने बतौर मुख्य वक्ता के रूप में हिस्सा लिया। जिससे पूरे देश में अधिवक्ताओं एवं प्रोफेसरों एंव विधि छात्रों को इससे फायदा पहुंचाया गया। आगामी 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न विषयों में काम करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। श्री वर्मा ऑल इंडिया लॉयर फोरम के को चेयरमैन भी है तथा सुप्रीम कोर्ट में अपनी के.एम.एस. लॉ फर्म बतौर अधिवक्ता हैं। वर्मा ने कहा कि कानून कि उच्च शिक्षा का ज्ञान देश के युवा अधिवक्ताओं तक पहुंचना बहुत जरूरी है।

## सैनिटेशन स्टाफ कर्मचारी यूनियन के चुनाव सम्पन्न

**फरीदाबाद**। बीती देर सायं नगर निगम के मीटिंग हॉल में नगर निगम सैनिटेशन स्टाफ कर्मचारी यूनियन के सर्वसम्मति से संपन्न हुए। चुनाव में शिव कुमार प्रधान व अनिल बने सचिव चुने गए। आरबी रावत को वरिष्ठ उपप्रधान, दीपचंद हंस, ओम प्रकाश शर्मा को उपप्रधान, कमल हंस को कैशियर, राहुल चिंडालिया, कश्यप, सुनील, विशाल पारछा, खंडेलवाल सह सचिव, गजराज नागर एडिटर, अजीत रावत प्रेस सचिव, वजीर सिंह मांडी संगठन सचिव, रंगलाल सलाहकार, बिजेंद्र, अजीत, मदन, नरेंद्र नवादा वसुंद्र को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। चुने हुए पदाधिकारियों को नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने ईमानदारी, कर्मठता एवं निष्ठा से काम करने की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव बलबीर सिंह बालगुहेर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेदिक पद्धति है कारगर : डीसी

## शरीर को स्वस्थ रखने में हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर निभा रहे हैं अहम भूमिका

## आयुर्वेदिक पद्धति से किया जा रहा लोगों का मुफ्त इलाज

**पायनियर समाचार सेवा**। फरीदाबाद




बादशाह खान सिविल अस्पताल।

**कोरोना** महामारी के दौर में जिस प्रकार स्वास्थ्य विभाग ने अग्रणी भूमिका निभाते हुए कोरोना से बचाव के लिए व्यापक प्रबंध सुनिश्चित किए उनके साथ ही आयुष विभाग ने भी आयुर्वेदिक पद्धति के माध्यम से आमजन के स्वास्थ्य सुधार में अतुलनीय भूमिका निभाई है। ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए आयुष विभाग की ओर से हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर का संचालन किया जा रहा है। इन सेंटर के माध्यम से संबंधित क्षेत्र के लोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जा रहा है।

डीसी जितेंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार आमजन की सेहत को लेकर काफी गंभीर है और लोगों को हर स्तर पर बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार द्वारा सभी नागरिक अस्पतालों में सुविधाओं का विस्तार किया है। अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट स्थापित किए गए हैं। एमआरआई और सीटी स्कैन की सुविधा भी लोगों को किफायती दरों पर उपलब्ध करवाई जा रही है। डीसी ने बताया कि सरकार के निर्देशों पर आयुष विभाग के माध्यम से भी लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सरकार के माध्यम से आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर की स्थापना की गई है और जिला में विभिन्न हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर का संचालन किया जा रहा है। इन सेंटरों के माध्यम से आयुर्वेदिक पद्धति से रोगों का इलाज किया जाता है। उन्होंने कहा कि शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में आयुर्वेद की भूमिका प्रमाणित हो चुकी है। आयुर्वेद न केवल बीमारी का इलाज करता है बल्कि इसके प्रयोग से रोग ग्रस्त होने का खतरा भी कम होता है। कोरोना जैसी बीमारी से लडने् में भी आयुर्वेद की अहम भूमिका है। आयुर्वेद में बताए गए तरीके और सावधानियां सहित दिनचर्या अपनाकर अपने आप को स्वस्थ रखा जा सकता है।

## इंजन व चेसिस नंबर बदलकर वाहन बेचने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद**। क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने चोरी के 21 मुकदमों के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम नदीम है जो फरीदाबाद के गांव फतेहपुर तगा का निवासी है। वर्ष 2020 में पुलिस थाना ओल्ड में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी ने एक इको गाड़ी चोरी करके उसका इंजन व चेसिस नंबर बदलकर उसे नरेंद्र नाम के व्यक्ति को बेच दिया था। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी नरेंद्र को वर्ष 2020 में ही गिरफ्तार करके चोरी की इको कार बरामद कर ली थी परंतु आरोपी नदीम इस मामले में फरार चल रहा था जिसे क्राइम ब्रांच की टीम ने 12 फरवरी को गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर गिरफ्तार करके 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया जिसमें पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि इससे पहले वह डेंटिंग पेंटिंग का काम करता था।

# संत रविदास ने किया मानव जाति को जगाने का काम

**फरीदाबाद**। संत शिरोमणी गुरु रविदास जी के 645वें जन्मोत्सव के अवसर पर ओल्ड फरीदाबाद की भीम बस्ती स्थित संत शिरोमणी गुरु रविदास मंदिर एवं डा. भीमराव अंबेडकर पार्क में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी लखन कुमार सिंगला, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद रोहित सिंगला, अनिल शर्मा, नरेश नंबरदार ने शिरकत की।

लखन सिंगला व अनिल शर्मा ने सर्वप्रथम रविदास जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। लखन कुमार सिंगला ने कहा कि संत रविदास जी का जन्म माघ पूर्णिमा के दिन 1376 ईस्वी को उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर के गोवर्धन गांव में रविवार के दिन हुआ था इसलिए उनके माता-पिता ने उनका नाम रविदास रखा। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि का जन्म ऐसे समय में हुआ था जब उत्तर भारत में मुगलों का शासन था। चारों और अत्याचार, गरीबी, भ्रष्टाचार तथा अशिक्षा का बोलबाला था। भला किसी का कर ना सको तो बुरा किसी का मत करना। लखन कुमार सिंगला ने कहा कि आज हमें संत रविदास जैसे महापुरुष के जीवन से प्रेरणा लेते हुए आपसी एकता को मजबूत करते हुए देश व समाजहित में कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व पार्षद रोहित सिंगला ने कहा कि संत रविदास जी ने युवाओं को समाजहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया और आज उनके जन्मोत्सव पर युवाओं को संगठित होकर सामाजिक व धार्मिक कार्यो में बढ़चढकर अपनी भूमिका निभानी चाहिए। विजय कुमार, सतीश भारती, लोकेश कुमार महेंद्र पेंटर, राम कुमार तंवर, परवीन जाटव, शीतल परसाद, भूषण कुमार, श्री दाता राम, संदीप वर्मा, टीकाराम नागर सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# संक्षिप्त समाचार

## स्वामी दयानंद सरस्वती जन्मोत्सव पखवाड़े का पांचवां दिन



डीएवी शताब्दी कॉलेज में हवन करते विद्यार्थी।

**फरीदाबाद**। डीएवी शताब्दी महाविद्यालय फरीदाबाद में स्वामी दयानंद जन्मोत्सव पखवाडा बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पांचवें दिन डॉ अमित शर्मा ने विद्यार्थियों के साथ यज्ञ किया व विद्यार्थियों के साथ प्रश्नोत्तरी भी हुई तथा साथ ही आर्य समाज के सिद्धान्तों को लेकर विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान किया गया। यज्ञ के उपरान्त भजनों का कार्यक्रम हुआ। संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ अमित शर्मा द्वारा भजन गाये गए।योगाचार्य उमेश कुमार ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार आसन करवाया । इस अवसर पर महाविद्यालय आर्य समाज इकाई के कोषाध्यक्ष श्री अशोक मंगला जी, लिपिक श्री अजय कुमार, पदम कुमार, सर्वेश,गजानन आदि मौजूद रहे। इस पखवाड़े का आयोजन महाविद्यालय की आर्य समाज इकाई एवं संस्कृत छात्र परिषद के संयुक्त तत्त्वाधान में किया जा रहा है। विद्यार्थी इस पखवाड़े में बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं।

## स्वच्छता अभियान के दौरान प्लास्टिक वैस्ट मिला



गांव दयालपुर में महा- स्वच्छता अभियान के तहत सफाई करते लोग।

**फरीदाबाद**। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जंयती के अवसर पर जिला के ग्रामीण आंचल में उपायुक्त जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में महा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य लोगो की अधिक से अधिक भागीदारी करके साफ-सफाई को बढावा देना और स्वच्छ ग्राम पंचायत के लक्ष्य को हासिल करना है। 13 फरवरी को केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर द्वारा जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में महा स्वच्छता अभियान की शुरुआत ग्राम पंचायत दयालपुर खण्ड बल्लभगढ़ से की गई थी। तब से ग्राम पंचायतों में महा सफाई अभियान निरन्तर चलाया जा रहा। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई, गावं की सड़कों एवं फिरनियों पर सफाई कर गिला, यूज प्लास्टिक को इकटठा किया जा रहा है। इस महा स्वच्छता अभियान के दौरान 2.5 (ढाई)मैट्रिक टन प्लास्टिक वैस्ट स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत बनाए गये ठोस कचरा प्रबधंन शैडो मे रखा गया है। जो अगले सप्ताह विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा हायर की गयी ऐंजसी को सिगंल यूज़ प्लास्टिक को हैंड दिया जाएगा। जिसका प्रयोग प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना के तहत निर्मित की जा रही सड़को में किया जाएगा।

## किसानों के लिए पॉली हाऊस लगाने का अवसर : डीसी

**फरीदाबाद**। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि बागवानी किसान पॉली हाऊस एवं नेट हाऊस लगाने के सुनहरे अवसर का लाभ उठाये। बागवानी विभाग द्वारा किसानों के संरक्षित खेती में रूझान को देखते हुए संरक्षित ढांचा निर्माण के लिए एक बार फिर से आवेदन करने का मौका दिया जा रहा है। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2022 कर दी गई है। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा है कि किसान पॉली हाऊस व नेट हाऊस लगाने के लिए 28 फरवरी तक http://polynet.hortharyana.gov.in पर अपना आवेदन करें। सरकार द्वारा किसानों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है ताकि किसानों की आमदनी बढ़ सके। पूर्व में आवेदन कर चुके आवेदकों को दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। अगर ऐसे आवेदकों द्वारा दोबारा आवेदन किया जाता है तो उनके पूर्व के आवेदक को निरस्त कर दिया जायेगा। आवेदक का चयन दस्तावेज पूर्ण होने के उपरांत वरिष्ठता के आधार एवं अन्य निर्धारित नियमानुसार किया जायेगा। किसान इस संदर्भ में अधिक जानकारी के लिए जिला बागवानी अधिकारी या उद्यान विभाग के मुख्यालय के दूरभाष 0172-2582322 पर सम्पर्क कर सकते है।

## आरडब्ल्युए सेक्टर-56, 56ए के चुनाव सम्पन्न



सेक्टर 56 और 56 ए की रेजीडेंस वेलफेयर कमेटी के चुनाव में चुने गए पदाधिकारी।

**फरीदाबाद**। रेजीडेंस वेलफेयर कमेटी सैक्टर-56, 56ए द्वारा एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें रेजीडेंस वेलफेयर कमेटी के चुनाव सर्व सम्मति से सम्पन्न हुए। जिसमें नन्द किशोर नागर को प्रधान चुना गया। साथ ही महासचिव पर पर पवन मोर तथा कोषाध्यक्ष पद पर राकेश कुमार को सर्वसम्मति से चुना गया। इसके बाद अन्य पदाधिकारियों में हेमचंद को चेयरमैन, ललित पांडे उपप्रधान, संजय कुमार दुबे सहसचिव, गौतम कुमार, साधुराम, प्रेमचंद शर्मा, निरंजन कुमार पाण्डे, पारस यादव को सदस्य चुना गया। उपस्थित सदस्यों को सम्बोधित करते हुए प्रधान नन्द किशोर नागर ने कहा कि रेजीडेंस वेलफेयर कमेटी के पदाधिकारी जल्द क्षेत्र की समस्याओं को लेकर नगर निगम आयुक्त, जिला उपायुक्त से मुलाकात करेगें साथ ही क्षेत्र में पुलिस आयुक्त से भी प्रतिनिधिमंडल मुलाकात कर क्षेत्र में पुलिस गश्त व नाके बढ़ाने की मांग करेगा।

## संत रविदास जयंती पर पौधरोपण किया



एनएच तीन के सरकारी स्कूल में संत रवि दास की जयंती के अवसर पर पौधारोपण करते अध्यापक।

**फरीदाबाद**। संत रविदास जयंती के उपलक्ष्य में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एन आई टी तीन फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड द्वारा पौधरोपण कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड और जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि माघ महीने की पूर्णिमा तिथि पर संत रविदास की जयंती मनाई जाती है। संत रविदास जी का जन्म माघ पूर्णिमा तिथि के दिन हुआ था। संत रविदास को रैदासजी के नाम से भी जाना जाता है। संत रविदास जी बहुत ही धार्मिक स्वभाव के व्यक्ति थे। संत रविदास जी ने भगवान की भक्ति में समर्पित होने के साथ अपने सामाजिक और पारिवारिक कर्तव्यों का भी भली भांति निर्वहन किया। इन्होंने आपस में प्रेम करने की शिक्षा दी और इसी तरह से वे भक्ति के मार्ग पर चलकर संत रविदास कहलाए। उनकी शिक्षाएं आज भी प्रेरणादायक हैं। मन चंगा तो कठौती में गंगा संत रविदास जी के द्वारा कहा गया यह कथन सबसे ज्यादा प्रचलित है। जिसका अर्थ है कि अगर मन पवित्र है और जो अपना कार्य करते हुए, ईश्वर की भक्ति में तल्लीन रहते हैं उनके लिए उससे बढ़कर कोई तीर्थ नहीं है। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि संतो के द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने से ही मानवता का कल्याण एवं परोपकार की भावना बलवती होती है। विद्यालय परिवार ने विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया और प्रदूषण मुक्त वातावरण के लिए पौधरोपण भी किया। पौधरोपण करते हुए अध्यापक अंशुल, संजय मिश्रा, सूबे सिंह, मंजू सिंह, रेखा, शिवम, तिलक, रामकृपाल, मौलिक मुख्याध्यापिका पूनम और प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने सभी अध्यापकों से अभियान में सहयोग करने की अपील की।

## विपक्षी रणनीति

### मुख्यमंत्रियों की मुलाकात

**गैर-राजग** शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों का एक सम्मेलन किसी समय राष्ट्रीय राजधानी में होने की संभावना है। वे 'राज्यों की स्वायत्तता' पर आने वाले खतरों की चर्चा करेंगे। इस नाटकीय घटनाक्रम में ममता बनर्जी, एम.के. स्टालिन और के. चंद्रशेखर राव-केसीआर शामिल हैं। केसीआर इसमें उद्धव ठाकरे को भी शामिल करना चाहते हैं। इस घटनाक्रम की पहले से संभावना थी। व्यवहारवादी इसे देश में संघीय ढांचे की कमियों पर जिम्मेदारी के साथ चर्चा का प्रयास मानते हैं। संदेहवादी इसे उन क्षेत्रीय पार्टियों का एक राष्ट्रीय मोर्चा बनाने का प्रयास समझते हैं जिनका केन्द्र की सत्तारूढ़ पार्टी से संबंध नहीं है। निश्चित ही इस घटनाक्रम को खबरों में स्थान मिला है क्योंकि तीन मजबूत क्षेत्रीय क्षत्रप एक मंच पर आए हैं। लेकिन अभी यह 2024 के आम चुनावों को ध्यान में रखते हुए कोई राष्ट्रीय मोर्चा बनाने से बहुत दूर हैं। भारत ने पिछले तीन दशकों में अनेक मोर्चे देखे हैं। दो को छोड़ कर उनके बीच एक चीज साझा है कि उनका गठन चुनावों के बाद हुआ था। 1987 में आंध्र प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री एन.टी. रामाराव ने वह मोर्चा बनाने में सहायता की जो बाद में 2018 में राष्ट्रीय मोर्चा बना। ममता, केसीआर और अब स्टालिन इस बार विपक्षी सम्मेलन के प्रमुख नेता होंगे। उनके पास भले ही चर्चा के लिए अनेक गंभीर मुद्दे हों, पर अभी यह अनुमान लगाना बहुत जल्दी होगा कि वे उस चुनाव के लिए मोर्चा बनाएंगे जिसमें अभी दो साल से अधिक समय बाकी है। मुख्यत: यह उन मुख्यमंत्रियों का एकसाथ आना है जिनको केन्द्र से गंभीर शिकायतें हैं, हालांकि व्यक्तिगत रूप से वे सभी अपने किस्म की राजनीति करते हैं। ममता बनर्जी का पश्चिम बंगाल में राज्यपाल से लगातार टकराव जारी है। राज्यपाल द्वारा विधानसभा बुलाने का परंपरागत आदेश भी इस कारण विवादों में घिर गया क्योंकि दावा किया गया कि उन्होंने यह कदम सरकार से बिना सलाह लिए उठाया था। स्टालिन ने भी इस मामले में फौरन एक ट्वीट किया था। दोनों नेताओं ने इस बारे में फोन पर बातचीत की जिसका नतीजा प्रस्तावित सम्मेलन के रूप में सामने आया है। ममता बनर्जी अपनी पार्टी में आंतरिक टकरावों से निपट रही हैं क्योंकि गोवा में चुनाव की रणनीति कई लोगों को पसंद नहीं है। वे इस सम्मेलन को अपनी समस्याओं से ध्यान हटाने का एक माध्यम मानती हैं। पश्चिम बंगाल में भाजपा को ध्वस्त करने के साथ ही वे कांग्रेस की खुली आलोचक हैं। लेकिन अभी उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया है कि कुछ क्षेत्रीय दलों का एक मोर्चा बिना राष्ट्रीय पार्टी के साथ गठबंधन किए केन्द्र का विकल्प कैसे बन सकता है। वैसे नीट-विरोधी दृष्टिकोण के चलते स्टालिन का भी केन्द्र के साथ टकराव है। वे भी एक बड़ी राष्ट्रीय भूमिका निभाना चाहते हैं और इस दृष्टिकोण से अवसरों की तलाश में हैं। वे प्रधानमंत्री को सभी राष्ट्रीय व तमिलनाडु के मुद्दों पर लिखते रहते हैं और कहा जाता है कि उनमें सामूहिक विपक्ष का स्वर बनने की इच्छा पनप रही है। इस तिकड़ी में केसीआर आश्चर्यजनक तत्व हैं। उन्होंने नोटबंदी और जीएसटी पर प्रधानमंत्री का मुखर समर्थन किया है, पर अब वे उनके कटु आलोचक बन गए हैं। इसका कारण यह है कि भाजपा लगातार तेलंगाना में अपनी पकड़ मजबूत करने का प्रयास कर रही है।



# गुणवत्तापूर्ण लोकतंत्र हेतु सुधार जरूरी

संसद को चुनाव सुधारों के क्रियान्वयन में विलंब से बचने के लिए निर्वाचन आयोग को इनके बारे में एक साल का नोटिस देकर सशक्त बनाया जाना चाहिए।



**सुभाष चंद्र अग्रवाल**
(लेखक आरटीआई सलाहकार हैं)



भारत में लोकतांत्रिक शासन प्रणाली की अनेक बुराइयां दिख रही हैं, इसलिए उसे व्यापक व मजबूत चुनाव सुधारों की जरूरत है। विधानसभाओं का कार्यकाल एक साल बढ़ाने या घटाने के माध्यम से बार-बार चुनावों से बचा जा सकता है और साल में केवल एक बार ऐसे महीने में चुनाव कराए जा सकते हैं जिसे विभिन्न आयामों पर ठीक समझा जाए। इस 'चुनाव माह' में कोई उप-चुनाव या नियमित नगर या पंचायत चुनाव भी हो सकते हैं। चूंकि कोई व्यक्ति दो निर्वाचन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकता है या वह संसद व राज्य विधानसभा का सदस्य नहीं हो सकता है, इसलिए किसी व्यक्ति को एक निर्वाचन क्षेत्र से अधिक अथवा संसद व राज्य विधानसभा, दोनों में चुनाव लड़ने से रोका जाना चाहिए। किसी सांसद या विधायक को दूसरी सीट के लिए नामांकन करने से पहले अपनी सीट से इस्तीफा देना चाहिए। इसके साथ ही किसी राज्य में मंत्री या मुख्यमंत्री अथवा संसद सदस्य की शपथ लेते ही उसका दूसरे स्थान से इस्तीफे का स्वत: प्राविधान होना चाहिए। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्रियों का निर्वाचन अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के साथ निचले सदन के सदस्यों द्वारा गोपनीय व अनिवार्य रूप से हो जाना चाहिए। इसमें एलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन तथा वीवीपैट का प्रयोग होना चाहिए तथा नामांकनों पर कम से कम 34 प्रतिशत सदस्यों के हस्ताक्षर होने चाहिए। ऐसे निर्वाचित प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री को इसी प्रक्रिया से हटाया जा सकता है, पर इसके लिए उसकी प्रस्ताव से वैकल्पिक नेता चुनने की बाध्यता होनी चाहिए। सदन में मतदान न करने वाले सदस्यों का मताधिकार छीना जा सकता है, हालांकि वे सदन के सदस्य बने रह सकते हैं।

राज्यसभा के लिए गोपनीय मतदान की व्यवस्था बनाए रखनी चाहिए, लेकिन इसके लिए वीवीपैट लगी ईवीएम मशीनों का प्रयोग होना चाहिए। चूंकि राज्यों में विधान परिषदों की कोई भूमिका नहीं है, इसलिए संविधान संशोधन के माध्यम से विधान परिषदों का प्राविधान समाप्त कर देना चाहिए। जीवन में कोई चुनाव न लड़ने वाले लोगों को ही राज्यसभा का नामित सदस्य बनाना चाहिए। किसी भी सांसद या विधायक को अपनी पार्टी या समाज में किसी पद पर रहने का अधिकार नहीं होना चाहिए। मंत्रिपरिषद की संख्या घटा कर निचले सदन की सदस्यता का 10 प्रतिशत की जानी चाहिए।

जमानत जब्त होने वाले लोगों को अगले 6 साल तक चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध होना चाहिए। 'उपरोक्त में कोई नहीं'-नोटा का विकल्प व्यावहारिक रूप से लाभदायक होना चाहिए। 'नोटा' से कम मत पाने वाले सभी उम्मीदवारों को भविष्य में चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित कर देना चाहिए। यदि किसी निर्वाचन क्षेत्र में किसी को नोटा से अधिक वोट मिले हों तो उसे केवल उसकी कार्यकाल के लिए निर्वाचित घोषित किया जा सकता है। इसके बाद उसे आजीवन चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति का निर्वाचन सभी सांसदों और विधायकों द्वारा होना चाहिए, लेकिन इसके लिए वीवीपैट लगी ईवीएम का प्रयोग होना चाहिए तथा नामांकन पत्रों पर कम से कम 34 प्रतिशत सदस्यों के हस्ताक्षर होने चाहिए। राष्ट्रपति का पद खाली होने पर उप-राष्ट्रपति की बाकी कार्यकाल के लिए नियुक्ति होनी चाहिए। लेकिन उप-राष्ट्रपति का पद खाली होने पर सांसदों द्वारा एक अंतरिम उप-राष्ट्रपति की नियुक्ति हो सकती है। संसद को चुनाव सुधारों के क्रियान्वयन में विलंब से बचने के लिए निर्वाचन आयोग को इनके बारे में एक साल का नोटिस देकर सशक्त बनाया जाना चाहिए। यदि संसद निर्वाचन आयोग द्वारा प्रस्तावित सुधारों को निर्धारित एक साल के भीतर खारिज नहीं करती है तो इनको संसद द्वारा स्वीकृत माना जाना चाहिए। निर्वाचन आयुक्तों का चयन तीन सदस्यीय समिति से होना चाहिए जिनमें प्रधानमंत्री तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता शामिल हों। निर्वाचित प्रतिनिधियों की विधायी प्रक्रियाओं से भी विशेष सुरक्षा का प्राविधान समाप्त होना चाहिए क्योंकि कुख्यात जेएमएम रिश्वत कांड में सर्वोच्च न्यायालय ने भी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई में अक्षमता प्रकट की थी। क्योंकि रिश्वत लेकर नरसिम्हाराव सरकार को वोट देने का कृत्य संसदीय कार्यवाहियों के अंतर्गत विशेष सुरक्षा प्राप्त था।

चूंकि लोकसभा, राज्यसभा, संसदीय समितियों के अध्यक्ष सांसदों के अनुचित व्यवहारों के प्रति अत्यधिक नरम दृष्टिकोण अपनाते हैं, इसलिए लोकपाल को सांसदों के अनुचित कृत्यों पर नजर रखनी चाहिए। लोकसभा ने अपने सदस्य राजेश मांझी को अपनी महिला मित्र को पत्नी बता कर सरकारी खर्च पर विदेश ले जाने पर हल्का दंड दिया था। उन्हें केवल लोकसभा की कुछ बैठकों में आने से रोका गया था, हालांकि उनके इस कृत्य को संसदीय कार्यवाहियों के अंतर्गत विशेषाधिकार का दर्जा भी नहीं प्राप्त था। अदालती समनों या वारंटों से बचने वाले फरार सांसदों की सूचना फौरन पुलिस अधिकारियों को दी जानी चाहिए, भले ही वे सत्र में शामिल होने आए हों।

फरार सदस्यों को समन-वारंट तामील होने तक संसद भवन छोड़ने की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए। सदन में 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले सांसदों और विधायकों को अगले 6 साल तक कोई चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं होनी चाहिए। जार्ज फर्नान्डीज़ द्वारा अपनी सारी स्मृति खोने के बावजूद राज्यसभा का सदस्य निर्वाचित होने का मामला चुनाव लड़ने से पहले न्यूनतम चिकित्सा फिटनेस प्रमाण की आवश्यकता भी स्पष्ट करता है। एक आरटीआई के जवाब से पता चला है कि राज्यसभा सदस्यता की शपथ भी जार्ज फर्नान्डीज़ की पार्टी के एक साथी ने पढ़ी थी। सांसदों को अपने बायोडाटा में सभी विवरण भरना जरूरी होना चाहिए जिनमें संपत्ति तथा पत्नियों के नाम, आदि शामिल हैं। इनको लोकसभा व राज्यसभा की वेबसाइटों पर सार्वजनिक किया जाना चाहिए। इससे एक से अधिक पत्नी के नाम छिपाने जैसे कृत्यों पर लगाम लगेगी। धर्मेन्द्र ने यह नहीं बताया था कि हेमा मालिनी उनकी पत्नी हैं। सारी सूचनायें देने तक सांसदों के वेतन भत्ते रोके जा सकते हैं। लोकसभा व राज्यसभा के नियम पुन: लिखे जाने चाहिए तथा नियमों व मानकों का पालन न करने पर सांसदों को दंड की व्यवस्था होनी चाहिए तथा अध्यक्षों व संसदीय समितियों की विवेकाधीन शक्तियां छीन लेनी चाहिए। नियमों में पानी, बिजली, टेलीफोन, किराये या अन्य सरकारी बकाये का उनके वेतन, भत्तों, पेंशन, आदि से कटौती का प्राविधान होना चाहिए। इसी प्रकार सरकार परिसरों को खाली न करने वाले सभी पूर्व सांसदों व मंत्रियों की पेंशनों व अन्य भुगतान रोक देने चाहिए। बकायेदारों को अगला चुनाव लड़ने या किसी आधिकारिक पद पर बकाया अदा होने तक बने रहने की अनुमति नहीं होनी चाहिए। भारतीय व्यवस्था के लिए शर्म की बात है कि प्रधानमंत्री के पद पर रहे लोगों पर भी गैर-आधिकारिक उद्देश्यों से भारतीय वायुसेना विमानों की यात्रा का पैसा बाकी है। वायुसेना विमानों के गैर-आधिकारिक कार्यों से प्रयोग के लिए प्रधानमंत्री या उनकी पार्टी से अग्रिम भुगतान लेना चाहिए।

चूंकि राजनीतिक पार्टियां सीआईसी फैसलों का पालन नहीं करती हैं, इसलिए उनको आरटीआई के दायरे में लाया जाना चाहिए। उनको सभी प्रत्यक्ष व परोक्ष सरकारी फंडिंग बंद होनी चाहिए जिसमें कर रियायतें, सस्ती जमीन, पट्टे पर सरकारी आवास, मुफ्त मतदाता सूची, दूरदर्शन व रेडियों पर समय, आदि बंद होने चाहिए। पिछले पांच साल में कोई चुनाव न लड़ने वाली राजनीतिक पार्टियों को प्रतिबंधित कर देना चाहिए।

प्रमुख नेताओं तथा प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री उम्मीदवारों के बीच लाइव टीवी डिबेट से भारी खर्च वाली रैलियों से बचा जा सकता है। चूंकि निर्वाचन आयोग ने भी अपारदर्शी चुनाव बांडों का विरोध किया था, इसलिए इनको पूर्ण पारदर्शी बनाना जरूरी है ताकि संबंधित सरकारें इसका लाभ न उठा सकें।

आंकड़ों से पता चलता है कि चुनाव के लिए अधिकांश फंडिंग सत्तारूढ़ दलों को मिलती है। आयकर की धारा 13ए, 80जीजीबी व 80जीजीसी के अंतर्गत राजनीतिक पार्टियों को मिलने वाले लाभ को फौरन समाप्त कर देना चाहिए। इससे राजनीतिक पार्टियों को काला धन मिलना बंद हो जाएगा। राजनीतिक पार्टियों को पैसा देने वाले हमारे अत्यधिक अमीर लोगों को इन रियायतों की जरूरत नहीं है।

# न्यायालयों से कारण सहित आदेश की अपेक्षा

> "एक मूल्यांकनात्मक निर्णय उस दुनिया के प्रति एक दृष्टिकोण व्यक्त करता है। इसलिए, सभी तर्कों के साथ निर्णय लेना हमेशा बेहतर होता है।"

**एस कल्याणसुंदरम**
(लेखक सेवानिवृत्त बैंकर हैं)



तंजावुर में एक सत्रह वर्षीय लड़की लावण्या ने आत्महत्या कर ली और आरोपों के बाद कि पुलिस ने मामले की ठीक से जांच नहीं की, मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै शाखा ने मामले को सीबीआई को स्थानांतरित करने का आदेश दिया। जज ने लावण्या के पिता की बेटी की मौत की सीबी-सीआईडी जांच की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के बाद यह आदेश दिया। अदालत ने राजनेताओं के साथ निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए तमिलनाडु पुलिस की खिंचाई की। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश का समर्थन किया।

प्राथमिकी में बताया गया है कि लावण्या ने अपने हॉस्टल वार्डन सागया मैरी द्वारा जबरन शारीरिक शोषण और शोषण के काम के कारण आत्महत्या करने का प्रयास किया। किसी ने एक वीडियो रिकॉर्ड किया है जिसमें लावण्या ने कहा कि स्कूल की एक नन, रक़ील मैरी ने उसे दो साल पहले अपने माता-पिता की उपस्थिति में ईसाई धर्म में परिवर्तित होने के लिए कहा था। उसने यह भी कहा कि धर्म परिवर्तन से इनकार करने का कारण उसके साथ दुर्व्यवहार हो सकता है।

न्यायाधीश ने कहा कि जहां लड़की के बयान हॉस्टल वार्डन सागया मैरी के साथ अनुचित व्यवहार की ओर इशारा करते हैं, वहीं ईसाई धर्म में धर्मांतरण का भी प्रयास किया गया था और एक काउंटर कथा बनाई जा रही है जैसे कि पिता और सौतेली मां आत्महत्या के लिए बच्चे जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर चाइल्ड लाइन को कॉल करने के बारे में जानकारी, जांच की विश्वसनीयता को कम करती है।



इस आदेश ने तंजावुर की एसपी रावली प्रिया की प्रेस कॉन्फ्रेंस करने के लिए भी कड़ी आलोचना की, जिसमें कहा गया था कि एसपी शायद चुप्पी के गुणों को भूल गए। उन्होंने आगे कहा कि उसने कहा था कि रूपांतरण कोण नहीं बनाया गया था, यह कहते हुए कि ऐसा बयान अनुचित था। उन्होंने यह भी कहा कि %यह कहते हुए कि रूपांतरण के कोण को खारिज कर दिया गया था, एसपी ने याचिकाकर्ता की लिखित शिकायत को खारिज कर दिया था और बच्चे के वीडियो का समर्थन किया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि याचिकाकर्ता का यह सोचकर न्यायोचित था कि अगर जिला पुलिस द्वारा जांच जारी रखी गई तो जांच पक्षपातपूर्ण होगी। अब जब मामले को सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया गया है, तो फैसले की आलोचना का एक और दौर सामने आया है। राज्य सरकार के कामकाज पर जज की तीखी आलोचना से कुछ लोग आहत हुए। कुछ लोगों का मानना है कि उनकी टिप्पणियां सीबीआई को निर्देश देती हैं कि उनकी जांच का तरीका कैसा होना चाहिए।

लेकिन अगर कोई निष्पक्षता से देखता है, तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि फैसले पर टिप्पणी अनुचित है।

आम तौर पर, एक निर्णय एक विश्लेषणात्मक निर्णय हो सकता है जहां विषय वस्तु सार या वैचारिक है। या यह एक सिंथेटिक निर्णय हो सकता है जहां निर्णय वास्तविक दुनिया तक पहुंचता है, अवधारणाओं को नियोजित करता है कि चीजें कैसे तथ्य के रूप में हैं। एक मूल्यांकन निर्णय एक और कदम उठाता है। दुनिया कैसी है, इसके विवरण से परे, एक मूल्यांकनात्मक निर्णय उस दुनिया के प्रति एक दृष्टिकोण व्यक्त करता है। इसलिए, सभी तर्कों के साथ निर्णय लेना हमेशा बेहतर होता है कि ऐसा निर्णय क्यों किया गया है।

यहां तक कि दंड प्रक्रिया संहिता (1973) की धारा 354 भी यह निर्धारित करती है कि धारा 353 में संदर्भित प्रत्येक निर्णय न्यायालय की भाषा में लिखा जाएगा और इसमें निर्धारण के लिए बिंदु या बिंदु, उस पर निर्णय और निर्णय के कारण भी शामिल होंगे। ऐसे कई मामले हैं जिनमें सर्वोच्च न्यायालय ने निर्धारित किया है कि निर्णय उचित तर्क के साथ होने चाहिए।

वर्तमान मामले में, निर्णय निष्कर्ष निकालने के सभी कारणों का स्पष्ट रूप से वर्णन करता है और समाज को ऐसे तर्कसंगत निर्णयों का स्वागत करना चाहिए।

## आप की बात

### जिद्दी मानसिकता

**कुछ** लोग कितना जिद्दी होते हैं। उसके आगे अपना सब कुछ दाव पर लगाने से भी नहीं हिचकिचाते। मसलन सर्विया के 20 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता, 34 वर्षीय नोवाक जोकोविच ने कहा है कि वह कोविड का टीका लगवाने के लिए मजबूर होने के बजाय भविष्य की टेनिस ट्राफियों से चूकना पसंद करेंगे। इसी साल के शुरू में उन्हें, ऑस्ट्रेलिया से निर्वासित कर दिया गया था। इसके बाद एक मीडिया संस्थान को दिए अपने पहले भेंटवार्ता में उन्होंने खुलकर अपने निजी अधिकारों की रक्षा की। कहा टीका लेना या नहीं लेना ये उनका निजी अधिकार है उस अधिकार पर किसी का हस्तक्षेप वे बर्दाश्त नहीं करेंगे, चाहे उनका खेल भविष्य क्यों न खतरे में पड़ जाए। इतना बड़ा फैसला शायद ही दूसरा कोई खिलाडी कभी कर पायेगा। क्योंकि आने वाले कुछ महीनो के भीतर ही, दो बड़े ग्रैंड स्लैम, फ्रेंच आपने एवं विम्बलडन का आयोजन होना है। फ्रांस ने तो टीका अनिवार्यता का शर्त को लागू भी कर दिया है। मुझे लगता है नोवाक जोकोविच को अपने फैसले पर पुनर्विचार करनी चाहिए। उन्हें ये समझना चाहिए की यही टीका के कारण ही ओमिक्रोण का लहर वो कहर नहीं कर पाया जो डेल्टा ने किया था।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### चीनी ऐप पर प्रतिबंध

**जिस** तरह पाकिस्तान भारत में आतंकी भेज कर आतंकवादी गतिविधियां चलाता है उसी तरह से चाइना भी हमारे देश में कुछ ना कुछ अवैधानिक और आपत्तिजनक गतिविधियां करके भारत में अपनी घुसपैठ करता रहता है। अंतर इतना हि है कि पाकिस्तान आतंकवादी भेजता है जबकि चाइना इलेक्ट्रॉनिक्स माध्यमों से, एप्स के माध्यम से भारत में देश विरोधी हरकतें करता रहा है इनमें कई डेटिंग एप्स है ,ये एप्स रियल टाइम डाटा का गलत इस्तेमाल कर रहे थे इन डाटा को फिर भारत के खिलाफ रुख रखने वाले देशों को भेजा जाता है जो भविष्य में भारत की आंतरिक सुरक्षा एवं अखंडता के लिए खतरनाक साबित हो सकता था अत: भारत सरकार ने चाइना के देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त कुल 54 ऐप को प्रतिबंधित कर दिया है। इन ऐप्स में कईमें कैमरे व वीडियो वाले ऐप्स भी है जिसके माध्यम से किसी भी व्यक्ति की जासूसी कराई जा सकती है उसके सारे फोटो एवं वीडियो फिर कहीं भी ट्रांसफर किए जा सकते थे। हम समझते हैं कि भारत सरकार का यह कदम काफी सराहनीय है कारण इन दिनों भारत में चाइना के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों एवं एप्स की कॉफी बहार है । अत: आज हमें हर और नजर रखने की बहुत जरूरत है।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### कांग्रेस की संभावनाएं

**यह** पत्र कांग्रेस में आंतरिक गुटबाजी से सम्बंधित है। नि:संदेह यह स्वागत योग्य बात है की पहली बार पंजाब में चुनावी मुकाबला द्वी पक्षीय न होकर त्रिकोणीय या चौतरफा हो गया है, जहां कांग्रेस और आप सबसे आगे हैं और अकाली दल और अमरिंदर सिंह और भाजपा गठबंधन सबसे आखिर में है। कांग्रेस ने चन्नी पर दांव खेल कर एक अच्छा फैसला लिया है और एक दलित मुख्यमंत्री चेहरा कांग्रेस की नैया पार कर सकता है। 10 मार्च को जो भी फैसला आये एक बात तय है की बहुत से सीटों पर हार जीत का अंतर बहुत काम रहने वाला है। जो भी अगला मुख्यमंत्री बने उसकी सर्वप्रथम प्राथमिकता नशे से पंजाब के युवाओं को मुक्ति दिलाना होना चाहिए। पंजाब पाकिस्तान की सीमा से लगा हुआ प्रदेश है और बेहद संवेदनशील है तो ऐसी परिस्थिति में तो और ज्यादा सतर्कता बरतने की जरूरत है। आशा करेंगे कि अगली सरकार कड़ाई से नकेल कसेगी और नशे और खनन दोनों समस्या जो नासूर बन चुकी हैं उन पर विजय पायेगी।

– **बाल गोविंद,** सेक्टर44, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**मुज़फ्फरनगर** में दंगे भड़काकर समाजवादी पार्टी ने पश्चिम यूपी में मुस्लिम-जाट भाइचारा खत्म कर डाला।

– **मायावती**
बसपा सुप्रीमो



**यह** सुनिश्चित करना हमारा काम है कि हम यूरोप में युद्ध होने से रोकें और रूस को स्पष्ट संदेश दें।

– **ओलफ स्कूज**
जर्मन चांसलर



**कांग्रेस** यूपी में निर्णयात्मक भूमिका अदा करेगी और अन्य चारों राज्यों में जीत हासिल करेगी।

– **दीपेंद्र हुड्डा**
कांग्रेस नेता



# मोदी-योगी के सामने क्या अखिलेश पड़ेंगे मुलायम?

● 2017 में मैनपुरी की पांच विधानसभा सीटों -करहल, मैनपुरी, भोगांव, किशनी, जसवंतनगर में से सिर्फ भोगांव में ही खिला था कमल

**अभिषेक रंजन।** लखनऊ

**यूपी** विधान सभा चुनाव में इस बार लंबे समय बाद एक पूर्व और एक मौजूदा मुख्यमंत्री चुनाव मैदान में हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर सदर और सपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव मैनपुरी की करहल सीट से चुनाव मैदान में हैं। करहल सीट पर मतदान 20 फरवरी को होगा। सबसे दिलचस्प बात यह है कि दोनों ही दलों ने एक दूसरे के खिलाफ किसी बाहरी प्रत्याशी को मैदान में नहीं उतारा बल्कि बीजेपी ने यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के कभी शिष्य रहे डॉ. एसपी सिह बघेल को अखिलेश के खिलाफ मैदान में उतारा है। वहीं सपा कभी भाजपा के करीबी रहे स्वर्गीय उपेंद्र शुक्ला की पत्नी प्रभावती शुक्ला को गोरखपुर में योगी आदित्यनाथ के खिलाफ चुनाव लड़ा रही है।

बीजेपी की जिद है कि अमेठी में जिस तरह कांग्रेस को उसके गढ़ में पराजित किया उसी तरह सपा के गढ़ में उसे पराजित करने के मंसूबे पर भाजपा चुनाव लड़ रही है। सपा के गढ़ में मोदी और योगी दोनों जनसभाएं कर चुके हैं। योगी ने अभी तक कन्नौज, कासगंज, मैनपुरी, फर्रुखाबाद, एटा, फिरोजाबाद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कानपुर देहात, कन्नौज, कासगंज में जनसभाएं की हैं। इन जनसभाओं के जरिए मोदी-योगी वर्चुअल रूप से एक साथ कई विधान सभा क्षेत्रों से भी जुड़े हैं। करहल में भाजपा प्रत्याशी पर मंगलवार को हुए हमले का मामला सत्तारूढ़ दल ने उछाला है। सोशल मीडिया पर इस समय इस मामले को लेकर सपा और भाजपा दोनों ही हमलावर हैं। कू एप, ट्विटर और फेसबुक पर इस मामले को लेकर सपा और बीजेपी एक दूसरे पर

## करहल विधानसभा सीट





हमलावर हैं। रालोद सहयोगी गठबंधन में है इसलिए वह भी इस मुद्दे पर बीजेपी पर हमलावर है। यह क्षेत्र सपा के गढ़ माने जाते हैं। इसलिए मोदी-योगी अपने काम-काज और सूबे की बेहतर कानून-व्यवस्था के मसले पर सपा को उसी के घर में ललकार रहे हैं।

बीजेपी ने जिस प्रकार 2017 के विधान सभा और 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के गढ़ अमेठी में राहुल गांधी को घेरा और उन्हें वायनाड जाने पर मजबूर किया था वैसे ही बीजेपी की कोशिश है कि इस बार करहल में कमल खिलाया जाए। बात सिर्फ करहल में कमल खिलाने की नहीं है। बीजेपी करहल के जरिए पूरे प्रदेश में यह संदेश देना चाहती है कि सपा के गढ़ में उसे सिर्फ बीजेपी ही टक्कर दे सकती है और यदि दस मार्च के बाद इस सीट का परिणाम बीजेपी के पक्ष में गया तो जाहिर है भाजपा की मन मांगी मुराद पूरी हो जाएगी। मैनपुरी जिला यादव परिवार का गढ़ माना जाता है। यहां की लोकसभा सीट पर आज तक बीजेपी अपनी जीत दर्ज नहीं कर पाई है। 2014 में जब पूरे देश में मोदी लहर थी तब भी इस सीट पर उनका जादू नहीं चला। मैनपुरी से चुनाव लड़े मुलायम सिंह यादव को ही जीत हासिल हुई। मुलायम दो संसदीय सीटों आजमगढ़ और मैनपुरी से चुनाव लड़े थे और उन्हें दोनों ही सीटों पर जीत हासिल हुई थी। इसलिए मैनपुरी सीट उन्होंने छोड़ दी थी और फिर इस सीट पर तेज प्रताप यादव उपचुनाव जीते थे। मैनपुरी संसदीय सीट में पांच विधानसभाएं आती हैं। जिनमें मैनपुरी, भोगांव, किशनी, करहल और जसवंतनगर शामिल हैं। जसवंतनगर विधानसभा सीट से मुलायम के भाई शिवपाल सिंह यादव विधायक हैं। इस बार फिर वह चुनाव मैदान में हैं। 2017 के विधानसभा चुनाव में पांच विधानसभा सीटों में से सिर्फ एक सीट भोगांव में बीजेपी को जीत मिली थी जबकि बाकी की चार सीटों पर एसपी के प्रत्याशी ही जीते थे। मैनपुरी जिलें में लगभग 17.3 लाख वोटर हैं। इनमें सबसे ज्यादा वोटर यादव जाति के हैं। आंकड़े के मुताबिक कुल वोटरों में से 35 फीसदी वोटर यादव हैं। वहीं दूसरे नंबर पर यहां राजपूत, चौहान, राठौर, भदौरिया हैं ये कुल वोटरों का 29 फीसदी हैं। उसके बाद यहां शाक्य, ब्राह्मण, एससी और मुस्लिम वोटर हैं। करहल से ही मुलायम सिंह ने अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की थी और वहां बतौर शिक्षक नौकरी की थी। बीजेपी ने इस सीट से केंद्रीय राज्यमंत्री और योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे डॉ. एसपी सिंह बघेल को अखिलेश के खिलाफ मैदान में उतारा है।

एसपी सिंह औरैया के भाटपुरा गांव में 1960 में पैदा हुए। 1989 में मुलायम सिंह यादव पहली बार मुख्यमंत्री बने तो एसपी सिंह बघेल उनके सुरक्षाकर्मी बने। बाद में एसपी सिंह बघेल को मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। मुलायम सिंह ने उन्हें चुनाव लड़ाया, 1998, 1999 और 2004 में बघेल जलेसर सीट से सपा से लोकसभा सांसद रहे, 2010 में बघेल सपा छोड़ बसपा में शामिल हो गए और मायावती ने उन्हें राज्य सभा का सांसद बनवाया। बसपा के बाद उन्होंने भाजपा का दामन थामा और 2015 में वे भाजपा के ओबीसी मोर्चे के अध्यक्ष बन गए। 2017 में फिरोजाबाद की टूंडला आरक्षित सीट से विधायक चुने गए और योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री बने, 2019 में भाजपा ने उन्हें आगरा की आरक्षित सीट से चुनाव लड़वाया और वे चौथी बार सांसद बने, 2021 के केंद्रीय मंत्रिमंडल विस्तार में उन्हें केंद्रीय विधि और न्याय राज्य मंत्री बनाया गया। एसपी सिंह बघेल अब तक तीन बार यादव परिवार से चुनावी मैदान में भिड़ चुके हैं। उनका सबसे पहला मुक़ाबला 2009 में अखिलेश यादव से फिरोज़ाबाद लोक सभा सीट पर हुआ जब उन्होंने बसपा के टिकट पर यहां से चुनाव लड़ा था। अखिलेश यादव ने उन्हें 67000 वोटों से हराया था। 2009 में अखिलेश कन्नौज और फिरोज़ाबाद दोनों सीटों से चुनाव जीते थे तो उन्होंने फिरोज़ाबाद छोड़ दी थी। 2009 के लोकसभा उपचुनाव में डिंपल यादव को मैदान में उतारा गया और उनका मुक़ाबला कांग्रेस के राज बब्बर और बसपा के एसपी सिंह बघेल से हुआ। डिंपल यादव राज बब्बर से चुनाव हार गईं और एसपी सिंह बघेल तीसरे नंबर पर रहे। 2014 के लोक सभा चुनाव में वह तीसरी बार फिरोजाबाद से चुनाव लड़े और पहली बार भाजपा के उम्मीदवार बने, इस बार उनका मुक़ाबला सपा के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव से हुआ। 2014 की मोदी लहर के बावजूद अक्षय यादव ने 114000 वोटों से एसपी सिंह बघेल को हराया था। जाहिर है कि चुनावी समर में बघेल का यादव परिवार से संग्राम का परिणाम हमेशा पराजित करने वाला होता है लेकिन फिर भाजपा ने उन्हें यहां से टिकट दिया है। यहां भाजपा पूरी ताकत से चुनाव लड़ रही है।

# भाजपा के सामने जीत दोहराने की चुनौती

## तीसरा चरण

● सपा की साख दांव पर बसपा-कांग्रेस के पास अवसर

**सतीश सिंह।** लखनऊ

**एक दिन** पूर्व घाटमपुर में खुशी दुबे को बसपा के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने चुनावी मुद्दा बताते हुए ब्राह्मण वोट बैंक को अपने तरफ करने की कोशिश की तो वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लेकर भाजपा के बड़े नेता इत्र की नगरी कन्नौज के साथ ही अयोध्या में राम मंदिर व माफिया को अपना मुद्दा बनाया हुआ है। वहीं दो चरण के चुनाव के भाजपा साफ होने की बात करते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव कन्नौज को बदनाम करने का आरोप लगा रहे हैं। इस बीच कांग्रेस हाथरस की घटना को लेकर भाजपा को घेरने का प्रयास कर रही है। मजेदार, बात यह है कि तीनों मुद्दे तीसरे चरण में ही है। एक तरफ बीजेपी जहां सत्ता वापसी को लेकर एड़ी-चोटी का जोर लगाए हुए है वहीं सपा-बसपा व कांग्रेस भाजपा का रथ रोकने को आतुर हैं। कैराना के पलायन को लेकर भले ही सियासी चर्चाएं और भाषणबाजी खूब हुई है लेकिन तीसरे चरण में पश्चिमी यूपी से लेकर बुंदेलखंड और अवध की मिलाकर 59 सीटों पर मुद्दे बदल गए हैं। हाथरस जिले की सीटों का चुनाव भी इसी चरण में हैं, जहां दलित युवती के साथ बलात्कार और हत्या और उसके बाद प्रशासनिक मशीनरी का व्यवहार राष्ट्रीय मुद्दा बन गया था। अखिलेश यादव वोटरों के जेहन में इत्र नगरी कन्नौज पर छापेमारी को सपा एक बड़ा मुद्दा बनाया है। वहीं, बिकरू कांड वाला इलाका में भी वोटिंग इसी चरण में होनी है। विकास दुबे पुलिस एनकाउंटर और उसके एक सहयोगी अमर दुबे की पत्नी खुशी दुबे को जेल भेजा जाना यहां मुद्दा बना हुआ है। विपक्ष इसे ब्राह्मणों के साथ अन्याय बता रहा है तो कांग्रेस ने खुशी दुबे की बहन नेहा तिवारी को कल्याणपुर से चुनाव में उतार दिया है। बुंदेलखंड में पानी और बेरोजगार के सवाल हैं। आवारा पशुओं से किसानों की बर्बाद होती फसल और स्थानीय स्तर पर खनन माफियाओं की भेंट चढ़ती प्राकृतिक संपदा एक बड़ा चुनावी मुद्दा बना हुआ है।

### हॉट सीटें

करहल, फर्रुखाबाद, कन्नौज, जसवंतनगर, इटावा और सादाबाद।

**2017 में थी यह स्थिति**

| | |
|---|---|
| कुल सीटें- | 59 |
| भाजपा- | 49 |
| सपा- | 9 |
| कांग्रेस- | 1 |

### तीसरे चरण में इन मुद्दों की होगी परीक्षा

- हाथरस कांड
- बिकरू कांड
- पियूष-पुष्पराज कांड
- आवारा पशुओं की समस्या
- बेरोजगारी
- राम मंदिर

### प्रोफाइल चेहरे

- पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव-करहल-सपा
- केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल-करहल-भाजपा
- प्रदेश सरकार के मंत्री सतीश महाना-महाराजपुर- भाजपा
- पूर्व आइपीएस असीम अरुण-कन्नौज सुरक्षित-भाजपा
- पूर्व मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद फर्रुखाबाद-कांग्रेस
- पूर्व मंत्री शिवपाल यादव-जसवंतनगर-सपा
- पूर्व मंत्री रामवीर उपाध्याय-सादाबाद-भाजपा
- मुलायम के समधी हरिओम यादव सिरसागंज-भाजपा




### पिछली बार बनाया रिकॉर्ड, अब बरकरार रखने की चुनौती

**तीसरे** चरण की जिन 59 सीटों पर चुनाव हो रहे हैं उनमें से 90 फीसदी सीटों पर फिलहाल बीजेपी का कब्जा है। 2017 के चुनाव में इन 59 सीटों में से 49 सीट पर बीजेपी ने जीत दर्ज की थी जबकि 9 सीट पर सपा और महज एक सीट पर कांग्रेस को जीत मिली थी। बसपा खाता नहीं खोल सकी थी। सत्ता में रहने के बावजूद भी सपा ने अपने गढ़ में अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया था और मोदी लहर पर सवार बीजेपी ने 49 सीटें जीतकर एक नया रिकार्ड बनाया था। तीसरे चरण में बीजेपी के लिए जहां अपनी सीटें बचाने की चुनौती है तो सपा और बसपा की साख दांव पर होगी। पिछली बार चुनावी नतीजो के देखते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव खुद ही तीसरे चरण में चुनावी मैदान में किस्मत आजमाने के लिए मैनपुरी जिले की करहल सीट से उतरे हैं और उनके चाचा शिवपाल यादव इटावा के जसवंतनगर सीट से ताल ठोक रहे हैं। अखिलेश यादव के सामने अपने गढ़ में खिसके सियासी आधार को दोबारा से हासिल करने की है। दरअसल एटा, कन्नौज, इटावा, फर्रुखाबाद, कानपुर देहात जैसे जिलों में भी सपा को करारा झटका लगा था जबकि 2012 के चुनाव में इन जिलों में सपा ने क्लीन स्वीप किया था। सपा को तीसरे चरण में तब 37 सीटें मिली थीं और 2017 में महज 9 सीटों से संतोष करना पड़ा था। यहां पर बीजेपी का गैर-यादव ओबीसी कार्ड काफी सफल रहा था।

### पश्चिमी यूपी से लेकर बुंदेलखंड सहित अवध का चुनावी संग्राम

तीसरे चरण में प्रदेश के तीन हिस्सों अवध, पश्चिमी यूपी और बुंदेलखंड में चुनाव होने हैं। तीसरे चरण में पश्चिमी यूपी के पांच जिले मैनपुरी, एटा, कासगंज, फिरोजाबाद और हाथरस शामिल हैं। यहां पर 19 विधानसभा सीटें हैं। अवध क्षेत्र में कानपुर, कानपुर देहात, औरैया, फर्रुखाबाद, कन्नौज, इटावा है। इन 6 जिलों में 27 विधानसभा सीटें हैं। बुंदेलखंड इलाके में झांसी, महोबा, हमीरपुर, ललितपुर और जालौन जिले में भी मतदान होना है। बुंदेलखंड के पांचों जिलों में 13 विधानसभा सीट हैं।




लखनऊ में विधान सभा चुनाव को लेकर रैली में उपस्थित लोगों का अभिवादन करती बसपा प्रमुख मायावती

# अपना दल ( एस ) भी गीत गा गाकर करेगा चुनाव प्रचार

**भाषा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश विधानसभा चुनाव में सभी राजनीतिक दल अपने चुनाव प्रचार के लिए गीतों का सहारा ले रहे हैं और इस कड़ी में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का सहयोगी अपना दल (एस) भी जुड़ गया है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री एवं अपना दल (एस) की अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने यह चुनावी गीत अबके यूपी में वो फिर से धमाल करेगी...अपना दल वाली अनुप्रिया कमाल करेगी जारी किया। ऑडियो और वीडियो में उपलब्ध इस गीत के जरिए पार्टी के संदेश को मतदाताओं तक पहुंचाने की कोशिश की गई है। इस अवसर पर पटेल ने गीतकार और गायक संजीव श्रीवास्तव के प्रति आभार जताया और कहा कि यह गीत पार्टी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं में ऊर्जा भरने का काम करेगा। पटेल ने कहा कि इस गीत के सुरों से आमजन को पार्टी की विचारधारा को समझने और परखने में सहूलियत मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा के सहयोगी अपना दल (एस) ने अभी तक 15 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित किए हैं। 2017 में भाजपा के गठबंधन से अपना दल (एस) के उम्मीदवारों ने नौ विधानसभा सीटों पर जीत हासिल की थी। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भी पार्टी ने दो-दो सीटों पर जीत हासिल की थी। पटेल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में दोनों बार जगह मिली। अपना दल (एस) के प्रदेश प्रवक्ता राजेश श्रीवास्तव ने पीटीआई-भाषा को बताया कि इस गीत को मशहूर गीतकार व बेटियों के लिए समर्पित गायक संजीव श्रीवास्तव ने लिखा और अपनी आवाज दी है। संजीव श्रीवास्तव ने कहा, अनुप्रिया पटेल की साफ सुथरी छवि वाली राजनीति से प्रेरित होकर एक बेहतरीन सरकार की रचना के लिए हमने यह गीत समस्त कायस्थ समाज की तरफ से उनके चुनाव के लिए भेंट किया है। इस मौके पर गीतकार संजीव श्रीवास्तव और उनकी टीम के शेखर श्रीवास्तव, शक्ति आनंद, दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रेखा पटेल, राम लखन पटेल, पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विनोद गंगवार, मुन्नार प्रजापति, राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पटेल, प्रदेश प्रवक्ता राजेश श्रीवास्तव सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



# इत्र नगरी कन्नौज में महंगाई, रोजगार और विकास मुख्य मुद्दे

**भाषा।** कन्नौज

**समाजवादी** पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनकी पत्नी डिंपल ने अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत इत्र नगरी कन्नौज से की थी जहां पिछले दिनों एक इत्र व्यापारी से करोड़ों रुपए की बरामदगी का मुद्दा चर्चा में रहा। लेकिन कई स्थानीय लोगों के लिए विधानसभा चुनाव में यह मुद्दा नहीं है और उनका जोर अन्य जगहों की तरह ही महंगाई और बेरोजगारी जैसे विषयों पर है। एक इत्र व्यापारी के घर से करोड़ों रुपए के काले धन की बरामदगी राजनीतिक दलों के लिए भले ही चुनावी मुद्दा है लेकिन कन्नौज सदर सीट के चार लाख से अधिक मतदाताओं के लिए महंगाई, बेरोजगारी और खेती से जुड़ी परेशानियां मुख्य मुद्दे हैं। बहुजन समाज पार्टी के शासनकाल में 1997 में कन्नौज जिला बनने के बाद कन्नौज सदर सीट पर समाजवादी पार्टी का ही कब्जा रहा है। 2017 में मोदी लहर के बावजूद यहां भारतीय जनता पार्टी को कामयाबी नहीं मिली थी। इस बार सपा के गढ़ पर कब्जा जमाने के लिए भाजपा ने कानपुर के पूर्व पुलिस आयुक्त असीम अरुण को चुनाव मैदान में उतारा है। समाजवादी पार्टी से तीन बार विधायक रह चुके अनिल दोहरे एक बार फिर मैदान में हैं वहीं कांग्रेस ने विनीता देवी पर भरोसा जताया है तो बसपा से समरजीत दोहरे मैदान में हैं।

कन्नौज सीट पर तीसरे चरण में 20 फरवरी को मतदान है। कन्नौज सदर सीट सुरक्षित सीट हैं। जीएसटी खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने हाल ही में शहर के इत्र व्यापारी पीयूष जैन के घर और कारखाने से 177 करोड़ रुपए नकद, 25 किलोग्राम सोना और 250 किलोग्राम चांदी जब्त की थी। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के अनिल दोहरे चुनाव जीते थे, जबकि भाजपा के बनवारी लाल दोहरे दूसरे स्थान पर और बसपा के अनुराग सिंह तीसरे स्थान पर रहे थे। इस बार भाजपा के असीम अरुण, सपा के अनिल दोहरे को कड़ी टक्कर देते दिख रहे हैं। पिछली बार भी भाजपा ने कड़ी टक्कर दी थी और सपा को 2,454 मतों से ही जीत मिली थी।

बसपा से इस बार समरजीत सिंह दोहरे प्रत्याशी हैं। असीम अरुण भी दोहरे हैं और सपा उम्मीदवार अनिल भी दोहरे हैं। दोहरे दलित होते हैं और यह दोहरे बाहुल्य सीट है। विधायक अनिल दोहरे पुराने समाजवादी हैं और उनके पिता बिहारी लाल दोहरे भी इस सीट से जीत चुके हैं। पत्नी सुनीता दोहरे जिला पंचायत अध्यक्ष रही हैं। कन्नौज के सेंगरनपुरवा में चुनाव प्रचार के दौरान भाषा से बातचीत के दौरान असीम अरुण ने कहा, कन्नौज का खैरपुर गांव हमारे परिवार का पुश्तैनी गांव रहा हैं, और हमारे पिता पूर्व डीजीपी श्रीराम अरुण को गांव से काफी लगाव था, इसलिए वह माह में एक बार यहां जरूर आते थे। पिता जी ने यहां एक स्कूल खोला, किसानों के खेतों में पानी न पहुंच पाने की समस्या का हल निकाला। उन्होंने कहा, कन्नौज से हमारा पुराना रिश्ता रहा है, इसलिए यहां की जनता मुझे अपना बेटा मानती है और फिर योगी आदित्यनाथ सरकार ने ग्रामीणों के लिए इतना काम किया है कि यहां इस बार भाजपा ही चुनाव जीतेगी। असीम ने कहा कि चुनाव जीतने पर वह यहां के युवाओं को सैन्य और सुरक्षा बलों में चयनित कराने के लिए विशेष प्रशिक्षण केंद्र खोलेंगे ताकि क्षेत्र के अधिक से अधिक युवा सैन्य और सुरक्षा बलों में चयनित हो सकें। इसके अलावा वह आलू व्यापारियों के लिए भी ठोस कार्ययोजना लेकर आएंगे। इत्र उद्योग को भी नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास करेंगे।

वहीं दूसरी ओर, समाजवादी पार्टी प्रत्याशी अनिल दोहरे ने नसरापुर स्थित नगर सपा कार्यालय में भाषा से कहा, अखिलेश यादव ने कन्नौज में परफ्यूम पार्क, विशिष्ट आलू मंडी, कैंसर अस्पताल आदि का निर्माण कार्य शुरू करवाया था। लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार ने किसी भी कार्य को पूरा करने में दिलचस्पी नहीं दिखाई क्योंकि उनकी नजर में यह समाजवादी पार्टी का गढ़ है। बसपा प्रत्याशी समरजीत सिंह दोहरे दावा करते हैं कि इस बार जनता पार्टी प्रमुख मायावती को मुख्यमंत्री बनाएगी क्योंकि इस क्षेत्र में सपा ने विकास का कोई काम नहीं किया। कांग्रेस प्रत्याशी विनीता देवी कहती हैं कि जीतने पर वह महिलाओं की सुरक्षा और विकास के लिए काम करेंगी। कन्नौज के ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष और प्रमुख व्यावसाई अनुज मिश्रा गांधी के अनुसार पीयूष जैन के यहां से धन की बरामदगी चुनाव में कोई मुद्दा ही नहीं है। वह किसी पार्टी का सदस्य नहीं हैं और वह केवल एक व्यापारी हैं। इस बार शिक्षा, रोजगार, सड़क और पानी बड़ा मुद्दा हैं। हम इन मुद्दों पर वोट करेंगे। क्षेत्र का विकास हो, हम बस इतना ही चाहते हैं। इत्र व्यापारी आशु दुबे के अनुसार आप एक इत्र व्यापारी के यहां से धन की बरामदगी की बात करते हैं जो कोई मुद्दा ही नहीं हैं। हम इत्र का कारोबार करने वाले लोग चाहते हैं कि इत्र में इस्तेमाल होने वाले फूलों को उगाने वाले किसानों को उचित सुविधाएं मिलें ताकि वे फूलों की अच्छी फसल उगा सकें और हमें फूल यहीं स्थानीय स्तर पर ही मिल जाएं। बीज और कृषि संबंधी सामान बेचने वाले व्यापारी अनुराग मौर्य के अनुसार राजनीतिक पार्टियां व्यापारियों की अनदेखी करती हैं। कोरोना के चलते व्यवसाय चौपट हो रहा है। इस पर कोई भी नेता बोलने को तैयार नहीं है। अवकाश प्राप्त सरकारी कर्मचारी नईम खान का कहना है कि अखिलेश सरकार ने कई अस्पताल शुरू करवाए थे लेकिन वे अधूरे पड़े हैं, अगर वे सब पूरे हो जाएं तो हमें इलाज के लिए 85 किलोमीटर दूर कानपुर नहीं जाना पड़ेगा। शहर के एक युवक दीपक केसरी रोजगार को लेकर सवाल खड़ा करते हैं। केसरी ने कहा कि बेरोजगारी लगातार बढ़ती जा रही है और इस बार जनता उसी को वोट देगी, जो गरीबों के लिए काम करेगा।



असीम अरुण



अनिल दोहरे

# प्रधानमंत्री ने आम आदमी पार्टी को कांग्रेस की फोटोकॉपी बताया

**●कहा, पंजाब विस चुनाव में दोनों पार्टियां एक-दूसरे के खिलाफ लड़ने का नाटक कर रही हैं**

**भाषा**। पठानकोट (पंजाब)



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने आम आदमी पार्टी (आप) को कांग्रेस की फोटोकॉपी बताते हुए आरोप लगाया कि पंजाब विधानसभा चुनाव में दोनों पार्टियां एक दूसरे के खिलाफ लड़ने का नाटक कर रही हैं। दोनों दलों के बीच समानताएं गिनाते हुए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि दोनों ने अयोध्या में राम मंदिर का विरोध किया और जब भारतीय सैनिक अपनी वीरता दिखाते हैं तो वे (कांग्रेस तथा आप) पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं।

पंजाब में 20 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पठानकोट में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस बंटवारे के समय करतारपुर साहिब को भारतीय क्षेत्र में रखने में नाकाम रही। करतारपुर साहिब में गुरु नानक देव ने अपना अंतिम समय गुजारा था।

उन्होंने मतदाताओं से राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए पंजाब में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले गठबंधन को सत्ता में लाने का आग्रह किया। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि दोनों पार्टियां एक थाली के चट्टे बट्टे होने के बावजूद अब पंजाब में नूरा कुश्ती कर रही हैं। क्या आपने डब्ल्यूडब्ल्यूएफ देखा है? वे यही कर रहे हैं।

वे प्रतिद्वंद्वी होने का नाटक कर रहे हैं। उन्होंने आप का जिक्र करते हुए कहा कि यह कांग्रेस की जेरॉक्स कॉपी है। सब कुछ एक जैसा है। उन्होंने कहा, इन दोनों पार्टियों में समानता देखिए कि जब अयोध्या में राम मंदिर बन रहा था तो दोनों ने इसका विरोध किया। जब भारत के वीर बहादुरी दिखाते हैं तो इन पार्टियों के नेता पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं। मोदी ने कहा, सच्चाई यह है कि अगर कांग्रेस ओरीजनल है, तो दूसरी पार्टी (आप) उसकी फोटोकॉपी है।

प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि एक पार्टी ने युवाओं को नशे के जाल में धकेला तो दूसरी पार्टी दिल्ली के युवाओं को शराब की लत लगाने में लगी है। एक ने पंजाब को लूटा और दूसरी दिल्ली में एक के बाद एक घोटाले कर रही है।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस को अब अपराध में भागीदार मिल गया है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि कांग्रेस ने आप को तब समर्थन दिया था जब वह दिल्ली विधानसभा चुनाव में बहुमत से कुछ कम सीटें जीत पाई थी।

करतारपुर साहिब को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मोदी ने उपस्थित भीड़ से पूछा, क्या उन्होंने पाप किया है या नहीं? प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि पार्टी ने लोगों की भावनाओं को कुचला है। क्या वे नहीं समझ पाए कि करतारपुर साहिब सिर्फ छह किलोमीटर दूर है? क्या इसे भारत के क्षेत्र में शामिल नहीं किया जाना चाहिए था? संत रविदास का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि उनकी सरकार संत के आदर्शों का अनुसरण करती है और उनकी सरकार के लिए गरीबों का कल्याण सर्वोपरि है। प्रधानमंत्री रविदास जयंती के मौके पर दिल्ली के करोल बाग इलाके में श्री गुरू रविदास विश्राम धाम मंदिर में दर्शन करने के बाद यहां एक रैली को संबोधित करने के लिए पहुंचे।

गुरु रविदास की जयंती के मौके पर उनके अनुयाई बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश के वाराणसी जा रहे हैं। मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा नीत योगी आदित्यनाथ सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास कर रही है कि वहां आ रहे लोगों को हर तरह की सुविधा दी जाए।

## मेरी सरकार संत रविदास की शिक्षाओं का अनुपालन करती है : मोदी

**पठानकोट (पंजाब)**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरु रविदास को स्मरण करते हुए बुधवार को पंजाब के मतदाताओं से कहा कि उनकी सरकार संत के आदर्शों का अनुपालन करते हुए गरीबों का कल्याण सबसे ऊपर रखती है। उन्होंने कहा कि केंद्र और उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार पंजाब और पूरे देश से गुरु रविदास की जयंती के मौके पर वाराणसी गए श्रद्धालुओं को हर तरह की सुविधा सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है। मोदी ने पंजाब के पठानकोट में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, आज संत रविदास की जयंती है। यहां आने से पहले मैं गुरु रविदास विश्राम मंदिर (दिल्ली में) गया था और उनका आशीर्वाद लिया। उल्लेखनीय है कि प्रख्यात आध्यात्मिक कवि और समाज सुधारक संत रविदास ने सामाजिक भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई और पूरे देश में उनके अनुयाई हैं, खासतौर पर दलित समुदाय में उनकी बड़ी संख्या में अनुयाई शामिल है जिनकी पंजाब और उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या हैं, जहां विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। मोदी ने कहा कि वाराणसी का सांसद होने के नाते यह मेरी जिम्मेदारी है, जब आप हमारे मेहमान होते हैं तो आप श्रद्धालुओं को सभी सुविधाएं मिलें। उन्होंने कहा कि पंजाब से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे ने दो विशेष ट्रेनें चलाई हैं। वहीं पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी भी बुधवार को वाराणसी गुरु रविदास के जन्म स्थान पर पहुंचे और प्रार्थना की।

## भारतीयों की ऊर्जा जरूरतें 20 वर्षों में दोगुनी हो जाने की उम्मीद : मोदी

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत के लोगों की ऊर्जा जरूरतें अगले 20 वर्षों में दोगुनी हो जाने की उम्मीद है। साथ ही, उन्होंने विकसित देशों से वित्त और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर अपने वादों को पूरा करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने 21वें विश्व सतत विकास सम्मेलन (डब्ल्यूएसडीएस-22) के उदघाटन भाषण में कहा कि पर्यावरणीय धारणनीयता केवल जलवायु न्याय से ही हासिल की जा सकती है। उन्होंने कहा कि भारत के लोगों की ऊर्जा जरूरतें अगले 20 वर्षों में दोगुनी हो जाने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह ऊर्जा उपलब्ध कराने से इनकार करना लाखों लोगों को जीने से मना करने जैसा होगा। सफल जलवायु कार्वाई के लिए पर्याप्त वित्त उपलब्ध होने की भी जरूरत है। इसके लिए, विकसित देशों को वित्त और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर अपने वादे पूरे करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र रूपरेखा समझौता (यूएनएफसीसीसी) के तहत वादों को पूरा करने में यकीन करता है। मोदी ने कहा कि हम यूएनएफसीसीसी के तहत किए गए अपने सभी वादों को पूरा करने में दृढ़ विश्वास रखते हैं। हमने ग्लासगो में हुए सीओपी-26 के दौरान भी अपनी आकांक्षाओं से अवगत कराया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत बहुत ही विविधताओं वाला देश है, जहां विश्व की आठ प्रतिशत प्रजातियां हैं। मोदी ने कहा, भारत का क्षेत्रफल विश्व की कुल भूमि का 2.4 प्रतिशत ही है लेकिन यहां विश्व की आठ प्रतिशत प्रजातियां हैं। इस पारिस्थितिकी का संरक्षण करना हमारा कर्तव्य है। हम अपने संरक्षित क्षेत्र नेटवर्क को मजबूत कर रहे हैं।

# सुखबीर का अकाली दल की पंजाबी पहचान पर जोर

**●आप और कांगेंस को रिमोट संचालित बताया**

**भाषा**। रायकोटाझुनीर (पंजाब)



**शिरोमणि** अकाली दल (शिअद) के प्रमुख प्रमुख सुखबीर बादल ने पंजाब के हर गांव में अपनी पार्टी की मौजूदगी और लोगों की आकांक्षाओं को किसी दूसरे से बेहतर समझ सकने का दावा करते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि मतदाता इस बार राज्य आधारित पार्टी को चुनेंगे न कि उनको जो दिल्ली से रिमोट संचालित हैं।

राजनीतिक विश्लेषक शिअद के भरोसे पर संदेह जता सकते हैं लेकिन बादल का कहना है कि उसका घर और गठबंधन दुरुस्त है और प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में उन्हें लाभ मिलेगा। शिअद प्रमुख ने पीटीआई-भाषा से यह भी कहा कि बहुजन समाज पार्टी (बसपा), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तुलना में बहुत बेहतर सहयोगी है और उन्होंने फिर से भाजपा के साथ आने की संभावना से इनकार किया।

बादल ने रायकोट में एक रैली के इतर कहा, अकाली दल पंजाब की सबसे पुरानी पार्टियों में से एक है और पंजाब की एकमात्र पंजाबी पार्टी है, जो किसानों की पार्टी है। पंजाब की मानसिकता को हमसे बेहतर कोई नहीं समझ सकता क्योंकि हम दिल्ली से रिमोट कंट्रोल से संचालित नहीं होते हैं। चुनाव के लिए पार्टी के थीम गीत सदा वीर सुखबीर के संगीत के साथ बादल अपने पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर इशारा करते हुए कहते हैं कार्यकर्ता उत्साहित हैं और वे पार्टी को जीत दिलाएंगे।

अपना जनाधार फिर से हासिल करने की कोशिश में शिअद लोगों को छोटी-छोटी रैलियों से जोड़ने की कोशिश कर रहा है जहां दावतें आयोजित की जाती हैं, जबकि प्रचार अभियान गीत जोर से बजता रहता है।

बादल ने कहा कि पंजाब के हर गांव और हर बस्ती में हमारी मौजूदगी है। पंजाब के लोग अपनी पार्टी चुनेंगे, न कि दिल्ली से दूर से रिमोट से नियंत्रित पार्टी को। गठबंधन ने मंगलवार को अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी करते हुए पंजाबियों के लिए पंजाब की पैरवी की, जिसमें सरकारी और निजी क्षेत्रों में राज्य के युवाओं के लिए नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण और शिक्षा संस्थानों में स्थानीय छात्रों के लिए कोटा के अलावा कई मुफ्त रियायतों का वादा किया गया है। आप के उभार के सवाल पर बादल ने इसे अवसरवादियों और दलबदलुओं का समूह बताया और कहा कि पिछली बार पार्टी ने 20 सीटें जीती थीं और उसके बाद पार्टी में टूट होती रही। बादल ने कहा, लोगों ने आप और कांग्रेस तथा भाजपा के माध्यम से देखा है, ए पार्टियां दिल्ली द्वारा रिमोट से नियंत्रित हैं। जहां तक कांग्रेस का सवाल है तो वह हर गुजरते दिन के साथ सिमटते जा रही है।

भाजपा से अलग होने के बाद बसपा के साथ शिअद के गठबंधन के बारे में पूछे जाने पर बादल ने कहा कि भाजपा की केवल कुछ सीटों पर मौजूदगी है जबकि बसपा अधिकतर क्षेत्रों में सहयोग कर सकती है। उन्होंने कहा, हमने पंजाब की एकता और बेहतरी के लिए भाजपा से हाथ मिलाया था।

लेकिन अपने राज्य की खातिर हमने उनसे अपना नाता तोड़ लिया। बादल ने कहा, बसपा भी पंजाब में अकाली दल की तरह कैडर आधारित पार्टी है और यह लगभग सभी सीटों पर हमारे लिए योगदान दे सकती है, जबकि भाजपा इस क्षेत्र में केवल कुछ सीटों पर जनाधार वाली पार्टी थी।

## एंटीलिया बम मामले में प्रदीप शर्मा की जमानत याचिका खारिज

**भाषा**। मुंबई

**एनआईए** की एक विशेष अदालत ने बुधवार को एंटीलिया विस्फोट मामला और व्यवसाई मनसुख हिरन की हत्या मामले में आरोपी पूर्व पुलिसकर्मी प्रदीप शर्मा की जमानत याचिका खारिज कर दी।

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने इस मामले में कथित भूमिका को लेकर पिछले साल जून में पूर्व मुठभेड़ विशेषज्ञ शर्मा को गिरफ्तार किया था। विशेष न्यायाधीश एटी वानखेड़े ने शर्मा की जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत के विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है।

शर्मा ने अपनी याचिका में दावा किया था कि आरोपपत्र में उनके खिलाफ आरोप ठाणे के व्यवसाई हिरन की हत्या की साजिश में शामिल होने तक सीमित हैं।

# पंजाब के मतदाता कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत के साथ जिताएंगे : हरीश रावत

**भाषा**। चंडीगढ़

**उत्तराखंड** के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने पंजाब में खंडित जनादेश की संभावना से इंकार करते हुए बुधवार को कहा कि लोग राज्य में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत के साथ वापस लाएंगे क्योंकि यह एकमात्र पार्टी है जो समाज के सभी तबकों को साथ लेकर प्रदेश को विकास के पथ पर आगे ले जा सकती है।

पिछले साल सितंबर में पंजाब के मुख्यमंत्री पद से अमरिंदर सिंह को हटाए जाने के समय रावत कांग्रेस के पंजाब मामलों के प्रभारी थे। उसके बाद अक्टूबर में, हरीश चौधरी को रावत के स्थान पर नियुक्त किया गया था। रावत ने विश्वास व्यक्ति किया कि कांग्रेस उत्तराखंड में भी सत्ता में आएगी और राज्य की 70 में से करीब 48 सीटों पर जीत हासिल करेगी। उत्तराखंड में 14 फरवरी को मतदान हुआ। पंजाब के बारे में वरिष्ठ नेता ने कहा कि पंजाब खंडित जनादेश नहीं देगा। पंजाब प्रयोग नहीं करेगा और कांग्रेस के पक्ष में स्पष्ट जनादेश देगा, हम स्पष्ट बहुमत के साथ जीतेंगे।

रावत से सवाल किया गया था कि क्या उन्हें लगता है कि कांग्रेस, आप, शिअद-बसपा, भाजपा नीत गठबंधन आदि के मैदान में होने से पंजाब में त्रिशंकु जनादेश आ सकता है। रावत ने कहा कि हाल के वर्षों में, मैंने जितना पंजाब को समझा है, राज्य स्पष्ट जिम्मेदारी देता है।

उन्होंने कहा कि उधम सिंह नगर (उत्तराखंड) के रूप में हमारे यहां एक छोटा पंजाब है। पंजाब जो महसूस कर रहा है, वह आवाज यहां पहुंच रही है और मैं महसूस कर सकता हूं कि कांग्रेस पंजाब के साथ-साथ मेरे गृह राज्य में भी बेहतर स्थिति में है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री रावत ने कहा कि पंजाब को एक ऐसी पार्टी की जरूरत है जो सभी तबकों को एक साथ लेकर आगे बढ़ सके और राज्य को विकास के रास्ते पर ले जाए। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ही एकमात्र विकल्प है।

रावत ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी का एजेंडा विभाजनकारी है जबकि आम आदमी पार्टी शासन के दिल्ली मॉडल को लागू करना चाहती है, जो नाकाम साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि शिरोमणि अकाली दल को पिछली बार की ही तरह जनता नकार देगी।



चिकमंगलूर में एक कालेज में हिजाब पहनकर आने से मना करने के बाद प्रदर्शन करते छात्र

## सरकार ने नव भारत साक्षरता कार्यक्रम को मंजूरी दी

**नई दिल्ली**। सरकार ने प्रौढ़ शिक्षा के सभी पहलुओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं वर्ष 2021-22 की बजटीय घोषणाओं से जोड़ते हुए नव भारत साक्षरता कार्यक्रम नामक एक नई योजना को मंजूरी प्रदान की है। शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नव भारत साक्षरता कार्यक्रम को वित्त वर्ष 2022 से 2027 की अवधि के लिए मंजूरी प्रदान की गई है।

इसमें प्रौढ़ शिक्षा के स्थान पर सभी के लिए शिक्षा रखा गया है। इसमें कहा गया है कि इस योजना के दायरे में सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के 15 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के सभी निरक्षर आएंगे। इसका मकसद वित्त वर्ष 2022-27 के दौरान 5 करोड़ शिक्षार्थियों को बुनियादी साक्षरता और अंक ज्ञान प्रदान करना है। इसे प्रति वर्ष एक करोड़ शिक्षार्थियों के हिसाब से रखा गया है जिसमें आनलाइन शिक्षण, पठन-पाठन और मूल्यांकन प्रणाली का उपयोग किया जाएगा।

# विवेकाधीन जमीन आवंटन को रोकने के लिए कानून की आवश्यकता: एजी

**●भारतीय नागरिक को ही जमीन आवंटन का लाभ मिलना चाहिए**

**भाषा**। नई दिल्ली

**एटर्नी** जनरल केके. वेणुगोपाल ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि शहरी इलाकों में राजनीतिज्ञों और उच्च न्यायालयों एवं उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों को जमीन आवंटित करने संबंधी विवेकाधीन कोटा खत्म करने के लिए एक कानून अवश्य लागू किया जाना चाहिए। वेणुगोपाल ने कहा कि संबंधित शहरी इलाके में जन्मे या अधिवास कर रहे भारतीय नागरिक को ही जमीन आवंटन के लिए सरकार के विवेकाधीन कोटे से आवंटन का पात्र होना चाहिए। सरकार के शीर्ष विधि अधिकारी ने हाउसिंग सोसाइटी को सरकारी जमीन के आवंटन को नियंत्रित करने के लिए प्रस्तावित दिशानिर्देश प्रस्तुत करने के लिए शीर्ष अदालत के पूर्व के निर्देश के जवाब में अपना पक्ष रखा। देशभर में इन सोसाइटी में राजनेता, नौकरशाह, पत्रकार और कभी-कभी न्यायाधीश भी सदस्य होते हैं। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने आठ फरवरी को वेणुगोपाल से देश भर में हाउसिंग सोसाइटी को भूमि आवंटन किए जाने को विनियमित करने के लिए दिशानिर्देश प्रस्तुत करने को कहा था।

एटर्नी जनरल ने कहा कि भूमि हासिल करने वाले पात्र व्यक्तियों की अर्हता और श्रेणियों को विशेष तौर पर एवं स्पष्ट रूप से दर्ज किया जाना चाहिए और कार्यपालिका को अधिसूचना के जरिए कोई श्रेणी जोड़ने के लिए जगह नहीं दी जानी चाहिए। वेणुगोपाल ने हालांकि जरूरतमंदों और गरीबों को जमीन आवंटित करने को लेकर विवेकाधीन भूमि आवंटन नीति जारी रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि भूमि का आवंटन कानून बनाकर एवं राज्य विधायिका की ओर से पारित होने पर ही किया जाना चाहिए, न कि कार्यपालिका के नीतिदिशानिर्देशों के जरिए। यह मुद्दा अविभाजित आंध्र प्रदेश (अब तेलंगाना) की ओर से हैदराबाद उच्च न्यायालय के 2010 के फैसले के खिलाफ दायर अपील में सामने आया था। इस मामले में उच्च न्यायालय ने हाउसिंग सोसाइटी को आवासीय भूखंडों के आवंटन पर विभिन्न सरकारी आदेशों को खारिज कर दिया था, जिसे राज्य सरकार ने शीर्ष अदालत में चुनौती दी है।

## दाउद के भाई इकबाल कास्कर के खिलाफ पेशी वारंट जारी

**मुंबई**। स्थानीय अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धन शोधन के एक मामले में भगोड़े डॉन दाउद इब्राहिम के भाई इकबाल कास्कर के खिलाफ बुधवार को पेशी वारंट जारी किया। कास्कर रंगदारी के विभिन्न मामलों में फिलहाल ठाणे की जेल में बंद है। पेशी वारंट जारी करते हुए विशेष न्यायाधीश एम. जी. देशपांडे ने कहा कि आरोपी को शहर से यहां लाने और 18 फरवरी को अदालत के समक्ष पेश करने की पूरी व्यवस्था ईडी द्वारा की जाएगी।

अदालत ने कहा कि जांच एजेंसी रंगदारी के मामलों में उसे फिर से वापस भी भेजेगी।

गौरतलब है कि कास्कर से पूछताछ करने की ईडी इस पहल से एक दिन पहले ही एजेंसी ने अंडरवर्ल्ड में धन के लेनदेन, अवैध संपत्ति सौदों और हवाला लेनदेन से जुड़े धन शोधन के एक मामले की जांच के संबंध में मुंबई में कई जगहों की तलाशी ली थी।

# मुख्यमंत्री चन्नी का बयान शर्मनाक कांग्रेस माफी मांगे : जद (यू)

**भाषा**। लुधियाना

**जनता दल** (यूनाइडेट) ने पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी द्वारा उत्तर प्रदेश एवं बिहार के लोगों के संदर्भ में कथित तौर पर की गई टिप्पणी को शर्मनाक और निंदनीय करार देते हुए बुधवार को कहा कि इसके लिए कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए। जद (यू) के वरिष्ठ नेता और बिहार सरकार के मंत्री संजय कुमार झा ने चन्नी के उस कथित बयान का उल्लेख किया जिसमें कहा गया है कि जो यूपी, बिहार और दिल्ली से आकर पंजाब में राज करना चाहते हैं उनको सफल नहीं होने देना है।

झा ने एक बयान में कहा कि यह देखकर दुख होता है कि पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने बिहार और उत्तर प्रदेश के मेहनतकश लोगों का उपहास किया है। यह देखकर हैरानी हुई कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने तालियां बजाकर चन्नी के बयान का समर्थन किया। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं और कांग्रेस से माफी की मांग करते हैं। झा ने कहा कि क्या चन्नी जी को यह पता है कि पंजाब की संपत्ति और प्रगति बिहार के हजारों प्रवासी मजदूरों पर निर्भर करती है? ऐसा सदियों से है। कोविड महामारी के दौरान जब हमारे भाई-बहन बिहार और उत्तर प्रदेश वापस जाने लगे तो पंजाब में अफरा-तफरी मच गई थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का बयान बहुत शर्मनाक और निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेता इस तरह की बयानबाजी करते हैं और भारत की एकता का अनादर करते हैं। ऐसा लगता है कि कांग्रेस को क्षेत्रों और समुदायों के बीच अनादर का बीज बोने की आदत हो गई है।

## कांग्रेस को दिन में सपना नहीं देखना चाहिए: भाजपा

**पणजी**। भाजपा नेता सदानंद शेट तनवडे ने बुधवार को यह कहते हुए कांग्रेस पर कटाक्ष किया कि पार्टी को गोवा में पूर्ण बहुमत सीटों के साथ अगली सरकार का गठन करने का दिन में सपना देखना बंद करना चाहिए। कांग्रेस ने मंगलवार को दावा किया था कि गोवा फॉरवर्ड पार्टी (जीएफपी) के साथ उसका गठबंधन 40 सदस्ईय विधानसभा में पूर्ण बहुमत हासिल करेगा और भाजपा को 10 से भी कम सीटें मिलेंगी। गोवा में सोमवार को 78.94 फीसद मतदान हुआ था और अब मतगणना 10 मार्च को होगी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष तनवडे ने कहा कि कांग्रेस के नेता घबराए हुए हैं , इसलिए वे अप्रासंगिक बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मतदान के प्रति जबर्दस्त उत्साह संकेत करता है कि भाजपा गोवा में एक बार फिर सरकार बनाएगी। भाजपा नेता ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश चोडनकर और विपक्ष के नेता दिगंबर कामत मतदान परिदृश्य के बारे में अस्पष्ट निष्कर्ष पर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को दिन में सपना देखना बंद कर देना चाहिए। सत्ता के प्रति उनका लालच उनके बयानों से स्पष्ट है। जैसा कि मैंने पहले कहा है कि भारी मतदान दर्शाता है कि लोगों ने भाजपा के पक्ष में वोट डाला है। हमारी जीत और कांग्रेस की हार 10 मार्च को स्पष्ट हो जाएगी।

# राणा कपूर, गौतम थापर और सात अन्य को जमानत मिली

**संपत्ति बिक्री मामला**

**भाषा**। मुंबई

**विशेष** पीएमएलए अदालत ने बुधवार को यस बैंक के संस्थापक राणा कपूर, कारोबारी गौतम थापर और सात अन्य को दिल्ली के एक महत्वपूर्ण स्थान पर मौजूद संपत्ति की बिक्री से जुड़े मामले में जमानत दे दी। हालांकि कपूर और थापर इसके बावजूद जेल से बाहर नहीं आ सकेंगे क्योंकि वे कुछ और मामलों में न्यायिक हिरासत में हैं।

अदालत ने बुधवार का जिस मामले में जमानत दी वह दिल्ली के अमृता शेरगिल मार्ग पर मौजूद संपत्ति को राणा कपूर की पत्नी बिंदु कपूर के स्वामित्व वाली कंपनी को बेचने से जुड़ा है और इस संबंध में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पिछले साल अलग से एक मामला दर्ज किया था। बाद में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राणा कपूर, बिंदु कपूर, गौतम थापर और सात अन्य के खिलाफ सीबीआई की प्राथमिकी के आधार पर धन शोधन का मामला दर्ज किया। ईडी द्वारा पिछले साल दिसंबर में दाखिल आरोप पत्र पर संज्ञान लेते हुए विशेष धनशोधन निषेध अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने आरोपियों को समन किया जिसके आधार पर वे बुधवार को अदालत के समक्ष पेश हुए।

विशेष अदालत के न्यायाधी एम जी देशपांडे की अदालत में उपस्थिति दर्ज कराने के बाद आरोपियों ने जमानत का अनुरोध किया। अधिवक्ता विजय अग्रवाल और राहुल अग्रवाल के जरिए दाखिल जमानत अर्जी में कहा गया कि कपूर को कभी इस मामले में गिरफ्तार नहीं किया और उन्होंने जांच में पूरा सहयोग किया, ईडी उनका बयान भी दर्ज कर चुकी है।

## डीएनएलए के 52 उग्रवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**गुवाहाटी**। असम के कार्बी आंगलोंग जिले में उग्रवादी संगठन दिमासा नेशनल लिबरेशन आर्मी (डीएनएलए) की चार महिलाओं समेत कुल 52 सदस्यों ने अपने हथियार डाल दिए। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (विशेष शाखा) हिरेन चंद्र नाथ ने बताया कि जिले के धानसिरि इलाके में डीएनएलए के एक शिविर में यह कार्यक्रम हुआ।

कुल 52 सदस्य बाहर आए जिनमें चार महिलाएं हैं। यह डीएनएलए के मुख्य धारा में शामिल होने का प्रतीक है। सदस्य पहले नहीं आ पाए थे क्योंकि उन्हें पहले नगालैंड के बहुत अंदरूनी क्षेत्रों में रखा गया था। कार्बी आंगलोंग के पुलिस अधीक्षक के सामने इन सभी ने एक कार्बाइन, एक पंप एक्शन बंदूक, दो .22 राइफल, एक .303 राइफल, एक हथगोला और दो पिस्तौल जमा किए। डीएनएलए दिमासा जनजाति के लोगों के लिए संप्रभु राष्ट्र स्थापित करने के लक्ष्य से 2019 के प्रारंभ में स्थापित किया गया था।

## भारत, यूएई करेंगे समग्र कारोबार समझौता

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अबू धाबी के युवराज एवं यूएई के सशस्त्र बलों के उप सर्वोच्च कमांडर शेख मोहम्मद बिन जाएद अल नाहयान शुक्रवार (18 फरवरी) को डिजिटल माध्यम से शिखर बैठक करेंगे जिसमें दोनों देशों के बीच समग्र आर्थिक गठजोड़ समझौता (सीईपीए) होने की संभावना है। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, इस बैठक में दोनों नेता द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा के साथ ही साझा हितों से संबंधित क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। समझा जाता है कि इस बैठक में दोनों नेता (मोदी और नाहयान) दोनों देशों के ऐतिहासिक और मित्रतापूर्ण संबंधों के बारे में अपनी दृष्टि पेश करेंगे। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण पहल समग्र आर्थिक गठजोड़ समझौता (सीईपीए) है। सीईपीए के लिए बातचीत सितंबर 2021 में शुरू हुई थी और यह पूरी हो गई है। मंत्रालय के अनुसार यह समझौता भारत-यूएई आर्थिक एवं वाणिज्यिक संबंधों को अगले स्तर पर ले जाएगा। घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों ने बताया कि शिखर बैठक के दौरान भारत और यूएई द्वारा सीईपीए पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। बयान के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अबू धाबी के युवराज शेख मोहम्मद बिन जाएद अल नाहयान के बीच डिजिटल माध्यम से शुक्रवार (18 फरवरी) को शिखर बैठक होगी। मंत्रालय के अनुसार यह शिखर बैठक ऐसे समय में होने जा रही है जब भारत अपनी आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर अमृत महोत्सव मना रहा है जबकि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) अपनी स्थापना की 50वीं वर्षगांठ मना रहा है। बयान में कहा गया है कि हाल के वर्षो में भारत और यूएई के बीच द्विपक्षीय संबंध सभी क्षेत्रों में मजबूत हुए हैं और दोनों पक्षों ने समग्र सामरिक गठजोड़ किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2015, 2018 और 2019 में यूएई की यात्रा की थी जबकि अबू धाबी के युवराज (क्राउन प्रिंस) वर्ष 2016 और 2017 में भारत आए थे। दोनों पक्षों के बीच मंत्री स्तरीय यात्राएं भी हुई जिसमें विदेश मंत्री स्तर की तीन यात्राएं और वर्ष 2021 में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री की यूएई यात्रा शामिल है।

# सेंसेक्स 145 अंक टूटा, निफ्टी में भी गिरावट

भाषा। मुंबई

**भारी** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स बुधवार को 145 अंक से अधिक टूटकर 58,000 अंक के स्तर से नीचे आ गया। रूस-यूक्रेन के बीच तनाव दूर होने के संकेत के साथ वैश्विक बाजारों में तेजी के बावजूद घरेलू बाजारों में गिरावट रही। तीस शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक- सेंसेक्स में कारोबार के दौरान 800 अंकों का उतार-चढ़ाव आया। यह 145.37 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,996.68 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी लाभ-हानि के बीच घूमते हुए अंत में 30.25 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,322.20 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में एनटीपीसी, एसबीआई, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। इनमें 1.63 प्रतिशत तक की गिरावट आई। दूसरी तरफ, भारती एयरटेल का शेयर







1.41 प्रतिशत बढ़त के साथ सबसे अधिक लाभ में रहा। एचडीएफसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, डॉ. रेड्डीज, कोटक बैंक और नेस्ले इंडिया में भी प्रमुख रूप से तेजी रही। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 नीचे आए। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, रूस-यूक्रेन सीमा पर तनाव कम होने के साथ दोपहर के कारोबार में घरेलू शेयर बाजारों में तेजी लौटी। पश्चिमी बाजारों में गिरावट के साथ कारोबार के अंतिम घंटों में तेज बिकवाली हुई।

मुद्रास्फीति को लेकर वैश्विक स्तर पर दबाव बना हुआ है। ब्रिटेन में मुद्रास्फीति जनवरी में बढ़कर 5.5 प्रतिशत पहुंच गई, जो 30 साल का उच्चस्तर है। इससे बैंक ऑफ इंग्लैंड पर नीतिगत दर में एक और वृद्धि का दबाव बना है। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि बाजार इस समय वैश्विक धुन पर झूम रहा है और यह प्रवृत्ति बनी रह सकती है। उन्होंने कहा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक का ब्योरा तथा रूस-यूक्रेन संकट पर निवेशकों की नजर होगी। इसके अलावा साप्ताहिक आधार पर सौदों के निपटान को देखते हुए बाजार में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। एशिया केअन्य बाजारों में जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट, हांगकांग का हैंगसेंग और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी अच्छे लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी दोपहर कारोबार में तेजी का रुख था। इस बीच, वैश्विक कच्चा तेल मानक ब्रेंट वायदा 0.19 प्रतिशत गिरकर 93.06 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर 23 पैसे मजबूत होकर 75.09 पर पहुंच गई। शेयर बाजारों के अस्थाई आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक मंगलवार को पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे और उन्होंने 2,298.76 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

# इन्फोसिस 2022-23 में कर सकती है 55,000 स्नातकों को नियुक्तिः कंपनी सीईओ

**मुंबई।** देश की दूसरी सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस आने वाले समय में वृद्धि की अच्छी संभावना देख रही है और इसको देखते हुए 2022-23 में शैक्षणिक परिसरों से 55,000 स्नातकों की नियुक्ति कर सकती है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सलिल पारेख ने कहा कि प्रौद्योगिकी क्षेत्र में इंजीनियरिंग और विज्ञान स्नातकों के लिए शानदार अवसर हैं, लेकिन उन्होंने उनसे यह समझने को कहा कि यह एक ऐसा करियर होगा जहां उन्हें कम अवधि में नए कौशल सीखने होंगे। पारेख ने सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शीर्ष संगठन नैसकॉम के कार्यक्रम में कहा, हम अगले साल (2022-23) में 55,000 कॉलेज स्नातक नियुक्त करेंगे। उन्होंने कहा कि इन्फोसिस 2021-22 में सालाना राजस्व में 20 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद कर रही है और यह नौकरी चाहने वाले नए स्नातकों के लिए कंपनी से जुड़ने और आगे बढ़ने का अवसर है। पारेख ने कॉलेज छात्र-छात्राओं से कहा कि अवसर की कमी नहीं है लेकिन उनसे कम समय में नए कौशल सीखने को तैयार रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अन्य कर्मचारियों को भी एक दशक में जरूरत के हिसाब से हुनरमंद बनने की आवश्यकता हो सकती है। लेकिन प्रौद्योगिकी में बदलाव कम समय में हो रहा है, ऐसे में युवा स्नातकों को हर तीन से पांच साल में खुद को कुशल बनाने को तैयार रहना चाहिए।

# गेल श्रीनगर को गैस ग्रिड से जोड़ेगी, मई 2023 तक तैयार होगी मुंबई-नागपुर लाइन

भाषा। नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम गेल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) मनोज जैन ने कहा कि कंपनी कश्मीर घाटी तक पर्यावरण के अनुकूल प्राकृतिक गैस ले जाने के लिए श्रीनगर में एक पाइपलाइन बिछाने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि गैस-आधारित अर्थव्यवस्था बनाने के सरकार के लक्ष्य को पूरा करने के लिए बुनियादी ढांचे का विस्तार तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गेल मई, 2023 तक मुंबई से नागपुर के लिए 700 किलोमीटर की पाइपलाइन बिछाने का काम पूरा कर लेगी, जिसके मध्य भारत में गैस की सप्लाई हो सकेगी। उन्होंने बताया कि महत्वाकांक्षी ऊर्जा गंगा परियोजना के बड़े हिस्से को तय कार्यक्रम के अनुरूप 2022 के मध्य तक पूरा कर लिया जाएगा। इस परियोजना से पूर्वी भारत ऊर्जा मानचित्र पर आ जाएगा। भारत ने अपनी ऊर्जा जरूरतों में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी को मौजूदा 6.7 प्रतिशत से बढ़ाकर 2030 तक 15 प्रतिशत करने का लक्ष्य तय किया है।

जैन ने एक साक्षात्कार में पीटीआई-भाषा को बताया, हम 425 किलोमीटर लंबी गुरुदासपुर (पंजाब में) से जम्मू के रास्ते श्रीनगर तक पाइपलाइन बिछाने के लिए नियामक (पीएनजीआरबी) से मंजूरी हासिल करने की प्रक्रिया में हैं। दुर्गम भौगोलिक क्षेत्र और काफी कम ग्राहकों के कारण इस परियोजना के लिए सरकार से व्यवहार्यता अंतर वित्त पोषण की जरूरत है। उन्होंने कहा, यह परियोजना 3-4 साल में पूरी हो जाएगी। इसके साथ ही पेट्रोलियम मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर सरकार से कहा है कि ईंधन की लागत कम रखने के लिए प्राकृतिक गैस पर वैट न लगाया जाए। गेल मुंबई से झारसुगुडा (ओडिशा) होते हुए नागपुर और छत्तीसगढ़ के रायपुर तक।,755 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछा रहा है। जैन ने कहा, नागपुर तक का खंड मई, 2023 तक चालू हो जाएगा और शेष हिस्सा अगले दो वर्षों में पूरा हो जाएगा।

# सरकार बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों को समाज के प्रति जवाबदेह बनाना चाहती हैः चंद्रशेखर

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स** एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने बुधवार को फेसबुक और गूगल जैसी बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों को उस समाज के प्रति जवाबदेह बनाने की जरूरत बताई, जहां वे काम कर रही हैं। इसको लेकर उन्होंने वैश्विक स्तर पर समन्वय का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अगर देश कुछ जिम्मेदारी तय कर रहा है , तो इसे अभिव्यक्ति के खिलाफ कदम नहीं समझा जाना चाहिए। चंद्रशेखर ने यह भी संकेत दिया कि व्यक्तिगत जानकारी के संरक्षण को लेकर विधेयक में देरी होगी क्योंकि सरकार कानून को लेकर जल्दबाजी में ऐसा कदम नहीं उठाना चाहती जिससे बाद में इसमें बार - बार संशोधन की जरूरत पड़े।

सरकार की तरफ से घरेलू जरूरतों के अनुसार यूट्यूब , ट्विटर और फेसबुक जैसे मंचों से बार - बार सामग्री हटाए जाने के अनुरोध को लेकर कुछ तबकों में चिंता जताई जा रही है और इसे अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला बताया जा रहा है। इस लिहाज से मंत्री का बयान महत्वपूर्ण है। चंद्रशेखर ने सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शीर्ष संगठन नैसकॉम के सालाना कार्यक्रम में कहा , अगर हम बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों को समुदाय और समाज के प्रति जवाबदेह बनाना चाहते हैं , जहां वे काम कर रही हैं , इसके लिए देशों को सहयोग करने की जरूरत होगी।

उन्होंने कहा कि जो देश स्वयं को लोकतांत्रिक और खुला समाज बताते हैं और जहां इंटरनेट की खुली पहुंच हैं , उन्हें साथ आना चाहिए तथा साइबर अपराध एवं साइबर सुरक्षा जैसे मसलों पर रूपरेखा बनाने को लेकर सहयोग करना चाहिए। नैसकॉम अध्यक्ष देबजानी घोष के एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने संकेत दिया कि निजी जानकारी संरक्षण से जुड़े विधेयक को पारित होने में समय लग सकता है। घोष ने इस बात पर जोर दिया था कि निजी जानकारी संरक्षण और साइबर सुरक्षा पर कानून जल्द पारित होने चाहिए। चंद्रशेखर ने कहा कि संसदीय समिति ने विधेयक को मंजूरी दे दी है। लेकिन उनके मंत्रालय को विधेयक के समर्थन और विरोध में कई सुझाव मिले हैं। इस पर अभी भी सुझाव आ रहे हैं। इसके कारण विचार - विमर्श अब भी जारी है। उन्होंने कहा , ... हम जल्दबाजी में नहीं हैं। हम नहीं चाहते कि इसे जल्दबाजी में पारित कर दिया जाए और फिर चीजों को ठीक करने के लिए संशोधन किए जाएं।

# चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह में रत्न एवं आभूषण निर्यात 6.5 प्रतिशत बढ़कर 32.37 अरब डॉलर पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह (अप्रैल-जनवरी) के दौरान देश का रत्न एवं आभूषण निर्यात 6.5 प्रतिशत बढ़कर 32.37 अरब डॉलर पर पहुंच गया। उद्योग संगठन रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्द्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने बुधवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष के पहले दस महीनों में रत्न एवं आभूषण निर्यात 30.40 अरब डॉलर रहा था। जीजेईपीसी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले दस माह में शीर्ष 10 निर्यात वाले देशों में संयुक्त अरब अमीरात (41.50 प्रतिशत), बेल्जियम (15.81 प्रतिशत), जापान (12.20 प्रतिशत) और हांगकांग (3.06 प्रतिशत) शामिल हैं।

उद्योग संगठन ने कहा कि यूएई के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) के क्रियान्वयन के बाद सोने और सोना जड़ित आभूषणों के निर्यात को और आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। परिषद ने सरकार से कहा है कि वह भारत से सोने, चांदी और प्लैटिनम के आभूषणों के निर्यात पर संयुक्त अरब अमीरात में पांच प्रतिशत के आयात शुल्क को समाप्त करने की बात उठाए।

जीजेईपीसी ने कहा, भारतीय रत्न और आभूषण निर्यात क्षेत्र ने अबतक 2.4 लाख करोड़ रुपए के निर्यात के साथ कोरोना वायरस महामारी के बाद तेजी से सुधार दिखाया है। इसमें अप्रैल, 2021 से जनवरी, 2022 के दौरान 12.28 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अप्रैल, 2020 से जनवरी, 2021 के दौरान 2.14 लाख करोड़ रुपए का निर्यात किया गया था। इसके अलावा अप्रैल-जनवरी, 2022 के दौरान सोने के आभूषणों का निर्यात 24.24 प्रतिशत घटकर 7.68 अरब डॉलर रहा और सामान्य सोने के आभूषणों का निर्यात भी लगभग 56 प्रतिशत गिरकर 3.2 अरब डॉलर रहा।

# कुल दाखिल 6.26 करोड़ आयकर रिटर्न में से 4.5 करोड़ का निपटान हुआ

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2020-21 के लिए दाखिल 6.26 करोड़ आयकर रिटर्न (आईटीआर) में से 4.5 करोड़ का निपटान कर लिया है। विभाग ने बुधवार को यह जानकारी दी। विभाग ने कहा कि कुल दाखिल रिटर्न में से 5.41 करोड़ का सत्यापन हो गया है और आकलन वर्ष 2021-22 (वित्त वर्ष 2020-21) के लिए 31,857 करोड़ रुपए के 1.58 करोड़ रिफंड जारी किए गए हैं। आयकर विभाग ने ट्वीट में कहा कि चालू वित्त वर्ष में अबतक 1.97 करोड़ करदाताओं को 1.71 लाख करोड़ रुपए के रिफंड जारी किए गए हैं। इनमें 63,234 करोड़ रुपए का आयकर रिफंड और 1.08 लाख करोड़ रुपए का कॉरपोरेट कर रिफंड शामिल है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने बयान में कहा कि आयकर विभाग के ई रिटर्न दाखिल करने के पोर्टल पर 15 फरवरी, 2022 तक 29.8 लाख प्रमुख कर ऑडिट रिपोर्ट (टीएआर) दाखिल की गई हैं।

## क्विक न्यूज

### अतिथि के रूप में व्याख्यान से हुई कमाई पर 18 प्रतिशत जीएसटी

**नई दिल्ली।** अतिथि के रूप में व्याख्यान (गेस्ट लेक्चर) से हुई कमाई पर 18 प्रतिशत का माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगेगा। एडवांस रूलिंग ऑथोरिटी (एएआर) की कर्नाटक पीठ ने यह व्यवस्था दी है। आवेदक साईराम गोपालकृष्ण ने एएआर से संपर्क कर पूछा था कि क्या अतिथि व्याख्यान से हुई आमदनी करयोग्य सेवाओं में आती है। एएआर ने यह आदेश पारित करते हुए कहा कि इस तरह की सेवाएं अन्य पेशेवर, तकनीकी और कारोबारी सेवाओं के तहत आती हैं और ए सेवाओं की छूट वाली श्रेणी के तहत नहीं है। ऐसे में इस प्रकार की सेवाओं पर 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी देना होगा। एएआर के इस आदेश का मतलब है कि सेवा पेशेवर जिनकी आमदनी 20 लाख रुपए से अधिक होगी उन्हें अतिथि के रूप में व्याख्यान से हुई कमाई पर 18 प्रतिशत जीएसटी देना होगा। एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के वरिष्ठ भागीदार रजत मोहन ने कहा कि इस व्यवस्था से लाखों फ्रीलांसर, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, प्रोफेसर और अन्य के लिए परेशानियां का बक्सा खुल जाएगा। ए लोग एक निश्चित राशि के भुगतान पर अपने ज्ञान को साझा करते हैं।

### वेतनवृद्धि 2022 में 9.9 प्रतिशत के स्तर पर पहुंचेगी

**नई दिल्ली।** कंपनियो की वित्तीय स्थिति मे मजबूत सुधार और सकारात्मक कारोबारी धारणा के बीच इस साल देश में वेतनवृद्धि पांच साल के उच्चतम स्तर 9.9 प्रतिशत पर पहुंच जाएगी। एक सर्वेक्षण के अनुसार सकारात्मक कारोबारी धारणा के बीच कंपनियां एक जुझारू कार्यबल बनाने के लिए नए युग की क्षमताओं मे निवेश करने की योजना बना रही है। भारत में अग्रणी वैश्विक पेशेवर सेवा कंपनी एऑन के 26वें वेतन वृद्धि सर्वेक्षण के अनुसार, विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े संगठनों का मानना है कि 2022 मे वेतनवृद्धि 9.9 प्रतिशत रहेगी। 2021 मे यह 9.3 प्रतिशत थी। सर्वेक्षण मे 40 से अधिक उद्योगो की।,500 कंपनियो के आंकड़ो का विश्लेषण के आधार पर कहा गया है कि उच्चतम अनुमानित वेतनवृद्धि वाले उद्योगो में ई-कॉमर्स और उद्यम पूंजी, हाईटेकसूचना प्रौद्योगिकी और आईटी सक्षम सेवाएं (आईटीईएस) समेत जीवन विज्ञान शामिल है।

### एलआईसी के पास 21,500 करोड़ के कोष के दावेदार नही

**नई दिल्ली।** एलआईसी के पास सितंबर, 2021 तक 21,539 करोड़ रुपए का ऐसा कोष था, जिसके दावेदार नही थे। एलआईसी द्वारा सेबी के पास जमा कराए गए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) दस्तावेज से यह जानकारी मिली है। दस्तावेजों के अनुसार, इसमें बिना दावे वाली राशि पर ब्याज भी शामिल है। इसमे कहा गया है कि मार्च, 2021 तक बिना दावे वाला कोष 18,495 करोड़ रुपए और मार्च, 2020 के अंत तक 16,052.65 करोड़ रुपए था। वही मार्च, 2019 के अंत तक यह राशि 13,843.70 करोड़ रुपए थी। प्रतएक बीमा कंपनी को।,000 रुपए या उससे अधिक की बिना दावे वाली राशि का ब्योरा अपनी वेबसाइट पर डालना होता है। वेबसाइट पर पॉलिसीधारकों या लाभार्थियों को बिना दावे वाली राशि के सत्यापन की सुविधा भी प्रदान करने की जरूरत होती है। दस्तावेजों मे कहा गया है कि भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) के बिना दावे वाली राशि पर परिपत्र में इसके बारे में प्रक्रियाओं का ब्योरा दिया गया है। इन प्रक्रियाओं मे बिना दावे वाली राशि का भुगतान, पॉलिसीधारकों को सूचना, लेखा और निवेश आय का इस्तेमाल आदि शामिल है।

### विमान ईंधन के दाम 5.2 प्रतिशत बढ़ोतरी, रिकॉर्ड ऊंचाई पर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतो मे बढ़ोतरी के चलते विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतो मे बुधवार को 5.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसके बाद देश मे एटीएफ के दाम रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए है। दो महीने से भी कम समय में एटीएफ की कीमतो मे यह चौथी बढ़ोतरी है, लेकिन पेट्रोल और डीजल की कीमते लगातार 103वें दिन स्थिर बनी रही। उप्र और पंजाब जैसे राज्यो मे विधानसभा चुनाव के चलते पेट्रोल-डीजल की कीमतों मे बढ़ोतरी नही की जा रही है। राष्ट्रीय राजधानी मे एटीएफ की कीमत 4,481.63 रुपए प्रति किलोलीटर या 5.2 प्रतिशत बढ़कर 90,519.79 रुपए प्रति किलोलीटर हो गई है। यह एटीएफ का उच्चतम स्तर है। एटीएफ की कीमत अगस्त, 2008 मे 71,028.26 रुपए प्रति किलोलीटर थी, जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमत 147 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल को छू गई थी। ब्रेंट क्रूड तेल का भाव मंगलवार को 93.87 डॉलर प्रति बैरल पर था।

# यूनिफोर ने 2.5 अरब डॉलर के मूल्यांकन पर 40 करोड़ डॉलर जुटाए

भाषा। मुंबई

**ऑटोमेशन** क्षेत्र की स्टार्टअप कंपनी यूनिफोर ने श्रृंखला ई-वित्तपोषण दौर में विदेशी कोष एनईए, मार्च कैपिटल तथा मौजूदा और नए निवेशकों से 40 करोड़ डॉलर जुटाए हैं। कंपनी ने यह राशि 2.5 अरब डॉलर के मूल्यांकन पर जुटाई है। वित्तपोषण के इस दौर के साथ चेन्नई मुख्यालय वाली कंपनी यूनिफोर अबतक 2.5 अरब डॉलर के मूल्यांकन पर 61 करोड़ डॉलर जुटा चुकी है। उमेश सचदेव कंपनी के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी हैं। उन्होंने कहा कि यह अबतक का सबसे बड़ा वित्तपोषण है।

# फेथ ने पर्यटन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए दृष्टिपत्र-2035 जारी किया

भाषा। नई दिल्ली

**पर्यटन और होटल,** रेस्तरां संगठनों का शीर्ष निकाय एफएआईटीएच (फेथ) ने बुधवार को दृष्टिपत्र-2035 जारी किया। इसमें भारत की आजादी के 75वें साल में पर्यटन लक्ष्यों को हासिल करने को लेकर रणनीतिक उपायों का जिक्र है। दृष्टिकोण पत्र में सभी लक्ष्यों को 75 के हिसाब से ही तय किया गया है।

फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन इन इंडियन टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी के इन लक्ष्यों में 7.5 करोड़ पर्यटकों के आने का लक्ष्य, पर्यटन से 150 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा कमाई, 7.5 अरब घरेलू पर्यटन यात्राएं और पर्यटन से 15 करोड़ प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रोजगार के अवसर सृजित करना शामिल है। दृष्टिकोण पत्र दस्तावेज में लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए चार रणनीतिक उपायों का प्रस्ताव है। इसमें एक साझा राष्ट्रीय पर्यटन दृष्टिकोण, मूल्यवृद्धि नियमन, निवेश को गति देने वाले साधन और बाजार उत्कृष्टता शामिल हैं।

संगठन ने पर्यटन को समवर्ती सूची में लाने और राष्ट्रीय पर्यटन परिषद के गठन की सिफारिश की है जिसमें प्रधानमंत्री तथा सभी राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हों।

# भारत की अर्थव्यवस्था बड़े देशों में सबसे तेज गति से बढ़ेगीः वित्त मंत्रालय रिपोर्ट

भाषा। नई दिल्ली

**वित्त मंत्रालय** की मासिक आर्थिक समीक्षा के मुताबिक आम बजट 2022-23 में सरकार द्वारा की गई विभिन्न पहलों के बल पर भारतीय अर्थव्यवस्था बड़े देशों में सबसे तेज गति से वृद्धि दर्ज करेगी। समीक्षा रिपोर्ट में कहा गया है, "पीएलआई योजनाओं और बुनियादी ढांचे में सार्वजनिक पूंजीगत निवेश के चलते विनिर्माण और निर्माण क्षेत्र वृद्धि के मुख्य वाहक होंगे। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि प्रधानमंत्री किसान योजना के जरिए लाभकारी न्यूनतम समर्थन मूल्य और आय हस्तांतरण से कृषि क्षेत्र में भी लगातार वृद्धि देखने को मिल रही है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत अभी तक एकमात्र बड़ा और प्रमुख देश है।

## आयकर विभाग ने चीनी दूरसंचार कंपनी हुवावे पर छापा मारा

**नई दिल्ली( भाषा )।** आयकर विभाग ने कर चोरी की जांच के तहत चीनी दूरसंचार कंपनी हुवावे के भारत स्थित परिसरों पर छापा मारा है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को दिल्ली, गुरुग्राम (हरियाणा) और बेंगलुरु में कंपनी के परिसरों पर छापे मारे गए। सूत्रों ने कहा कि अधिकारियों ने कंपनी, उसके भारतीय व्यवसायों और विदेशी लेनदेन के खिलाफ कथित कर चोरी की जांच के तहत वित्तीय दस्तावेजों को देखा उन्होंने कहा कि कुछ रिकॉर्ड भी जब्त किए गए हैं। कंपनी ने कहा कि देश में उसका संचालन पूरी तरह कानून के पालन के साथ चल रहा है। कंपनी ने एक बयान में कहा, हमें आयकर दल के हमारे कार्यालय आने और कुछ कर्मचारियों से साथ पूछताछ के बारे में बताया गया है। हुवावे को भरोसा है कि भारत में हमारा संचालन सभी कानूनों और विनियमों के अनुरूप हैं।

# पेज एक का शेष

## यूक्रेन से...

है। यूक्रेन में भारतीय दूतावास ने एक ट्वीट में कहा कि वह लोगों को उड़ानें नहीं मिलने की खबरों से अवगत है। हालांकि, इसने यूक्रेन में रहने वाले भारतीयों से कहा है कि घबराए नहीं, क्योंकि अधिक उड़ानों की योजना बनाई जा रही है।

## भाजपा सरकार...

को ही पड़ता है, असुरक्षा की जिंदगी जीनी पड़ती है। विपक्षी दलों, खासतौर से सपा-बसपा पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि माफिया के राज में गरीब की सुनवाई नहीं होती, उत्तर प्रदेश में पहले जो घोर परिवारवादियों की सरकार रहीं उन्होंने यूपी का यही हाल बना रखा था। मोदी ने कहा, यूपी में भाजपा सरकार का मतलब है कि पूजा के दिन हों, पर्व के दिन हों, पूजा पर्वों को मनाने की खुली स्वतंत्रता। यूपी में भाजपा सरकार का मतलब है बहन-बेटियों की मनचलों से सुरक्षा, यूपी में भाजपा सरकार का मतलब है गरीब के कल्याण के लिए निरंतर काम, यूपी में भाजपा सरकार का मतलब है केंद्र की योजनाओं पर डबल स्पीड (दोगुनी गति) से काम। प्रधानमंत्री ने कहा, आज उत्तर प्रदेश में संत रविदास की जयंती है और उनके मंदिरों में अनेकों भक्त जुटे हैं। मुझे भी दिल्ली में संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी विश्राम धाम मंदिर जाने का सौभाग्य मिला। मोदी ने कहा, मान्यता है कि जब एक बार गुरु रविदास जी राजस्थान जा रहे थे तो दिल्ली में उसी स्थान पर उन्होंने विश्राम किया था और मेरे लिए दोहरी खुशी ए भी है कि मैं उस काशी का सांसद हूं जहां संत रविदास जी का जन्म हुआ था। उन्होंने कहा, ए भी मेरा सौभाग्य है कि वाराणसी में उनके मंदिर परिसर के सौंदईकरण का कार्य करने के लिए ईश्वर ने मुझे माध्यम बनाया और इतने वर्षों से जो काम नहीं हुआ था, मुझे रविदास मंदिर परिसर को सजाने का मौका मिला। उन्होंने विपक्षी दलों पर तंज कसते हुए कहा कि चुनाव के समय लंगर चखना और फोटो खिंचाना, यही होता था लेकिन भाजपा सरकार संत रविदास जन्मस्थली विकास परियोजना पर तेजी से काम कर रही है और श्रद्धालुओं के लिए अनेक सुविधाएं विकसित की गई हैं। मोदी ने कहा कि संत रविदास की जन्मस्थली पर भाजपा सरकार जो सुविधाएं दे रही हैं उससे श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव मिलेगा। उन्होंने राज्य की पूर्ववर्ती समाजवादी पार्टी (सपा) सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, मुझे देखकर यह तकलीफ हो रही है कि यहां पहले जिन्होंने पांच साल तक सरकार चलाई, 2017 से पहले उन्हें संत रविदास जी के नाम से कितनी चिढ़ रही है, यह मुझसे ज्यादा उत्तर प्रदेश के लोग जानते हैं। मोदी ने कहा, संत रविदास जी की प्रेरणा से हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चल रही है। हमारी योजनाओं के केंद्र में गरीब, दलित शोषित, पिछड़े और वंचितों का कल्याण है। कोरोना वायरस महामारी का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया ऐसी महामारी की चपेट में है और इस काल में भाजपा सरकार ने गरीब का जीवन बचाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। मोदी ने कहा, संत रविदास ने कहा था कि मैं ऐसा राज चाहता हूं जिसमें सभी को अन्न मिले और छोटे-बड़े सभी समरस होकर रहें, इसी सोच के साथ उत्तर प्रदेश के करोड़ों लोगों को करीब दो साल से मुफ्त राशन दिया जा रहा है। इसमें सवा नौ करोड़ से अधिक साथी पिछड़े वर्ग के हैं और अनुसूचित जाति के तीन करोड़ भाइयों को भाजपा सरकार मुफ्त राशन दे रही है, तीन करोड़ साथी अगड़े समाज के हैं और अल्पसंख्यक समाज के लाखों भाइयों को इसका लाभ मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि गरीब का राशन पहले माफिया लूट लेता था लेकिन अब उसका एक-एक दाना गरीब के घर पहुंच रहा है। उन्होंने कहा, इस पूरे कोरोना काल में मैं एक बात पर हमेशा केंद्रित रहा कि किसी गरीब के घर में ऐसा दिन नहीं आना चाहिए कि घर का चूल्हा न जले, गरीब के घर में किसी को रात को भूखा सोना न पड़े, इसके लिए हम जागते रहे हैं। मोदी ने कहा कि सरकार इस पर दो लाख 60 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि गरीब दलित, पिछड़ा या किसी भी वर्ग का हो वह जानता है कि किसने संकट के समय साथ दिया और कौन संकट के समय लापता हो गया था, यह गरीब अपने दिमाग में रखता है। उन्होंने कहा, कोरोना वायरस महामारी के समय हमारी सरकार ने मुफ्त टीकाकरण का ध्यान रखा और पहले की सरकारों में कभी इस तरह अभियान चलाकर गरीबों को मुफ्त टीके नहीं लगाए गए। आजादी के बाद यह पहली बार हुआ है। पहले की हालत यह थी कि पहले की सरकारों का टीकाकरण गांवों, आदिवासी इलाकों तक ठीक से पहुंच नहीं पाता था और वर्षों वर्ष गरीब को टीके की एक खुराक नहीं लग पाती थी।

## तीसरे चरण...

2017 में अखिलेश यादव को वोट नहीं दिया था। इस क्षेत्र की 30 में से सपा को केवल 6 सीटें मिलीं, जबकि भाजपा ने 23 पर जीत हासिल की। ??2012 में, सपा ने यहां से 25 सीटें जीती थीं जबकि बीजेपी ने सिर्फ एक सीट जीती थी। इस तरह इस क्षेत्र में सपा के लिए चीजें काफी बदल गईं। भाजपा ने करहल में अखिलेश के खिलाफ केंद्रीय मंत्री सत्यपाल सिंह बघेल को मैदान में उतारा है। भाजपा अखिलेश यादव के खिलाफ बघेल को खड़ा करके दोनों के बीच पुरानी प्रतिद्वंद्विता में तड़क लगाना चाहती है। बघेल सपा के पूर्व वफादार हैं, कभी मुलायम सिंह यादव के करीबी विश्वासपात्र थे, जो उनके सुरक्षा गार्ड से उनके एक भरोसेमंद सहयोगी के रूप में उभरे थे।

## केंद्र ने...

की चुनौती से निपट लेंगे तथा इस दौरान लोगों के जीवन एवं आजीविका पर उसका प्रभाव न्यूनतम किया जाएगा।

## दंगों की...

वह उन्हें बधाई देते हैं। शाह ने कहा कि पुलिस समय के साथ-साथ बदली है। इसलिए वह दिल्ली पुलिस आयुक्त और केंद्रीय गृह सचिव से आग्रह करते हैं कि वे लक्ष्य निर्धारित कर अगले पांच साल और फिर 25 साल का रोडमैप तैयार करें। महामारी के दौरान मरने वाले दिल्ली पुलिस के 79 कर्मियों को श्रद्धांजलि देते हुए शाह ने पुलिस के प्रयासों की सराहना की। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नवसृजित परसेप्शन मैनेजमेंट प्रकोष्ठ से शहर की पुलिस की छवि सुधारने में मदद मिलेगी। मुख्य अतिथि के रूप में शाह ने परेड की सलामी ली और उसका निरीक्षण किया। इस मौके पर संचार राज्य मंत्री देवुसिंह जे. चौहान और दिल्ली के पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना के साथ दिल्ली पुलिस स्मारक टिकट जारी किया। शाह ने 62 पुलिसकर्मियों को गैलेंटरी, अतिविशिष्ट सेवा मेडल, विशिष्ट सेवा मेडल और जीवन रक्षक पदक प्रदान किया। उत्तरी-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों के दौरान मरने वाले हेड कांस्टेबल रतन लाल की पत्नी पूनम पारिक ने उनके पति को मरणोपरांत दिया गया गैलेंटरी अवार्ड ग्रहण किया। इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ थानों को भी पुरस्कृत किया गया। कंझावला थाने को सर्वश्रेष्ठ पुलिस थाने का पुरस्कार मिला जबकि कृष्णा नगर और कश्मीरी गेट थाने इसी श्रेणी में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

## बाइक पर...

बैठ सकते हों। मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि सड़क, परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने इस संबंध में 15 फरवरी 2022 को 1989 के सीएमआर 138 में संशोधन करते हुए मोटरसाइकिल पर चार साल से छोटे बच्चों के लिए सुरक्षा मानक के तहत नियम तय कर दिए हैं। मंत्रालय ने कहा कि मोटर वाहन अधिनियम की धारा 129 के तहत अधिसूचित नियमों के अनुसार केंद्र सरकार मोटरसाइकिल पर सवारी कर रहे चार साल से कम उम्र के बच्चों की सुरक्षा के लिए उपाय कर सकती है। इसके अलावा, यह सुरक्षा हार्नेस और क्रैश हेलमेट के उपयोग के लिए निर्देश देता है। यह ऐसी मोटरसाइकिलों की गति को 40 किमी प्रति घंटे तक सीमित करता है, ये नियम केंद्रीय मोटर वाहन (द्वितीय संशोधन) नियम, 2022 के प्रकाशन की तारीख से एक वर्ष के बाद लागू होंगे।

## नहीं रहे...

लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा लेकिन तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी से हार गए। उनका आखिरी बॉलीवुड गीत 2020 में आई फिल्म बागी 3 का भंकास था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हर कोई लाहिड़ी के जिंदादिल स्वभाव को याद करेगा। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, बप्पी लाहिड़ी जी के संगीत ने विविध भावनाओं को खूबसूरती से व्यक्त किया। कई पीढ़ियों के लोग उनके संगीत से जुड़ाव महसूस कर सकते हैं। हर कोई उनकी जिंदादिली को याद करेगा। मैं उनके निधन से दुखी हूं। मैं उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। ओम शांति। फिल्म इंडस्ट्री में भी कई लोगों ने गायक के निधन पर शोक व्यक्त किया है और उन्हें बॉलीवुड में संगीत का एक नया अंदाज पेश करने वाले कलाकार के तौर पर याद किया। लाहिड़ी को उनके प्रशंसक प्यार से बप्पी दा बुलाते थे। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन ने कहा, उन्होंने चलते चलते, सुरक्षा और डिस्को डांसर के साथ हिंदी फिल्म संगीत को अधिक समकालीन शैली दी। शांति दादा। आप याद आएंगे। गायिका अनुराधा जुजु पलाकुर्ति ने कहा कि लाहिड़ी के निधन से उन्होंने एक मार्गदर्शक खो दिया है। उन्होंने कहा, मैंने एक मार्गदर्शक खो दिया, इंडस्ट्री ने एक दिग्गज को खो दिया, जिनका काम हमेशा चमकता रहेगा, दुनिया ने असाधारण अच्छाई और दयालु स्वभाव वाले सात्विक व्यक्ति को खो दिया है तथा परिवार ने प्यार करने वाले पति, पिता और दादा को खो दिया है। फिल्म निर्माता हंसल मेहता ने लाहिड़ी को अद्भुत मधुर आवाज वाला और प्रतिभाशाली व्यक्ति बताया। उन्होंने ट्वीट किया, एक और दिग्गज चला गया। लाहिड़ी का जन्म पश्चिम बंगाल के कलकत्ता में संगीतकारों के एक परिवार में 1952 में हुआ। लाहिड़ी का संगीत के प्रति प्रेम तीन वर्ष की आयु में ही शुरू हो गया था जब उन्होंने तबला बजाना शुरू किया। उनके लिए पग घुंघरू और चलते चलते जैसे गीत गाने वाले मशहूर गायक किशोर कुमार उनके मामा थे। न केवल हिंदी फिल्मों में बल्कि लाहिड़ी बंगाली सिनेमा में भी लोकप्रिय नाम थे, जहां उन्होंने 1972 में आई फिल्म दादू से अपने करियर की शुरुआत की। बतौर संगीतकार उनकी पहली हिंदी फिल्म 1973 में आई नन्हा शिकारी थी। जख्मी फिल्म के लिए गाना गाने और संगीत देने के बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। जख्मी के बाद उन्हेंाने चलते चलते , सुरक्षा और अन्य फिल्मों में काम किया और उनका डिस्को संगीत युवाओं के बीच इतना लोकप्रिय हुआ कि उन्हें भारत के डिस्को किंग की उपाधि दे दी गई। गायक ने 2019 में पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा था कि वह अपने युग के कुछ बड़े सितारों के लिए गाना गाने को लेकर खुद को भाग्यशाली मानते हैं। उन्होंने कहा था, मुझे यह सफर तय करके और इंडस्ट्री में अत्यधिक प्रतिभाशाली लोगों के साथ काम करके काफी गर्व महसूस होता है। मैंने दिलीप कुमार से लेकर रणवीर सिंह तक के लिए काम किया। धर्म अधिकारी से लेकर गुंडे तक में काम किया है।

# यूक्रेन पर रूस के हमले की आशंका अब भी कायम: बाइडन

## अमेरिका निर्णायक जवाब देने के लिए तैयार: राष्ट्रपति

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की आशंका अब भी बनी हुई है और अमेरिका हमले का निर्णायक जवाब देने के लिए तैयार है। उन्होंने मॉस्को से युद्ध न छेड़ने का अनुरोध किया।

बाइडन ने मंगलवार को कहा कि जो भी होता है, अमेरिका उसके लिए तैयार है। उन्होंने कहा, हम यूरोप में स्थिरता और सुरक्षा में सुधार लाने के लिए रूस तथा अपने सहयोगियों के साथ कूटनीतिक तरीके से बातचीत करने के लिए तैयार हैं। यूक्रेन पर रूस द्वारा हमला करने की आशंका अब भी बनी हुई है और हम हमला करने पर निर्णायक प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, आक्रमण की आशंका अब भी बनी हुई है, इसलिए मैंने कई बार कहा है कि सभी अमेरिकी नागरिकों को सुरक्षित लौटने में देर होने से पहले यूक्रेन छोड़ देना चाहिए। हमने अपना दूतावास अस्थाई रूप से कीव से लीव स्थानांतरित कर दिया है। उनका यह बयान तब आया है, जब अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन



यूरोप में बढ़ते संकट के बीच क्षेत्र की यात्रा पर रवाना हुए हैं। बाइडन ने कहा कि अमेरिका इस मुद्दे को हल करने के लिए कूटनीतिक तरीके से बातचीत के लिए अब भी तैयार हैं। उसने कहा कि रूस के 1,50,000 से अधिक सैनिक अब भी यूक्रेन सीमा पर एकत्र हैं।

उन्होंने कहा, रूस के रक्षा मंत्रालय ने आज कहा कि यूक्रेन के समीप कुछ सैन्य ईकाइयां अपनी तैनाती छोड़ रही हैं। यह अच्छा होगा लेकिन हमने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है। हमारे विश्लेषकों ने संकेत दिया है कि वे अब भी काफी संख्या में तैनात हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि अगर रूस आने वाले दिनों या हफ्तों में यूक्रेन पर हमला करता है तो यूक्रेन के लिए मानवीय क्षति बहुत ज्यादा होगी और रूस के लिए सामरिक क्षति बहुत ज्यादा होगी। उन्होंने कहा, अगर रूस यूक्रेन पर हमला करता है तो पूरा अंतरराष्ट्रीय समुदाय इसकी निंदा करेगा। दुनिया यह नहीं भूलेगी कि रूस ने बिना वजह मौत और बर्बादी चुनी। यूक्रेन पर हमला करना खुद को चोट पहुंचाने वाला साबित होगा। अमेरिका और हमारे सहयोगी निर्णायक रूप से प्रतिक्रिया देंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यूक्रेन में अमेरिकी सैनिकों को भेजने से भी इनकार किया। उन्होंने कहा, मैं यूक्रेन में लड़ाई के लिए अमेरिकी सैनिकों को नहीं भेजूंगा। हमने यूक्रेन की सेना को देश की रक्षा करने में मदद करने के लिए उपकरण भेजे हैं। हमने उन्हें प्रशिक्षण और परामर्श दिया है। अमेरिका पूरी ताकत के साथ नाटो क्षेत्र की एक-एक इंच जमीन की रक्षा करेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, द्वितीय विश्वयुद्ध की आवश्यकता थी, लेकिन अगर रूस यूक्रेन पर हमला करता है तो यह मर्जी से किया गया युद्ध या अकारण किया गया युद्ध होगा। मैं उकसावे के लिए नहीं, बल्कि सच बोलने के लिए ए चीजें कहता हूं क्योंकि सच, जवाबदेही मायने रखती है। अगर रूस आने वाले कुछ दिनों और हफ्तों में हमला करता है तो यूक्रेन के लिए मानवीय क्षति बहुत ज्यादा होगी। बाइडन ने कहा कि अमेरिका और नाटो रूस के लिए खतरा नहीं हैं। उन्होंने कहा, यूक्रेन रूस को धमका नहीं रहा है। न ही अमेरिका और न ही नाटो के पास यूक्रेन में मिसाइलें हैं। हमारी वहां मिसाइलें तैनात करने की योजना भी नहीं है।

## रूस अपने और अधिक सैनिकों को सैन्य अड्डों पर वापस ला रहा

एपी। मास्को

**रूस** ने बुधवार को कहा कि वह और अधिक सैनिकों तथा हथियारों को सैन्य अड्डों पर वापस ला रहा है। यूक्रेन पर उसके हमला करने का अंदेशा कम करने के प्रति लक्षित यह एक और संकेत प्रतीत हो रहा है।

रूस ने यूक्रेन के पूर्व, उत्तर और दक्षिण में करीब 1,50,000 सैनिक जमा कर रखे हैं, जिसके चलते पश्चिमी देशों ने उसके हमला करने की कथित योजना को लेकर चिंता जताई। हालांकि, इन सैनिकों के बड़ी संख्या में लौटने के बारे में कोई संकेत नहीं हैं, लेकिन इस हफ्ते मास्को से मिले कुछ संकेतों से यह उम्मीद जगी है कि यूरोप में युद्ध टल सकता है।

बुधवार को, रूस के रक्षा मंत्रालय ने एक वीडियो जारी किया, जिसमें यह देखा जा सकता है कि बख्तरबंद वाहनों से लदी हुई एक मालगाड़ी क्रीमिया, काला सागर प्रायद्वीप से दूर एक पुल को पार कर रही है। रूस ने इस प्रायद्वीप



को 2014 में अपने भू-भाग में मिला लिया था। बुधवार को, रूसी लड़ाकू विमानों ने बेलारूस के आसमान में प्रशिक्षण उड़ाने भरी, जो उत्तर की ओर से यूक्रेन के पड़ोस में है। वहीं, अर्द्ध-सैनिकों ने फायरिंग रेंज में गोलीबारी का अभ्यास किया।

बेलारूस के विदेश मंत्री व्लादिमीर मकेई ने फिर से इसकी पुष्टि की है कि रूसी सैनिक रविवार तक अभ्यास पूरा कर देश से चले जाएंगे। जर्मन समाचार पत्र वेल्त के द्वारा यह पूछे जाने पर कि क्या रूस बुधवार को हमला करने जा रहा, यूरोपीय संघ के लिए रूसी राजदूत व्लादिमीर चिझोव ने चुटकी लेते हुए कहा, यूरोप में युद्ध बुधवार को शायद ही शुरू होते हैं। उन्होंने कहा, अगले हफ्ते या उसके अगले हफ्ते या आने वाले महीने में आक्रमण नहीं होगा।

## यूक्रेन की सेना और बैंकों पर साइबर हमला

एपी। कीव

**रूस** के आक्रमण के खतरे के बीच यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय, प्रमुख बैंकों और सेना पर श्रृंखलाबद्ध तरीके से मंगलवार को साइबर हमला किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस हमले की आड़ में और गंभीर साइबर हमला होने के संकेत अभी तक नहीं मिले हैं।

तकनीकी भाषा में इसे डिस्ट्रिब्यूटेड डिनायल ऑफ सर्विस (डीडीओएस) हमला बताया जा रहा है, जिसका अर्थ है कि किसी सर्वर को लक्षित कर उस पर इंटरनेट डेटा की बाढ़ कर देना, ताकि सामान्य तौर पर आने वाला डेटा बाधित हो जाए। इस हमले के कारण यूक्रेन की कम से कम 10 वेबसाइट बंद हो गईं, जिनमें रक्षा, विदेश और संस्कृति मंत्रालय की वेबसाइट शामिल थीं। इसके अलावा दो सबसे बड़े सरकारी बैंकों की वेबसाइट भी प्रभावित हुई। इस प्रकार के हमलों में वेबसाइट पर भारी मात्रा में जंक डेटा भेजा जाता है जिससे वेबसाइट नहीं खुलती। यूक्रेन के वरिष्ठ साइबर रक्षा अधिकारी विक्टर झोरा ने कहा, इस डीडीओएस हमले से किसी अन्य प्रकार की क्षति होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रतिक्रिया दल हमलावरों का संपर्क काटने और सेवाएं बहाल करने में जुटी हैं। नेटवर्क प्रबंधन कंपनी केन्टिक इंक में इंटरनेट विश्लेषण के निदेशक डग मडोरी ने कहा कि हमलावरों के निशाने पर यूक्रेन की सेना और बैंक थे। यूक्रेन के सूचना मंत्रालय के रणनीतिक संचार और सूचना सुरक्षा केंद्र की ओर से जारी बयान में कहा गया, निवेशकों के धन को कोई खतरा नहीं है। झोरा ने कहा कि इस हमले से यूक्रेन की सेनाओं की संचार व्यवस्था प्रभावित नहीं हुई। उन्होंने कहा कि हमले के पीछे कौन है, इस पर अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है।

## ओटावा के पुलिस प्रमुख को बर्खास्त किया गया

कनाडा ट्रक विरोध प्रदर्शन

एपी। ओटावा

**कनाडा** की राजधानी में पिछले दो सप्ताह से आवागमन बाधित करने वाले ट्रक चालकों के विरोध प्रदर्शन के खिलाफ कार्वाई नहीं करने पर आलोचना का शिकार होने वाले ओटावा के पुलिस प्रमुख को मंगलवार को बर्खास्त कर दिया गया।

इसके साथ ही अमेरिका-कनाडा सीमा पर अवरोधकों की संख्या घटकर अब केवल एक रह गई।

प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा कनाडा के आपातकालीन कानून का प्रयोग करने और विरोध प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी और वित्तीय कार्वाई करने की चेतावनी देने के एक दिन बाद यह दोनों घटनाएं सामने आईं। सैकड़ों ट्रक चालकों के विरोध प्रदर्शन पर कार्वाई करने में विफल रहने पर ओटावा के पुलिस प्रमुख पीटर स्लोली को नौकरी से निकाल दिया गया। स्लोली की बर्खास्तगी की घोषणा करने वाली ओटावा पुलिस सेवा बोर्ड की अध्यक्ष डाइन डीन्स ने कहा, ओटावा के अन्य निवासियों की तरह मैंने भी इस विरोध प्रदर्शन को देखा। स्लोली ने एक बयान में कहा कि उन्होंने शहर को सुरक्षित रखने के लिए सब कुछ किया। उन्होंने कहा कि उन्हें अप्रत्याशित स्थिति का सामना करना पड़ा। ओटावा पुलिस बोर्ड ने कहा कि प्रदर्शन में लगभग चार वाहन शामिल थे जो अब घटकर 360 रह गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि सीमा पर अब एक केवल एक अवरोधक रह गया है जो नार्थ डकोटा के सामने मनिटोबा के एमरसन में है। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि बुधवार तक सारे प्रदर्शनकारी चले जाएंगे।

## पाकिस्तान की रावी नदी दुनिया की सबसे प्रदूषित नदी : अध्ययन

भाषा। लाहौर

**अमेरिका** की एक अनुसंधान अकादमी ने अपने अध्ययन के आधार पर दावा किया है कि पाकिस्तान में बह रही रावी नदी दुनिया की सबसे प्रदूषित नदी है और इसके बाद बोलीविया और इथियोपिया की नदियों का स्थान आता है। अकादमी ने इसके साथ ही नदी के आसपास रहने वाली आबादी को गंभीर खतरे की चेतवनी दी है। यहां के डॉन अखबार में बुधवार को प्रकाशित खबर के मुताबिक यॉर्क विश्वविद्यलय ने इस नतीजों पर पहुंचने के लिए सभी महाद्वीपों के 104 देशों के 258 स्थानों से 1,052 नमूनों का विश्लेषण किया और उनमें दवाएं जैसे पैरासिटामोल, निकोटीन, कैफीन और इपिलेस्पी और मधुमेह के अंश की मौजूदगी का पता लगाया। अध्ययन के मुताबिक पाकिस्तान के पंजाब सूबे की राजधानी लाहौर से बह रही रावी नदी में औसतन 70.8 माइक्रोग्राम प्रति लीटर इन दवाओं के अंश मिले और एक नमूने में यह स्तर 189 माइक्रोग्राम प्रति लीटर तक पहुंच गया। अध्ययन के मुताबिक प्रदूषण के मामले में दूसरे स्थान पर बोलीविया की ला पाज नदी है।

## बुर्किना फासो के जुंटा नेता ने राष्ट्रपति पद की शपथ ली

**जैकविले (आइवरी कोस्ट)।** बुर्किना फासो के जुंटा नेता लेफ्टिनेंट कर्नल पॉल हेनरी दामिबा ने बुधवार को राष्ट्रपति पद की शपथ ली। इस पश्चिमी अफ्रीकी देश में सेना द्वारा तख्तापलट के बाद सत्ता अपने नियंत्रण लेने के एक महीने से भी कम समय में दामिबा राष्ट्रपति बने हैं। संवैधानिक अदालत में शपथ ग्रहण समारोह का राष्ट्रीय स्तर पर सीधा प्रसारण किया गया। शपथ लेने के बाद दामिबा ने राष्ट्र को संबोधित भी किया।

## अमेरिका के अनुरोध पर होंडुरास के पूर्व राष्ट्रपति हर्नांडेज को गिरफ्तार किया गया

एपी। तेगुसिगल्पा

**होंडुरास** की पुलिस ने देश के पूर्व राष्ट्रपति जुआन ओरलैंडो हर्नांडेज को उनके घर से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। अमेरिका ने नशीले पदार्थों की तस्करी और इसके लिए हथियारों का इस्तेमाल करने के मामले में हर्नांडेज को गिरफ्तार करके प्रत्यर्पित किए जाने का अनुरोध किया था। हर्नांडेज को गिरफ्तार किए जाने से कुछ ही समय पहले होंडुरास के एक न्यायाधीश ने उनकी गिरफ्तारी के आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। अदालत के प्रवक्ता मेल्विन डुअर्टे ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ऑफ जस्टिस ने इस मामले के निपटारे के लिए मंगलवार सुबह एक न्यायाधीश को नामित किया था, जिसके कुछ घंटों बाद उन्होंने गिरफ्तारी के आदेश पर हस्ताक्षर किए। हर्नांडेज के भाई जुआन एंटोनियो टोनी हर्नांडेज को मार्च 2021 में इसी मामले में आजीवन कारावास की सजा दी गई थी। इससे पहले, होंडुरास के विदेश मंत्रालय ने ट्विटर के जरिए बताया था कि उसने देश के सुप्रीम कोर्ट ऑफ जस्टिस को अधिसूचित किया है कि अमेरिकी दूतावास ने होंडुरास के नेता को गिरफ्तार करके प्रत्यर्पित करने का औपचारिक अनुरोध किया है। अमेरिकी न्याय मंत्रालय की प्रवक्ता निकोल नवास ने सोमवार को इस मामले में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया था। हर्नांडेज 27 जनवरी तक होंडुरास के राष्ट्रपति रहे। राष्ट्रपति कार्यालय छोड़ने के दिन उन्होंने सेंट्रल अमेरिकन पार्लियामेंट में होंडुरास के प्रतिनिधि के रूप मे शपथ ग्रहण की थी।

## टेक्सास में गोलीबारी में दो अधिकारी घायल

एपी। कैटी (टेक्सास)

**अमेरिका** के टेक्सास राज्य के शेरिफ के दो अधीनस्थ अधिकारी मंगलवार को एक संदिग्ध द्वारा की गई गोलीबारी में घायल हो गए। हैरिस काउंटी के शेरिफ एड गोन्जालेज ने बताया कि यह घटना ह्यूस्टन से करीब 48 किलोमीटर दूर टेक्सास के कैटी में मंगलवार रात को हुई। गोन्जालेज ने ट्वीट किया कि दोनों अधिकारियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोन्जालेज ने बताया कि दोनों अधिकारी घटनास्थल पर गोलियां चलने की खबरें मिलने के बाद वहां पहुंचे थे। जब वे वहां पहुंचे तो एक संदिग्ध ने उन पर गोलियां चला दी। जवाबी कार्वाई में संदिग्ध की मौत हो गई। गोन्जालेज ने ट्वीट किया कि दोनों अधिकारियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोन्जालेज ने बताया कि दोनों अधिकारी घटनास्थल पर गोलियां चलने की खबरें मिलने के बाद वहां पहुंचे थे।

## दुनिया में कोविड के मरीजों की संख्या में आई गिरावट: डब्लूएचओ

एपी। जिनेवा

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा है कि पिछले हफ्ते दुनियाभर में कोरोना वायरस के नए मामलों में 19 फीसदी की गिरावट आई है जबकि इस संक्रमण से होने वाली मौतों की संख्या स्थिर है। संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी ने मंगलवार को इस महामारी पर जारी की गई अपनी साप्ताहिक रिपोर्ट में कहा कि पिछले सप्ताह कोविड-19 के 1.6 करोड़ से अधिक नए मामले सामने आए जबकि करीब 75,000 मरीजों की जान चली गई। डब्ल्यूएचओ के अनुसार केवल पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में कोविड -19 के मामलों में वृद्धि हुई और वह 19 फीसद थी। उसने कहा कि दक्षिणपूर्व एशिया में कोरोना वायरस के मामलों में करीब 37 फीसद कमी आई जो दुनिया में सबसे अधिक गिरावट है। उसने बताया कि पश्चिम एशिया में मौतों में 38 फीसद और पश्चिम प्रशांत क्षेत्र में एक तिहाई वृद्धि हुई। संगठन ने कहा कि कोविड-19 के सबसे अधिक नए मामले रूस में नजर आए तथा वहां एवं पूर्वी यूरोप में अधिक संक्रामक ओमीक्रोन स्वरूप के चलते पिछले हफ्तों में मामले दोगुणे हो गए। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि दुनियाभर में कोरोना वायरस के अल्फा, बीटा, डेल्टा और अन्य स्वरूपों के मामले घटे जबकि ओमिक्रोन के मामले बहुत बढ़े। उसके अनुसार पिछले सप्ताह विश्व के सबसे बड़े वायरस डाटाबेस में अपलोड किए गए कोविड-19 वायरस के 400,000 नमूनों के आनुवांशिकी अनुक्रमण में 98 फीसद ओमीक्रोन मामले हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि ओमीक्रोन कोविड-19 के अन्य स्वरूपों की तुलना में हल्का बीमार करता है और ओमीक्रोन के फैलने के बाद भी उच्च टीकाकरण वाले देशों में अस्पतालों में मरीजों की भर्ती एवं मौतें कम हुईं।

## नियामक बोइंग 787 को उड़ान के लिए मंजूरी देने की शक्ति अपने पास ही रखेंगे

**वाशिंगटन।** संघीय सुरक्षा नियामकों ने कहा है कि वे उड़ान के लिए बोइंग 787 एयरलाइनर को मंजूरी देने की शक्ति विमान निर्माता को लौटाने के बजाय अपने पास ही रखेंगे। उल्लेखनीय है कि विमान निर्माता उत्पादन में खामियों के चलते पिछले साल मई से एक भी नए ड्रीमलाइनर विमान की आपूर्ति नहीं कर सका है। संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने बताया कि उसने मंगलवार को अपने फैसले से बोइंग को अवगत कराया। एफएए ने कहा कि 787 विमानों की आपूर्ति शुरू हो जाने के बाद यह अंतिम निरीक्षण करेगा और प्रत्एक नए विमान को मंजूरी देने की शक्ति तब तक अपने पास रखेगा , जब तक कि वह आश्वत नहीं हो जाता है कि बोइंग का गुणवत्ता नियंत्रण और विनिर्माण निरंतर रूप से 787 का उत्पादन कर रहा, जो एफएए के डिजाइन मानदंडों को पूरा करता है।

## स्वास्तिक की तुलना नाजी प्रतीक हकेनक्रेज से न करें कनाडा के प्रधानमंत्री: हिंदूपैक्ट

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** स्थित एक प्रतिष्ठित हिंदू संगठन ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और भारतीय मूल के नेता जगमीत सिंह से स्वास्तिक की तुलना नाजी प्रतीक हकेनक्रेज से नहीं करने का आग्रह किया है। कनाडा में इन दिनों कोविड-19 टीकाकरण और वैश्विक महामारी संबंधी पाबंदियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ट्रक चालकों की अगुवाई में प्रदर्शनकारियों ने कनाडा की राजधानी ओटावा में ट्रकों के साथ जाम लगा दिया है और कई जगह कनाडा से अमेरिका जाने वाला मार्ग बाधित कर दिया है। इस स्थिति से निपटने के लिए कनाडा को आपातकाल के कानून को लागू करना पड़ा है। जगमीत सिंह ने दो फरवरी को एक ट्वीट किया था कि स्वास्तिक का कनाडा में कोई स्थान नहीं है। उन्होंने लिखा था, हमारे ऊपर अपने सभी समुदायों के लोगों को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी है। यह समय कनाडा में नफरत के प्रतीकों पर प्रतिबंध लगाने का समय है। साथ ही हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि समाज में नफरत पैदा न हो। ट्रूडो और जगमीत सिंह दोनों ने हाल के दिनों में प्रदर्शनकारियों पर स्वस्तिक लहराने का आरोप लगाते हुए बयान दिए थे। हिंदूपैक्ट नामक संगठन ने इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। हिंदूपैक्ट ने ट्रूडो और न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) के नेता जगमीत सिंह से आग्रह किया कि वे स्वास्तिक की तुलना नाजी प्रतीक हकेनक्रेज से न करें। स्वास्तिक हिंदुओं, बौद्ध अनुयायियों, सिखों और दुनिया भर के कई अन्य समुदायों के लिए एक प्राचीन और शुभ प्रतीक माना जाता है। हिंदूपैक्ट के कार्यकारी निदेशक उत्सव चक्रवर्ती ने कहा, हमारा मानना है कि इस गलत बयानबाजी से हिंदुओं और सिखों के खिलाफ नफरत की भावना पैदा होगी। पिछले एक महीने में ही कनाडा में छह हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ की गई और लूटपाट की गई। हिंदू संगठन ने ट्रूडो से शांतिपूर्ण रूप से विरोध प्रदर्शन करने के लोगों के अधिकार का सम्मान करने का आग्रह किया है। चक्रवर्ती ने कहा, कनाडा में विरोध प्रदर्शनों और उन्हें दबाने के लिए अपनाए जा रहे कठोर तौर-तरीकों एवं कदमों के बारे में आ रही खबरों को लेकर मुझे खेद है। वहां स्थिति बेहद चिंताजनक है और हम सभी अपने परिवारों और दोस्तों के लिए बहुत चिंतित हैं। हिंदू संगठन ने कहा कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन का अधिकार किसी भी लोकतंत्र में मौलिक अधिकार है।

## पाक पीएम के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणी के बाद वरिष्ठ पत्रकार गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पिछले सप्ताह एक टीवी कार्यक्रम के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणी के बाद बुधवार को वरिष्ठ पत्रकार और सरकार के आलोचक मोहसिन बेग को गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि, बेग की गिरफ्तारी किन आरोपों में हुई, इसकी जानकारी साझा नहीं की गई है। प्रधानमंत्री इमरान खान द्वारा 10 मंत्रियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन प्रमाणपत्र प्रदान करने के निर्णय के संबंध में एक टीवी कार्यक्रम के दौरान हुई बहस में मोहसिन बेग ने भी हिस्सा लिया था। संचार एवं डाक सेवा मंत्री मुराद सईद को सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाला मंत्री घोषित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान जब बेग से पूछा गया कि सईद को क्यों सर्वश्रेष्ठ मंत्री घोषित किया गया, तो बेग ने मजाकिया लहजे में इमरान खान की पूर्व पत्नी रेहम खान की किताब का हवाला दिया था, जिसमें रेहम ने कथित तौर पर मुराद सईद और प्रधानमंत्री खान के बीच यौन इच्छा से जुड़ी टिप्पणी की थी। गौरतलब है कि सरकार-विरोधी टिप्पणी के कारण पिछले एक सप्ताह में बेग ऐसे दूसरे व्यक्ति हैं, जिन्हें कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने गिरफ्तार किया है। संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने सईद की शिकायत के बाद बुधवार को इस्लामाबाद स्थित बेग के आवास पर छापेमारी कर उन्हें गिरफ्तार किया।

## ब्राजील में भारी बारिश से 34 लोगों की मौत

एपी। रियो डी जिनेरियो

**ब्राजील** में रियो डी जिनेरियो के पर्वतीय क्षेत्र में अत्यंत भारी बारिश के बाद भूस्खलन और बाढ़ के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है। स्थानीय अधिकारियों द्वारा बुधवार तड़के जारी बयान में उक्त जानकारी दी गई। मृतक संख्या और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है, क्योंकि बचाव दल पेट्रोपोलिस क्षेत्र के प्रभावित इलाके में पीड़ितों की तलाश कर रहे हैं। इस क्षेत्र में 2011 में भारी बारिश के कारण सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी। राहत एवं बचाव अभियान के बीच बुधवार को 49 वर्षीय रोसलीन विर्गिलियो के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे, क्योंकि उन्हें मलबे में फंसी महिला का क्रंदन याद आ रहा था जिसे वह बचा नहीं सकीं। उन्होंने बताया, कल एक महिला मदद के लिए चिल्ला रही थी। मुझे यहां से बाहर निकालो। लेकिन हम कुछ नहीं कर सके। पानी और मिट्टी का मलबा धसक रहा था। उन्होंने कहा, दुर्भाग्यवश हमारा शहर बर्बाद हो गया है।

राज्य के दमकल विभाग ने मंगलवार देर रात एक बयान में बताया कि 180 सैनिक बचाव अभियान में जुटे हैं। विभाग ने बताया कि इलाके में दिन में तीन घंटे के भीतर 25.8 सेंटीमीटर बारिश हुई, जो इससे पहले के 30 दिन में हुई बारिश के बराबर है। गवर्नर क्लॉडियो कास्त्रो ने ट्वीट कर बताया कि वह प्रभावित क्षेत्रों से मलबा साफ करने के लिए आसपास के राज्यों से भारी मशीनरी सहित हर संभव मदद मंगवा रहे हैं।

रूस की यात्रा पर गए ब्राजील के राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो ने ट्वीट किया कि उन्होंने अपने मंत्रियों को बारिश के कारण प्रभावित हुए लोगों की तत्काल मदद करने के निर्देश दिए हैं।



सोमालिया की राजधानी के बाहरी इलाके में हुए आतंकी हमले के बाद ध्वस्त मकान के बाहर मौजूद सुरक्षा बल का जवान, अल शबाब नामक चरमपंथी संगठन के हमले में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हो गए

## सकारात्मक दृष्टिकोण को आगे बढ़ा रहा है क्वाड : अमेरिकी सांसद

भाषा। वाशिंगटन

**कुछ** प्रमुख अमेरिकी सांसदों ने भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों की हालिया बैठक का स्वागत करते हुए कहा कि क्वाड समूह की महत्वपूर्ण साझेदारी साझा हितों वाले रणनीतिक महत्व के हिंद-प्रशांत क्षेत्र के भविष्य के प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण को आगे बढ़ा रहा है। क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों ने पिछले हफ्ते मेलबर्न में बैठक की थी। उन्होंने हिंद प्रशांत क्षेत्र को दबाव मुक्त रखने का संकल्प लिया था, सीमा पार से होने वाले आतंकवाद के लिए छद्म आतंकियों के इस्तेमाल की निंदा की थी और यूक्रेन संकट पर चर्चा की थी। उन्होंने जोर देते हुए कहा था कि अफगानिस्तान की भूमि का इस्तेमाल किसी देश पर हमला करने के लिए नहीं होना चाहिए।

कुछ अमेरिकी सांसदों ने एक संयुक्त बयान में कहा, अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत के साथ निकट संबंधों के कट्टर समर्थक होने के नाते हम पिछले सप्ताह की मंत्रिस्तरीय बैठक के जरिए इस अहम साझेदारी को और मजबूत होते देखकर खुश हैं। यह बयान सांसद जोआक्विन कास्त्रो, एड्रियन स्मिथ, जो कर्टनी, माइक गैलाघर, ब्रैड शर्मन, स्टीव चाबोट और अमी बेरा ने जारी किया।

जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत के लिए अमेरिकी संसद के कॉकस के सह-अध्यक्षों ने कहा कि पिछले हफ्ते की बैठक सितंबर 2021 में हुए शिखर सम्मेलन के परिणामों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि क्वाड कोविड-19 टीकों के वितरण, मानवीय सहायता, पर्यावरण, समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी कदमों और साइबर सुरक्षा पर सहयोग को आगे बढ़ाकर साझा मूल्यों में निहित हिंद-प्रशांत के भविष्य के लिए एक सकारात्मक दृष्टिकोण को आगे बढ़ा रहा है।

सांसदों ने उम्मीद जताई कि अमेरिका और क्वाड हिंद-प्रशांत में अन्य देशों और बहुपक्षीय संगठनों के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगा।

सार्वजनिक सूचना

सर्वजन को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री सूरज भान पुत्र श्री भरतु राम निवासी फ्लैट नं. 310, कुतब ग्रीन अपार्टमेंट, 1064-B, वार्ड नं.7, महरौली, नई दिल्ली-110030 ने दिनांक 14.07.2017 को अग्रीमेंट टू सेल तसदीक किया और उस अग्रीमेंट की शर्तों के आधार पर GPA सब-रजिस्ट्रार-VA ऑफिस में रजिस्टर्ड कराई जिसका रजिस्टरेशन नं. 1550, बुक नं. 4, वॉल्यूम नं. 297, पेज नं. 76-82 दिनांक 06.10.2017 है और उसके बाद नोटराईज अग्रीमेंट टू सेल, वसीयत, रिसीप्ट, पोजेशन लैटर श्री कृष्ण राणा पुत्र श्री रमेश राणा निवासी हुल्लाहेरी, सोनीपत, हरियाणा - 131001 के पक्ष में एग्रीकल्चर भूमि 8 बीघा 8 बिस्वा,जोकि खसरा नं. 1093(4-14), 1094 (3-14), जोकि रेवेन्यु एस्टेट गॉव सतबड़ी, तहसील हौज खास, नई दिल्ली-110074 लेकिन उपरोक्त कृष्ण राणा ने मेरे मुवक्किल को पेमेंट नहीं की, जिस वजह से मेरे मुवक्किल ने उपरोक्त रजिस्टर्ड GPA पहली ही सब-रजिस्ट्रार-VA को निरस्त करा दिया है और अब मेरे मुवक्किल उपरोक्त नोटराईज अग्रीमेंट टू सेल, वसीयत, रिसीप्ट, पोजेशन लैटर जोकि कृष्ण राणा के पक्ष में किये थे उनको भी निरस्त करते हैं

KULDEEP SINGH GREWAL (ADVOCATE)
CH - 873, 8th Floor, Lawyers Building,
Saket District Court, New Delhi

# प्रेम का मौसम

**प्रदीप चक्रवर्ती** का दिलचस्प कैनवास, सात पात्रों और एक छोटे कुत्ते के साथ, इस भावना का जश्न मनाता है। **उमा नायर** की रिपोर्ट



केजी सुब्रमण्यन और जोगेन चौधरी के छात्र प्रदीप्ता चक्रवर्ती, कला भवन शांतिनिकेतन के अपने इन दो गुरुओं से रंग व आकृति की अपनी कलात्मक प्रतिभा में निखार लाते हैं। प्रदीप्तो भविष्य के लिए एक एकल शो पर काम कर रहे हैं और उनका पहला काम एक उपन्यास में वेलेंटाइन डे का उत्सव मनाता है, सात पात्रों वाला दिलचस्प कैनवास और एक छोटा पिल्ला जो एक दछशुंड और एक बीगल के बीच एक मिश्रित प्रजाति जैसा दिखता है।

इस काम को उपयुक्त रूप से लव इज इन द एयर कहा जाता है। व्यक्ति इसकी कई विशेषताओं – फूल, सात लोग और छोटा कुत्ता – पर एक नजर डालते हुए हमें बताता है कि जीवन उन अनुभवों के बारे में है जो प्यार का जश्न मनाते हैं। प्रदीप्ता का कहना है कि सात किरदार वे लोग हैं जो सप्ताह के सात दिनों को सोमवार से रविवार तक दर्शाते हैं। उनका कहना है कि वे अपने प्यार और दोस्ती व भाईचारे के बंधन का जश्न मना रहे हैं। वह कहते हैं, 'फूल हमें बताते हैं कि पर्यावरण अनमोल है और यह जरूरी है कि हम अपने प्रियजनों को फूल उपहार में देकर अपने प्यार का इजहार करें।'

## प्रकाश और टैगोर

पेंटिंग में एक प्राचीन झूमर व औपनिवेशिक शैली में तैयार की गई पृष्ठभूमि में एक परिदृश्य भी है। प्रदीप्ता के लिए कल्पना ही सब कुछ है। वह कविता या साहित्य के अन्य कार्यों में संदर्भित सभी वस्तुओं और इंद्रियों की धारणा के गुणों को दर्शाने के लिए इमेजरी का उपयोग करते हैं, चाहे वह शाब्दिक विवरण द्वारा, संकेत द्वारा, या इसके उपमाओं व रूपकों में उपयोग किए गए एनालॉग्स (वाहनों) में हो।

प्रदीप्ता टैगोर को उद्धृत करते हुए कहते हैं, जीवन देवता, जीवन का प्रकाश, वह है जो झूमर के प्रकाश द्वारा दिखाया गया है। जीवन देवता टैगोर के प्रेरणा स्रोत हैं। यह देवता उनके हृदय में विराजमान हैं और उनके जीवन, उनकी प्रत्येक गतिविधि और उनकी हर उपलब्धि का मार्गदर्शन कर रहे हैं। टैगोर व्यक्त करते हैं, कि जीवन देवता लोकप्रिय धार्मिक प्रणालियों के भगवान के समान नहीं हैं, लेकिन साथ ही, वह परम से पूर्णतया अलग नहीं हैं। प्रदीप्ता का कला अभ्यास सामग्री और मूरिंग्स की एक सरणी के उपयोग को गले लगाता है और उसे विस्तारित करता है, जहां उनके कैनवास का प्रत्येक इंच एक व्यापक दृश्य शब्दावली विकसित करने में सहायक होता है। फूल, उनके आकार और उनका असली स्वाद हमें बताते हैं कि वह शांतिनिकेतन के हरे-भरे उष्णकटिबंधीय स्थान को छोड़ने के लंबे समय बाद सांस लेता है।

## अद्‌भुत किस्से

यह पेंटिंग प्रदीप्ता की बहुमुखी प्रतिभा और शानदार कारनामों का जश्न मनाती है – जीवंत कहानीकार और मानव किरदार– उनके कैनवास पर। वह एक चितकबरे मुरलीवाले की तरह है, एक जादूगर जो अपनी छवियों को प्रस्तुतिजनक इशारों में रूपांतरित कर देता है, क्योंकि वह अपने ब्रश के स्ट्रोक के साथ उनके खास मुद्राओं और भंगिमाओं को एनिमेट करता है। उनका काम न केवल वैचारिक समृद्धि का प्रतिनिधित्व करता है बल्कि मानव आकृतियों की उनकी समझ व साकार करने की कल्पना की उल्लेखनीय चतुराई का प्रतिनिधित्व करता है।

अतीत और वर्तमान में मानव, परिवेश, पर्यावरण और बुनावट की उनकी सादृश्यता, असमान परंपराओं से ऑप्टिकल संदर्भों के एक स्पेक्ट्रम का जवाब देती है क्योंकि वह अपने कैनवास पर अपनी खुद विजुअल भाषा में सभी तजुर्बों के समकक्षों की तलाश में योजनाबद्ध आंकड़े, रूपांकनों, संकेतों और इशारों को चित्रित करते हैं। वह हमारा ध्यान ग्राफिक और चित्रकार के बीच, एक गुंजायमान और लयबद्ध प्रतिपादन और उत्कट ब्रशवर्क में, सतह के पैटर्निंग के साथ-साथ डिजाइन की गतिशीलता में बारीक खेल की ओर आकर्षित करते हैं। हम प्रेम की औपचारिक अभिव्यक्ति देखते हैं, यहां तक कि छोटे कुत्ते – आदमी का सबसे अच्छा दोस्त – प्यार और वफादारी का प्रतीक रखने के जरिए भी। पेंटिंग मर्दाना और स्त्री, उभयलिंगी तत्वों को एक साथ लाती है। प्रेम का उत्सव सजावटी और अभिव्यंजक दोनों है – और यह एक समन्वित चित्रमय भाषा विकसित करने की दिशा में उत्तरोत्तर काम करता है। यह पेंटिंग कई कहानियां कहती है, यह धारणा व परिप्रेक्ष्य की खिड़कियां खोलती है। वेलेंटाइन डे दुनिया को बताता है कि हमें और ज्यादा प्रेम कहानियों की आवश्यकता है, जो सभी भाषाओं में सभी जगहों पर व्यक्त की गई दृश्य सूक्ष्मताओं का जश्न मनाएं। प्राकृतिक, मानव और पशु जगत सभी उस उत्सव का हिस्सा बन जाते हैं जो कहता है कि 'प्यार एक बहुत ही शानदार चीज है।'

# भविष्य के लिए तैयार

ईकोवा आर्ट गैलरी के संस्थापक, **वैष्णवी मुरली** भारत में पहली बार कला में उद्‌भव के लिए लॉकचेन को पेश करने के महत्व बता रही हैं। **सैमी साारी** की रिपोर्ट

अपने संचालन के सातवें वर्ष में, आर्ट गैलरी, इकोवा, ने भारत में पहली बार कला में उद्भव के लिए ब्लॉकचेन की शुरुआत की। बी 2सी व्यवसाय पर केंद्रित, गैलरी वरिष्ठ व मध्य-आजीविका कलाकारों के 80 कलाकारों के नेटवर्क के साथ काम करती है।

आर्टटेक में अग्रणी के रूप में, ईकोवा प्रामाणिकता और उद्भव के लिए एक समाधान ला रही है। वे यह सुनिश्चित करने के लिए ब्लॉकचेन का लाभ उठा रहे हैं कि ईकोवा से खरीदी गई प्रत्येक कला को कभी भी फर्जी नहीं बनाया जा सकता है ताकि यह सचमुच अद्वितीय बनी रहे। गैलरी की संस्थापक, वैष्णवी मुरली, इस बारे में बात करती हैं कि यह कैसे इस अद्वितीय समाधान को लॉन्च करने वाली भारत की पहली गैलरी है और यह कैसे सिद्धता और प्रामाणिकता के लिए स्वर्ण मानक बन जाएगी।

**● वे कौन से कारण हैं जिन्होंने कला जगत में इसे पेश करने के लिए परिस्थितियों को उपयुक्त बना दिया है?**

किसी भी पेंटिंग की स्पष्ट उत्पत्ति की स्थापना हमेशा कला समुदाय के लिए एक प्रमुख चिंता बिंदु रही है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय कला में निरंतर वृद्धि और प्रशंसा मिलने से, जालसाजी की घटनाओं में भी वृद्धि हुई है। हमारे आंतरिक अनुमान बताते हैं कि जाली/ प्रतिलिपिकृत भारतीय कला बाजार मूल कला बाजार का 20 से 30 प्रतिशत है। ब्लॉकचेन तकनीक में प्रगति होने से, यह हमारे पास इससे निपटने का एकदम सही उपकरण था, और इसलिए, हमने अब इस समस्या को हल करने पर ध्यान केंद्रित किया है।

**● ब्लॉकचेन सर्टिफिकेशन लाने का क्या मतलब होगा?**

ब्लॉकचैन सर्टिफिकेशन का मतलब है कि कला का डिजिटल सर्टिफिकेट ब्लॉकचेन पर रजिस्टर्ड है। ब्लॉकचेन पर पंजीकरण का अर्थ है कि एक तरह का प्रमाणपत्र बन जाता है, और इसका जाली नहीं हो सकता। ट्रैसेबिलिटी की एक स्पष्ट रेखा बनाने के लिए हम वास्तविक पेंटिंग पर इस पंजीकरण के लिए एक लिंक भी जोड़ते हैं। कुल मिलाकर, यह सुनिश्चित करता है कि न तो पेंटिंग और न ही इसका प्रमाणन, जाली नहीं हो सकता है।

**● एक कलाकार इसे कैसे हासिल करता है?**

वर्तमान में, हम इसे सीधे अपने कलाकारों के लिए करते हैं क्योंकि इसकी प्रक्रिया तकनीक-गहन है।

**● कलाकार और खरीदार के लिए क्या फायदे हैं?**

खरीदार और कलाकार के लिए मुख्य लाभ




यह है कि प्रमाणित पेंटिंग्स की कोई जालसाजी नहीं की जा सकती है। कलाकारों को जाली चित्रों से उनकी प्रतिष्ठा को खराब करने /उनकी मांग को हड़पने से भी बचाया जाता है। इसके अतिरिक्त, खरीदारों के लिए, यह सुनिश्चित करता है कि चित्रों की उत्पत्ति स्पष्ट है, और जब वे द्वितीयक बाजार में जाते हैं (अर्थात चित्रों को पुनर्विक्रय), तो वे स्पष्ट रूप से और आसानी से सिद्ध कर सकते हैं।

**● कला बाजार में यह क्या बदलाव लाएगा?**

हालांकि हम प्रत्यक्ष कला के लिए ऐसा करने वाले भारतीय कला बाजार में सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण हैं, मगर हमें बहुत अच्छा लगेगा कि अन्य सभी दीर्घाएं ऐसी तकनीकें अपनाएं व ग्राहक इसकी मांग करें। यह सुनिश्चित करेगा कि दीर्घाओं द्वारा बेची जाने वाली किसी भी कला की उत्पत्ति/उद्भव की एक स्पष्ट रेखा हो और जाली कला बाजार पर यथासंभव अंकुश लगाया जाए, तथा कलाकारों व संरक्षकों को धोखा न दिया जाए।

**● कौन से कलाकार इस सेवा से जुड़ चुके हैं?**

इस सेवा के साथ ईकोवा के सभी कलाकार पहले से ही शामिल हैं।

**● आपने पहल कब शुरू की और प्रतिक्रिया क्या रही है?**

यह पहल दो सप्ताह पहले शुरू की गई है, और इस दौरान हमारे अनेक संरक्षकों और संभावितों से हमें सर्वसम्मति से सराहना मिली है।

# जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन मार्च में

धरती का यह सबसे बड़ा साहित्यिक शो लेखकों, सत्रों और संगीत की नई श्रृंखला के साथ वापस आ गया है। **टीम विवा** की रिपोर्ट





अक्सर 'पृथ्वी पर सबसे महान साहित्यिक शो' के रूप में घोषित, जयपुर साहित्य महोत्सव 5 और 14 मार्च के बीच निर्धारित किया जाता है। इसमें विषयों की एक श्रृंखला होगी, जिसमें भारत 75 इसका मुख्य आकर्षण होगा। जेएलएफविभिन्न सत्रों के साथ अब तक की यात्रा के विभिन्न पहलुओं पर गौर करेगा।

## सत्रों की विस्तृत जानकारी

एक सत्र चुनावी प्रक्रिया और लोकतांत्रिक प्रणालियों के आख्यानों और प्रति-आख्याओं का पता लगाएगा। पैनल में शामिल होंगे -भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त और एवरी वोट काउंट्स के लेखक नवीन बी चावला, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और मेकर्स ऑफ मॉडर्न दलित हिस्ट्री के लेखक गुरु प्रकाश पासवान, भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायविद और सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति मदन बी लोकुर। अकादमिक और लेखिका मुकुलिका बनर्जी के साथ बातचीत में यह राजनीतिक व चुनावी प्रक्रिया ऐतिहासिक, सामाजिक-राजनीतिक और मनोवैज्ञानिक अध्ययन की एक अनूठी पेशकश है।

लेखक और पत्रकार साकेत सुमन की ज्ञानवर्धक पुस्तक, द साइकोलॉजी ऑफ ए पैट्रियट, भारत का एक विचारोत्तेजक इतिहास प्रस्तुत करती है। लेखक, कवि और अकादमिक मकरंद आर परांजपे की आने वाली किताबों में जेएनयू : राष्ट्रवाद और भारत का असभ्य युद्ध शामिल है। गुरमेहर कौर की सबसे हालिया किताब, द यंग एंड द रेस्टलेस: यूथ एंड पॉलिटिक्स इन इंडिया, भारतीय लोकतंत्र में युवाओं की चुनावी और वैचारिक भागीदारी की पड़ताल करती है क्योंकि यह राजनीतिक पहचान का एक पीढ़ीगत मूल्यांकन प्रस्तुत करती है। अकादमिक और लेखक बद्री नारायण का रिपब्लिक ऑफ हिंदुत्व: हाउ द यूनियन इज रिशेपिंग इंडियन डेमोक्रेसी, आरएसएस को शामिल करने वाली विश्वास प्रणाली व उभरती संरचनाओं की जांच करती है। लेखक, अकादमिक और सामाजिक मानवविज्ञानी मुकुलिका बनर्जी के साथ बातचीत में, वे इसकी नींव और भविष्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए पूरे राष्ट्र के आने वाले युग पर चर्चा करेंगे। मुकुलिका बनर्जी का नया मोनोग्राफ कल्टीवेटिंग डेमोक्रेसी: पॉलिटिक्स एंड सिटिजनशिप इन एग्रेरियन इंडिया, ग्रामीण भारत, विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में राजनीतिक लोकतंत्र व सक्रिय नागरिकता के बीच संबंधों का एक अध्ययन है। एक अन्य सत्र में, बनर्जी लेखक, पत्रकार व अनुवादक नमिता वायकर के साथ बातचीत करेंगी। साथ में, वे देश के राजनीतिक परिदृश्य को आकार देने वाले कृषि के लोकतांत्रिक मूल्यों और धारणाओं का पड़ताल करेंगे।

भारत में विकलांगता अधिकार आंदोलन प्रमुख है, लेकिन इसका प्रतिनिधित्व कमजोर है। प्रोफेसर व उद्यमी अनीता शर्मा ने देश में 2,000 से अधिक ड्राइविंग स्कूलों को बुलाया और पाया कि कोई भी कम गतिशीलता वाले लोगों को चयन नहीं करता है। पोलियो से जीवित बचीं और ड्राइविंग कौशल को आत्मविश्वास से सीखने की आवश्यकताओं को जानने के बाद, उन्होंने कम गतिशीलता वाले लोगों के लिए एक ड्राइविंग स्कूल ऑन माई ओन शुरू किया। भारतीय सामाजिक उद्यमी, लेखक और विकलांगता अधिकार कार्यकर्ता निपुण मल्होत्रा, पत्रकार और उपन्यासकार सी के मीणा, तथा एसएपी इंजीनियरिंग अकादमी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रमुख वी आर फिरोज ने भारत में विकलांग व्यक्तियों के जीवन पर एक अंतर्दृष्टिपूर्ण पुस्तक, द इनविजिबल मेजोरिटी : इंडियाज एबल्ड डिसेबल्ड का सह-लेखन किया है। वे भारत के विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों और प्रतिनिधित्व पर एक प्रबुद्ध सत्र में फेस्टिवल निर्माता और टीमवर्क आर्ट्स के प्रबंध निदेशक, संजय के रॉय के साथ बातचीत करेंगे।

भारतीय ग्रामीण मध्य-वर्ग, जिसमें करोड़ों लोग शामिल हैं, कृषि और उद्योग दोनों दुनियाओं में फैला हुआ है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था की एक प्रमुख विद्वान मरियम असलनी की नई किताब कंटेस्टेड कैपिटल: रूरल मिडिल क्लासेस इन इंडिया विशाल, विकसित ग्रामीण मध्य वर्गों पर प्रकाश डालती है, जिसमें देश का एक तिहाई से अधिक मध्यम वर्ग शामिल होता है। असलानी लेखक, राजनेता और पूर्व राजनयिक पवन के वर्मा के साथ बातचीत करेंगे, जिनका गहन अध्ययन द ग्रेट इंडियन मिडिल क्लास 20वीं शताब्दी के दौरान इस सामाजिक-आर्थिक समूह के विकास का पता लगाता है।

पूर्व भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की राजनीतिक विरासत स्वतंत्रता-उपरांत भारत के विशाल और बहुरूपी इतिहास का प्रतीक है। वरिष्ठ पत्रकार सागरिका घोष ने अपनी नई पुस्तक अटल बिहारी वाजपेयी में एक गहन शोधित चित्र प्रस्तुत किया है। लेखक, सामाजिक वैज्ञानिक और पत्रकार नलिन मेहता की नवीनतम पुस्तक द न्यू बीजेपी: मोदी एंड द मेकिंग ऑफद वर्ल्ड्स लार्जेस्ट पॉलिटिकल पार्टी इस बात की पड़ताल करती है कि कैसे इस राजनीतिक दल ने नए जाति गठबंधनों द्वारा, हाशिए पर पड़े सामाजिक समूहों और महिला-मतदाता आधार के निर्माण पर संचालित, सोशल इंजीनियरिंग के अपने ब्रांड के साथ भारतीय राजनीति को नया रूप दिया। वे पत्रकार मंदिरा नायर के साथ वाजपेयी, व्यक्ति और उनकी विरासत पर चर्चा करेंगे।

भारत और पाकिस्तान के बीच 1971 के युद्ध की याद में, भारतीय नौसेना के पूर्व अधिकारी कैप्टन एमएनआर सामंत और लेखक संदीप उन्नीथन द्वारा लिखित ऑपरेशन एक्स, दुनिया के सबसे बड़े गुप्त नौसैनिक युद्धों में से एक के पीछे की अनकही कहानी है। नेवल कमांडो ऑपरेशंस (एक्स) तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान में पाकिस्तानी सेना के समुद्री जुगुलर के खिलाफ गुरिल्ला ऑपरेशन -श्रृंखला के लिए नेवल इंटेलिजेंस कोड का निदेशालय था। वे नौसेना के इतिहासकार कमोडोर श्रीकांत बी केसनूर के साथ मिलकर इस संघर्ष की आंतरिक दुनिया का पता लगाएंगे। कोविड-19 के प्रकोप उपरांत भारत की प्रतिक्रिया के बाद पूर्ण तालाबंदी ने एक अकल्पनीय राष्ट्रीय त्रासदी को चिन्हित किया, जिससे लाखों प्रवासी श्रमिक फंसे, उन्हें भूखमरी और बेरोजगार का सामना करना पड़ा। पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता विनोद कापड़ी की फिल्म 1232 किलोमीटर सात प्रवासी श्रमिकों की उनके गांव की यात्रा का दस्तावेज है, जिन्हें प्रशासन द्वारा उनके हाल पर छोड़ दिया गया, जिनके कारण उन्हें घातक परिस्थितियों के बीच सैकड़ों किलोमीटर पैदल घर जाने के लिए मजबूर किया गया। पत्रकार और लेखक पूजा चांगोईवाला की होमबाउंड एक ऐसे परिवार की कहानी बताती है जो जीवित रहने के लिए दृढ़ संकल्प है और एक मानवीय आपदा के खिलाफ आशा करता है। अकादमिक और लेखक चिन्मय तुम्बे के साथ बातचीत में, कापरी और चांगोईवाला पलायन के केंद्र में चेहरों व ताकतों और उनकी संख्या पर चर्चा करेंगे।

'श्री अरबिंदो' पर आयोजित एक सत्र में, मेडिकल डॉक्टर, कवि और दार्शनिक परीक्षित सिंह और लेखक मकरंद आर परांजपे, अकादमिक, संपादक और लेखक माला श्री लाल के साथ बातचीत में, श्री अरविंदो के दर्शन और उनकी 'आंतरिक खोज' के रूप में उनके दृष्टिकोण का पता लगाएंगे, जिसे उन्होंने अपने लेखन और जीवन में व्यक्त किया।

हिंदी साहित्य में प्रसिद्ध नाम – रामधारी सिंह दिनकर और सुभद्रा कुमारी चौहान – आदर्शवाद और प्रेरणा पैदा करते हैं। लेखक, कवि और संगीत विद् यतींद्र मिश्र और विद्वान, लेखक, अकादमिक और इतिहासकार, त्रिपुरदमन सिंह दोनों कवियों के जीवन और विरासत, उनकी गहरी प्रतिबद्धता और निहित देशभक्ति व हिन्दी साहित्य पर उनकी पहचान और समझ पर पड़ने वाले प्रभाव की चर्चा करेंगे।

## संगीत समारोह का भी आयोजन

10 से 12 मार्च को, असाधारण जयपुर संगीत मंच का अदभुत आयोजन भी 15वें जेएलएफ के समानांतर आयोजित किया जाएगा। इस श्रंखला में समूचे भारतीय उपमहाद्वीप के कलाकारों के विभिन्न समूह शामिल होंगे। इनमें नई दिल्ली स्थित पियानोवादक, संगीतकार और निर्माता अनिरुद्ध वर्मा के नेतृत्व में समकालीन भारतीय शास्त्रीय समूह, अनिरुद्ध वर्मा कलेक्टिव, अद्वैत, आठ सदस्यीय फ्यूजन बैंड जिसने 14 साल पूरे कर लिए हैं, कच्छ जिले के जनाना गांव के एक सूफी लोक गायक मुरलाला मारवाड़ा, कुटले खान प्रोजेक्ट, राजस्थानी लोक संगीतकारों का एक समूह, जो एक लोक कलाकार कुटले खान पर प्रकाश डालता है, अली सफुद्दीन, श्रीनगर, कश्मीर के एक गायक-गीतकार, और अंकुर एंड द गलत घराना, एक हिंदी रॉक प्रोजेक्ट, जिसका नेतृत्व फ्रंटमैन और गायक-गीतकार अंकुर तिवारी कर रहे हैं, साथ में गौरव गुप्ता, सिद कोउटो और जोहान पेस भी हैं, आदि समूह शामिल हैं।

दर्शक फेस्टिवल की वेबसाइट पर जाकर टिकट बुक कर सकते हैं। एक दिन के पास की कीमत 499 रुपये है, और महोत्सव के सभी तीन दिनों के लिए एक संयुक्त पास 1,300 रुपये में उपलब्ध है।

# पहले टी-20 में भारत की वेस्टइंडीज पर आसान जीत

## ●कप्तान रोहित शर्मा ने 40 रन की उपयोगी पारी खेली

**भाषा** । कोलकाता


बिश्नोई ने अपने पदार्पण मैच शानदार गेंदबाजी करके दो विकेट चटकाए

**स्पिनरों** के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई में बल्लेबाजों की उम्दा पारियों के दम पर भारत ने पहले टी-20 मैच में बुधवार को वेस्टइंडीज को छह विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढत ले ली।

जीत के लिए 158 रन के लक्ष्य के जवाब में भारत ने 18.5 ओवर में चार विकेट पर 162 रन बनाए। इससे पहले टी-20 क्रिकेट में पदार्पण कर रहे स्पिनर रवि बिश्नोई और अनुभवी युजवेंद्र चहल की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने कैरेबियाई टीम को सात विकेट पर 157 रन पर रोक दिया था। वनडे श्रृंखला में सूपड़ा साफ होने के बाद वेस्टइंडीज का इस दौरे पर जीत का इंतजार बढता ही जा रहा है। रोहित और ईशान किशन ने शानदार शुरूआत देते हुए पहले विकेट के लिए 45 गेंद में 64 रन जोड़े। रोहित ने 19 गेंद में चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 40 रन बनाए। आईपीएल की मेगा नीलामी में मुंबई इंडियंस द्वारा 15.25 करोड़ रूपए में फिर खरीदे गए ईशान किशन ने 42 गेंद में 35 रन की पारी खेलकर कप्तान का बखूबी साथ दिया।

विराट कोहली की नाकामी का सिलसिला जारी रहा जो 17 रन बनाकर फेबियन एलेन की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे जबकि ऋषभ पंत भी आठ रन ही बना पाए। इसके बाद हालांकि सूर्यकुमार यादव ने 18 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 34 और वेंकटेश अय्यर ने 13 गेंद में नाबाद 24 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। अय्यर ने एलेन को छक्का जड़कर विजई रन पूरे किए। इससे पहले आईपीएल में महंगे दाम पर बिके विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन ने 63 रन की आक्रामक पारी खेलकर वेस्टइंडीज को संकट से निकालते हुए सात विकेट पर 157 रन तक पहुंचाया। पूरन को सनराइजर्स हैदराबाद ने मेगा नीलामी में 10.75 करोड़ रूपए में खरीदा। उन्होंने 43 गेंद की अपनी पारी में पांच छक्के और चार चौके लगाए।

वेस्टइंडीज के तीसरे नंबर के बल्लेबाज ने पिछले आईपीएल में 85 रन ही बनाए थे और मौजूदा दौरे पर तीन वनडे में 18 , 9 और 34 रन ही बना सके। उन्होंने आते ही भुवनेश्वर कुमार को छक्का लगाकर अपने इरादे जाहिर कर दिए।

चहल और बिश्नोई ने तीन विकेट निकालकर वेस्टइंडीज के मध्यक्रम की कमर तोड़ दी लेकिन पूरन ने आखिरी पांच ओवर में 61 रन बनाकर अपनी टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

फिट होकर लौटे कीरोन पोलार्ड ने 19 गेंद में दो चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 24 रन बनाए।वह फिटनेस कारणों से आखिरी दो वनडे नहीं खेल सके थे। जोधपुर के गुगली गेंदबाज बिश्नोई ने अपने पदार्पण मैच को यादगार बनाते हुए चार ओवर में 17 रन देकर रोस्टन चेस (4) और रोवमैन पॉवेल (2) के विकेट लिए। उन्हें इस प्रदर्शन के लिए मैन आफ द मैच चुना गया। भुवनेश्वर ने पहले ही ओवर में ब्रेंडन किंग (4) को आउट किया। काइल मायर्स ने पूरन के साथ पारी को संभाला और स्कोर एक विकेट पर 44 रन तक ले गए।

इसके बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपने सबसे अनुभवी स्पिनर चहल को गेंद सौंपी। चहल पहली ही गेंद पर पूरन को आउट कर देते लेकिन बिश्नोई कैच लपकने में चूक गए। उस समय पूरन ने आठ ही रन बनाए थे। चहल ने मायर्स को आउट किया जिन्होंने डीआरएस भी लिया लेकिन फैसला गेंदबाज के पक्ष में ही रहा।

**स्कोर बोर्ड**

**वेस्टइंडीज:** ब्रेंडन किंग का यादव बो कुमार 4, काइल मायर्स पगबाधा बो चहल 31, निकोलस पूरन का कोहली बो पटेल 61, रोस्टन चेस पगबाधा बो बिश्नोई 4, रोवमैन पॉवेल का अय्यर बो बिश्नोई 2, अकील हुसैन का और बो चाहर 10, कीरोन पोलार्ड नाबाद 24, ओडियन स्मिथ का शर्मा बो पटेल 4

अतिरिक्त : 14 रन

कुल योग : 20 ओवर में सात विकेट पर 157 रन

विकेट पतन : 1-4, 2-51, 3-72, 4-74, 5-90, 6-135, 7-157

गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-31-1, चाहर 3-0-28-1, पटेल 4-0-37-2, चहल 4-0-34-1, बिश्नोई 4-0-17-2, अय्यर 1-0-4-0

**भारत** : रोहित शर्मा का स्मिथ बो चेस 40, ईशान किशन का एलेन बो चेस 35, विराट कोहली का पोलार्ड बो एलेन 17, ऋषभ पंत का स्मिथ बो कोटरेल 8, सूर्यकुमार यादव नाबाद 34, वेंकटेश अय्यर नाबाद 24

अतिरिक्त : चार रन

कुल योग : 18.5 ओवर में चार विकेट पर 162 रन

विकेट पतन :1-64, 2-93, 3-95, 4-114

गेंदबाजी : कोटरेल 4- 0-35-1, शेफर्ड 3-0-24-0, स्मिथ 2-0-31-0, हुसैन 4-0-34-0, चेस 4-0-14-2, एलेन 1.5-0-23-1

# तीसरे टी-20 के लिए बीसीसीआई ने 20000 दर्शकों को अनुमति दी

## ●कैब के अनुरोध को अध्यक्ष सौरव गांगली ने स्वीकारा

**भाषा** । कोलकाता

**बीसीसीआई** ने भारत और वेस्टइंडीज के बीच 20 फरवरी को होने वाले तीसरे टी-20 मैच के लिए 20000 दर्शकों को ईडन गार्डंस पर प्रवेश की अनुमति देने का फैसला किया है जिनमें अधिकांश बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) के सदस्य होंगे।

बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने बंगाल क्रिकेट संघ के प्रमुख अविषेक डालमिया को लिखे ईमेल में कहा कि आपके अनुरोध के बाद अन्य पदाधिकारियों के साथ बातचीत के बाद यह फैसला लिया गया कि वेस्टइंडीज के खिलाफ आखिरी टी20 में दर्शकों को प्रवेश दिया जा सकता है। इसके लिए कैब अपने सदस्यों और मान्य ईकाइयों को मुफ्त टिकट जारी करेगा। डालमिया ने कहा कि हम बीसीसीआई के शुक्रगुजार हैं। इससे कैब आजीवन सहयोगियों, सालाना और मानद सदस्यों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा सकेगा।

इससे पहले गांगुली ने कहा था कि खिलाड़ियों के स्वास्थ्य को लेकर किसी भी तरह की जोखिम से बचने के लिए दर्शकों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। डालमिया ने 70 प्रतिशत दर्शकों को प्रवेश की अनुमति देने की गुजारिश की थी। पहले दो टी-20 मैचों में 2000 के करीब दर्शकों को कारपोरेट बॉक्स और डॉक्टर बी सी रॉय क्लब हाउस के ऊपरी दर्जे में प्रवेश की अनुमति दी गई है। पहले दो मैचों के मैच पास सिर्फ प्रायोजकों के लिए हैं।

## नरिंदर बत्रा के रवैये से हाकी इंडिया हैरान

**नई दिल्ली** । भारतीय पुरुष हॉकी टीम के हाल में उतार चढ़ाव वाले प्रदर्शन पर नरिंदर बत्रा के कड़े संदेश और स्पष्टीकरण देने की मांग से हैरान हॉकी इंडिया के अधिकारी इस सप्ताह भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष से मुलाकात करेंगे।

बत्रा ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के हाल के प्रदर्शन को अस्वीकार्य करार दिया और मंगलवार को भेजे गए इस संदेश में हॉकी इंडिया से इसके कारणों के बारे में बताने को कहा। बत्रा अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के भी अध्यक्ष हैं। हाकी इंडिया के अध्यक्ष ज्ञानेंद्रो निगोमबाम, महासचिव राजिंदर सिंह और सीईओ इलेनाा नोर्मन कोक भेजे गए पत्र में बत्रा ने कहा कि पिछले साल तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद टीम के प्रदर्शन पर उन्हें गहरी चिंता है।

इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने कहा कि बत्रा के पत्र से हॉकी इंडिया हैरान है।

# केकेआर के कप्तान बने श्रेयस

**भाषा** । कोलकाता



**कोलकाता** नाइट राइडर्स (केकेआर) ने बुधवार को भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए अपना नया कप्तान नियुक्त किया। केकेआर ने हाल की नीलामी में अय्यर को 12.25 करोड़ रुपए में खरीदा था।

अय्यर की अगुवाई में दिल्ली कैपिटल्स 2020 में आईपीएल फाइनल में पहुंचा था। दिल्ली ने उन्हें 2021 सत्र के बाद रिटेन नहीं किया था। केकेआर ने उन्हें इयोन मोर्गन की जगह कप्तान बनाया है।

केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने यहां जारी बयान में कहा कि उन्होंने शीर्ष स्तर पर अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया है और हमें पूरा विश्वास है वह टीम केकेआर के कप्तान के रूप में भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। अय्यर ने कहा कि वह अपनी भूमिका पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि केकेआर जैसी प्रतिष्ठित टीम का नेतृत्व करने का मौका पाकर मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

आईपीएल एक टूर्नामेंट के रूप में विभिन्न देशों और संस्कृतियों के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को एक साथ लाता है और मैं बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से सजी इस टीम का नेतृत्व करने के लिए उत्सुक हूं। अय्यर ने कहा कि मुझे टीम को नेतृत्व करने का मौका देने के लिए मैं के के आर के मालिकों, प्रबंधन और सहयोगी स्टाफ का आभार व्यक्त करता हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि हम अपने लक्ष्य हासिल करने में सफल रहेंगे।

## आईएसएल : ओडिशा और चेन्नइयिन ने ड्रा खेला

वास्को। ओडिशा एफसी और चेन्नइयिन एफसी ने 2-2 गोल से ड्रा खेला जिससे इंडियन सुपर लीग फुटबॉल के सेमीफाइनल में प्रवेश की उनकी रही सही उम्मीदों पर भी पानी फिर गया। दोनों टीमों को सेमीफाइनल की मामूली उम्मीदें बनाए रखने के लिए यह मैच जीतना था। तकनीकी तौर पर भी दोनों भले ही बाहर नहीं हो लेकिन अंतिम चार में पहुंचने की उम्मीदें खत्म ही हो चुकी हैं। चेन्नइयिन के लिए रहीम अली ने दूसरे मिनट में गोल किया जबकि जावी हर्नांडिज ने 18वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। दूसरे हाफ में ओडिशा के लिए जोनाथस क्रिस्टियन ने 51वें मिनट में गोल किया जिसे नेरिजुस वालस्किस ने चेन्नइयिन के लिए गोल करके मैच ड्रॉ कराया। चेन्नइयिन 17 मैचों में 20 अंक लेकर आठवें स्थान पर है जबकि ओडिशा इतने ही मैचों में 22 अंक के साथ सातवें स्थान पर है।

# दो साल बाद रणजी ट्राफी की वापसी

## ●मुकाबले आज से, 38 टीमें भाग लेंगी

## ●रहाणे व पुजारा जैसे खिलाड़ियों को टेस्ट कैरियर संवारने को मिलेगा मौका

**भाषा** । अहमदाबाद





**कोविड-19** की स्थिति में सुधार के बाद भारतीय क्रिकेट की रीढ़ रणजी ट्रॉफी की दो साल बाद गुरुवार को बायो बबल में वापसी होगी जिसमें कई घरेलू क्रिकेटरों को लंबी अवधि की क्रिकेट में अपना जलवा दिखाने तो अंजिक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को अपने टेस्ट कैरियर की संभावनाओं को बरकरार रखने का मौका मिलेगा। प्रतियोगिता में 38 टीमें भाग लेंगी और ऐसे में बायो बबल में हर तरह की तैयारियां करना चुनौती है।

सभी की निगाहें मौजूदा चैंपियन सौराष्ट्र और 41 बार के विजेता मुंबई के बीच होने वाले मैच पर टिकी रहेंगी जिसमें रहाणे और पुजारा आमने-सामने होंगे।

इन दोनों का लक्ष्य बड़ा स्कोर बनाना होगा क्योंकि टेस्ट स्तर पर वह पिछले लंबे समय से ऐसा नहीं कर पाए हैं। रहाणे और पुजारा को तुरंत ही प्रभाव छोड़ना होगा क्योंकि श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा जल्द की जानी है। एलीट वर्ग में कुल आठ ग्रुप बनाए गए हैं जिसमें से प्रत्येक ग्रुप में चार टीम रखी गई हैं जबकि प्लेट ग्रुप में छह टीम हैं। एकमात्र प्री क्वार्टर फाइनल को छोड़कर नॉकआउट चरण के मैच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाद 30 मई से शुरू होंगे।

# पाक दौरे और आईपीएल के शुरुआती चरण से बाहर रहेंगे ग्लेन मैक्सवेल

**भाषा** । मेलबर्न



**आस्ट्रेलियाई** आलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल अगले महीने वैवाहिक बंधन में बंधने जा रहे हैं जिसके कारण उनका पाकिस्तान दौरे और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुरुआती मैचों से बाहर रहना तय है। मैक्सवेल ने कहा कि कार्यक्रम में बदलाव के कारण तिथियों में टकराव होना तय था।

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने विराट कोहली और मोहम्मद सिराज के अलावा मैक्सवेल को भी रिटेन किया था। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ कैनबरा में तीसरे टी-20 मैच के बाद कहा, शुरू में जब मैंने क्रिकेट आस्ट्रेलिया के साथ तिथियों को लेकर बात की तो दो सप्ताह का अंतर था जिसमें मुझे संभावित रूप से समय मिल जाता। मैक्सवेल ने कहा, इसलिए जब मैंने तिथियों पर अंतिम फैसला किया तो मैं खुश था कि मुझे किसी श्रृंखला से बाहर नहीं रहना पड़ेगा। इसके बाद पिछले साल जब मैं (क्रिकेट आस्ट्रेलिया की) अनुबंध संबंधी बैठक में आया तो उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला होगी।

आईपीएल के मार्च के आखिरी सप्ताह में शुरू होने की संभावना है जबकि आस्ट्रेलिया का पाकिस्तान का सीमित ओवरों की श्रृंखला का दौरा 29 मार्च से शुरू होगा। मैक्सवेल और उनकी भारतीय मूल की मंगेतर विनी रमन 27 मार्च को परिणय सूत्र में बंधेंगे।

## ओलंपिक की तैयारी के लिए साइ ने 398 कोचों की नियुक्ति की

**नई दिल्ली** । भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने घोषणा की कि उसने पेरिस और लॉस एंजिलिस ओलंपिक समेत महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों की तैयारी के लिए 21 खेलों में विभिन्न स्तरों पर 398 कोचों की नियुक्ति की है। कोचों और सहायक कोचों में कई जाने माने नाम है जिनमें एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता नौकायन खिलाड़ी बजरंग लाल ताखड़ शामिल है। वह अब नौकायन कोच होंगे।

राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप स्वर्ण पदक विजेता शिल्पी शेरोन कुश्ती में सहायक कोच होंगी जबकि ओलंपियन जिंसी फिलीप एथलेटिक कोच होंगी। प्रणामिका बोरा मुक्केबाजी कोच होंगी।

खेल मंत्रालय ने ओलंपिक 2024 और 2028 समेत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों की तैयारी कर रहे खिलाड़ियों को 360 डिग्री सहायता देने के प्रयासों के तहत नियुक्तियां की है।

# टी-20 रैंकिंग : राहुल चौथे और कोहली 10वें स्थान पर बरकरार

**भाषा** । दुबई



**भारतीय** सलामी बल्लेबाज केएल राहुल और पूर्व कप्तान विराट कोहली बुधवार को जारी आईसीसी पुरुष टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में क्रमश: चौथे और 10वें स्थान पर बने हुए हैं। गेंदबाजों और आलराउंडरों की सूची में कोई भी भारतीय शीर्ष 10 में शामिल नहीं है। आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के हाल के अच्छे प्रदर्शन के कारण गेंदबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के तबरेज शम्सी इस सूची में शीर्ष पर हैं।

वनडे रैंकिंग में कोहली और रोहित शर्मा बल्लेबाजी में क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम शीर्ष पर हैं। भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव की रैंकिंग में सुधार हुआ है। सूर्यकुमार ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे में 64 और अय्यर ने तीसरे वनडे में 80 रन बनाकर भारत की श्रृंखला में 3-0 से जीत में अहम भूमिका निभाई थी। ऋषभ पंत ने भी तीसरे मैच में अर्धशतक जड़ा था जिससे वह 469 अंकों के साथा 71वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

गेंदबाजों की सूची में भारतीय तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह सातवें स्थान पर बने हुए हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ नौ विकेट लेने वाले प्रसिद्ध कृष्णा 50 स्थान की छलांग लगाकर 44वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# शीतकालीन ओलंपिक में भारतीय अभियान का निराशाजनक अंत

## ●एकमात्र खिलाड़ी आरिफ स्लैलम स्पर्धा में रेस पूरी करने में असमर्थ रहे

**भाषा** । बीजिंग

**शीतकालीन** ओलंपिक खेलों में भाग ले रहे भारत के एकमात्र खिलाड़ी अल्पाइन स्कीयर आरिफ खान बुधवार को यहां पुरुषों की स्लैलम स्पर्धा में रेस पूरी नहीं कर पाए जिससे इन खेलों में देश के अभियान का निराशाजनक अंत हुआ।

जम्मू कश्मीर के बारामुला जिले के 31 वर्षीय आरिफ जाइंट स्लैलम में रविवार को 45वें स्थान पर रहे थे लेकिन वह यांकिंग नेशनल अल्पाइन स्कीइंग सेंटर में स्लैलम स्पर्धा में पहली रेस ही पूरी नहीं कर पाए। शीतकालीन ओलंपिक में पदार्पण कर रहे आरिफ पहली रेस पूरी नहीं कर पाने के कारण दूसरी रेस में भाग नहीं ले पाए। इस स्पर्धा में 88 खिलाड़ियों ने भाग लिया था जिनमें से केवल 52 ही रेस पूरी कर पाए जो दूसरी रेस में भाग लेंगे। आरिफ ने बहुत अच्छी शुरुआत की।

उन्होंने पहले चरण को 14.40 सेकेंड और दूसरे चरण को 34.24 सेकेंड में पूरा किया लेकिन अंतिम चरण को पूरा करने में नाकाम रहे। ऑस्ट्रिया के योहान्स स्ट्रोल्ज 53.92 सेकेंड के समय के साथ पहली रेस में सबसे तेज स्कीयर थे।

नॉर्वे के हेनरिक क्रिस्टोफर्सन (53.94 सेकेंड) और सेबेस्टियन फास सिलेवाग (53.98 सेकेंड) क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

शीतकालीन ओलंपिक की दो स्पर्धाओं के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय आरिफ ने जाइंट स्लैलम स्पर्धा में कुल दो मिनट 47.24 सेकेंड का समय निकाला था और वह 45वें स्थान पर रहे थे।

## साकेत, रामकुमार, प्रज्वल निक्की बेंगलुरू ओपन के युगल क्वार्टर फाइनल में

**बेंगलुरू** । साकेत माइनेनी और रामकुमार रामनाथन की भारतीय जोड़ी ने हमवतन युकी भांबरी और दिविज शरण को सीधे सेटों में हराकर बेंगलुरू ओपन 2 एटीपी चैलेंजर टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पिछले सप्ताह बेंगलुरू ओपन वन युगल खिताब जीतने वाले साकेत और रामकुमार ने युकी और दिविज को 6-1, 7-5 से हराया।

वाइल्ड कार्डधारी प्रज्वल देव और निकी पूनाचा ने बेहतर रैंकिंग वाले कनाडा के स्टीवन डिएज और जापान के रियो नोगुची को 6-2, 6-4 से मात दी।

अर्जुन खाड़े और आस्ट्रिया के अलेक्जेंडर एरलेर ने रूस के बोगडान बोबरोव और चेक गणराज्य के डोमिनिक पालान को 6-0, 6-3 से हराया। पुरुष एकल में शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर वुकिच और छठी वरीयता प्राप्त मैक्स परसेल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

# मैनचेस्टर सिटी ने स्पोर्टिंग को दी करारी शिकस्त

**चैंपियन्स लीग फुटबॉल**

**एपी** । लिस्बन


स्पोर्टिंग के खिलाफ गोल करने के बाद बेर्नाडो सिल्वा के साथ जश्न मनाते स्टर्लिंग

**मैनचेस्टर** सिटी ने बेहतरीन खेल का नजारा पेश करके चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में स्पोर्टिंग को 5-0 गोलों से करारी शिकस्त देकर अपने प्रतिद्वंद्वी के प्रशंसकों को भी तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया।

सिटी ने पहले हॉफ में ही चार गोल दाग दिए थे। जब फिल फोडेन ने तीसरा गोल दागा तो अपने घरेलू मैदान पर खेल रहे स्पोर्टिंग के प्रशंसकों ने भी सिटी के लाजवाब खेल की प्रशंसा की। सिटी का प्रदर्शन इतना अच्छा था कि स्पोर्टिंग के प्रशंसकों ने पूरे मैच के दौरान उसका आनंद उठाया।

सिटी की तरफ से गोल वर्षा की शुरुआत सातवें मिनट में रियाद महरेज ने की। रेफरी ने रेफरल में लंबी समीक्षा के बाद ही यह गोल दिया। बर्नांडो सिल्वा ने 17वें और 44वें मिनट में गोल किए जबकि फोडेन ने इस बीच 32वें मिनट में गोल दागा। इस तरह से सिटी ने पहले हॉफ में 4-0 से बढ़त हासिल कर ली थी। टीम की तरफ से पांचवां गोल रहीम स्टर्लिंग ने 58वें मिनट में किया।

## काइनल एमबापे के गोल से पीएसजी ने रीयल मैड्रिड को हराया

**पेरिस** । लियोनेल मेसी के पेनल्टी पर गोल करने में नाकाम रहने के बाद उनके साथी काइलन एमबापे ने दूसरे हॉफ के इंजुरी टाइम में एकल प्रयास से गोल दागा जिससे पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 के मैच में रीयल मैड्रिड को 1-0 गोल से हराया। एमबापे ने इस सत्र में फ्रांसीसी लीग में कई बार अंतिम क्षणों में गोल करके पीएसजी को अंक दिलाए और उन्होंने फिर से ऐसा कमाल किया।

पहले चरण के इस मैच के इंजुरी टाइम के चौथे और अंतिम मिनट में स्थानापन्न नेमार से पास मिलने के बाद एमबापे ने दो रक्षकों को छकाकर गोलकीपर थिबॉट कूर्टिस के पांवों के बीच से गेंद गोल में डाली।

इससे पहले खेल के 61वें मिनट में दानी कार्वाजल के फॉउल के कारण पीएसजी को पेनल्टी मिली थी लेकिन कूर्टिस ने अपने बाएं तरफ डाइव लगाकर मेसी का शॉट रोक दिया था। दूसरे चरण का मैच नौ मार्च को खेला जाएगा।

# सानिया और हरडेका की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में

**दुबई टेनिस चैंपियनशिप**

**भाषा** । दुबई

**भारतीय** टेनिस स्टार सानिया मिर्जा और चेक गणराज्य की उनकी जोड़ीदार लूसी हरडेका ने संघर्षपूर्ण जीत के साथ दुबई टेनिस चैंपियनशिप के महिला युगल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

सानिया और हरडेका ने मंगलवार की रात खेले गए मैच में चीनी ताइपे की चान हाओ चिंग और नीदरलैंड की दुनिया में 12वें नंबर की डेमी शूर्स को एक घंटे 55 मिनट में 7-6, 5-7, 11-9 से हराया।

सानिया और हरडेका को इस प्रतियोगिता में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला है। इस डब्ल्यूटीए 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला जापान की शुको आओयामा और सर्बिया की एलेक्जेंड्रा क्रुनिच से होगा। सानिया ने इससे पहले 2013 में अमेरिका की बेथानी माटेक सैंड के साथ यहां खिताब जीता था। भारत की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी सानिया ने पिछले महीने घोषणा की थी कि 2022 उनका आखिरी सत्र होगा।

## वर्डास्को अगले दौर में पांचवीं वरीय गारिन बाहर

**रियो डी जेनेरियो** । स्पेन के फर्नांडो वर्डास्को ने सर्बिया के दुसान लाजोविच को 7-6 (4), 6-3 से हराकर रियो ओपन क्ले कोर्ट टेनिस टूर्नामेंट के अंतिम 16 में प्रवेश किया। एक समय विश्व के शीर्ष 10 खिलाड़ियों में शामिल रहे 38 वर्षीय वर्डास्को लगातार चोटिल रहने के कारण अब 172वें स्थान पर खिसक गए हैं। यह 2019 के बाद से एटीपी 500 प्रतियोगिता में उनकी पहली जीत है। वह अगले दौर में अर्जेंटीना के फेडरिको कोरिया से भिड़ेंगे।

कोरिया ने एक अन्य मैच में चिली के पांचवीं वरीयता प्राप्त क्रिस्टियन गारिन 6-2, 6-0 से पराजित किया। आठवीं वरीयता प्राप्त अल्बर्ट रामोस विनोलास भी आगे बढ़ने में सफल रहे। उन्होंने अर्जेंटीना के जुआन लोनडेरो को 6-3, 6-4 से शिकस्त थी। स्पेन के इस खिलाड़ी का अगला मुकाबला हमवतन पाब्लो एंडुजार से होगा। अर्जेंटीना के फेडेरिको डेलबोनिस ने कोलंबिया के डेनियल गैलन को 3-6, 6-3, 6-2 से हराया। अब उनका सामना स्पेन के 18 वर्षीय कार्लोस अल्कराज से होगा।

इटली के छठी वरीयता प्राप्त लोरेंजो सोनेगो ने सर्बिया के लास्लो जेरे को 6-2, 6-0 से शिकस्त दी। उन्हें अब सर्बियाई मिओमिर केकमानोविच से भिड़ना है। इटली के अन्य खिलाड़ी फैबियो फोगनिनी ने अर्जेंटीना के फेसुंडो बैगनिस को 6-2, 6-4 से पराजित किया। उनका सामना अब चौथी वरीयता प्राप्त पाब्लो कारेनो बुस्टा से होगा। ब्राजील के थियागो मोंटेइरो ने अर्जेंटीना के सेबस्टियन बेज को।-6, 6-4, 6-4 से हराकर स्थानीय प्रशंसकों को जश्न मनाने का मौका दिया।

## कोर्डा और मानेरिनो की आसान जीत, क्वेरी बाहर

**डेलरे बीच** । सेबेस्टियन कोर्डा और एड्रियन मानेरिनो ने आसान जीत के साथ डेलरे बीच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अंतिम 16 में प्रवेश किया। पिछले साल के उप विजेता और पांचवीं वरीयता प्राप्त कोर्डा ने थनासी कोकिनाकिस को 6-4, 6-1 से जबकि सातवीं वरीयता प्राप्त मानेरिनो ने क्वालीफायर लियाम ब्रॉडी को 6-2, 6-3 से पराजित किया। जैक सॉक भी आगे बढ़ने में सफल रहे। उन्होंने डेनियल अल्टमायर को 2-6, 6-3, 6-4 से हराया। उनका अगला मुकाबला दूसरी वरीयता प्राप्त रीली ओपेल्का से होगा। अन्य मैचों में मार्कस गिरोन ने टेनीस सैंडग्रेन को 7-5, 6-3 से, डेनिस इस्तोमिन ने अनुभवी सैम क्वेरी को 6-1, 7-6 (5) से, स्टीफन कोजलोव ने एमिलियो गोमेज को 4-6, 7-5, 6-3 से और मिशेल क्रुएगर ने जॉर्डन थॉम्पसन को 6-2, 6-4 से पराजित किया। क्वेरी पिछले साल विंबलडन के पहले दौर में जीत दर्ज करने के बाद कोई मैच नहीं जीत पाए हैं। उन्होंने टूर स्तर पर पिछले सभी 10 मैच गंवाए हैं।